सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू. | 26.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.8 न्यू. | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80218.37 |
| निफ्टी | 24328.50 |
| सोना | 97,530 |
| चांदी | 99, 044 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सड़क सुविधा से जोड़ेंगे प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थलों को: बाली


पृष्ठ 5 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 29 अप्रैल 2025 | 17 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 120, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (दिल्ली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### चंबा में लगे भूकंप के झटके, 2.7 रही तीव्रता



**शिमला।** हिमाचल के चंबा जिले में सोमवार तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप सुबह 5 बजकर 41 मिनट पर आया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र चंबा में 32.79 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.20 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित रहा। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे रिकॉर्ड की गई। (अनंत ज्ञान)

### वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ कानून के खिलाफ दायर की गई नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हम इस मुद्दे से जुड़ी सैकड़ों याचिकाओं को नहीं सुन सकते। केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी। याचिकाकर्ता हस्तक्षेप आवेदन दायर करें। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सैयद अलो अकबर के वकील से कहा कि वह लंबित पांच मामलों में हस्तक्षेप आवेदन दायर करें, इन याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पांच मई को सुनवाई होगी। (अनंत ज्ञान)

### केरल: राजभवन, सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास, राजभवन, सरकारी कार्यालयों और एक हवाई अड्डे को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो महज अफवाह साबित हुई। पुलिस ने बताया कि अलग-अलग विभागों को धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हुए। पुलिस ने सभी स्थानों और सचिवालय में गहन जांच की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

### इलाहाबादिया को पासपोर्ट लौटाए जाने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को उसका पासपोर्ट वापस लौटाए जाने की अनुमति दे दी, ताकि वह काम के सिलसिले में विदेश यात्रा कर सके। असम और महाराष्ट्र सरकारों ने कहा कि इलाहाबादिया के खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है, जिसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शर्त में ढील दी। पीठ ने इलाहाबादिया से कहा कि वह अपना पासपोर्ट वापस पाने के लिए महाराष्ट्र साइबर पुलिस ब्यूरो से संपर्क करे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- लिवर की बीमारी का सिरप सैंपल फेल, विभाग ने दिए स्टॉक वापसी के आदेश -पेज 3
- किसानों की बेदखली को लेकर किया प्रदर्शन -पेज 6
- जनता के सहयोग से ही हटाया जा सकता है आतंकवाद: उमर -पेज 13
- भविष्य के लिए खुद को साबित करना जरूरी: शेन बॉन्ड -पेज 14


# सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र पूर्ण रूप से होगा इलेक्ट्रिक: सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- सबसे पहले हमीरपुर के सरकारी दफ्तरों में होंगे ई-व्हीकल्स

अनंत ज्ञान, सोलन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि आगामी वर्षों में सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र को पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक किया जाए। प्रदेश में ई-वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले चरण में हमीरपुर जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में ई-व्हीकल्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रीन इंडस्ट्री को प्रोत्साहित कर रही है। पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है और यह हिमाचल प्रदेश में निवेश का सही समय है। यह बात सीएम सुक्खू ने सोमवार को सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के गांधी ग्राम में अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस 'नेशनल ट्रक एंड बस मीट' में बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए कही। सरकार पर्यावरण संरक्षण और सत्त विकास पर विशेष ध्यान देते हुए पर्यटन अधोसंरचना को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने





सोलन में आयोजित अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जो कार्ययोजना बनाई गई हैं, उसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ और इसके लिए अधोसंरचना का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में बढ़ती पेट्रोल और डीजल वाहनों की संख्या प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रही है। इससे स्वच्छ पर्यावरण पर भारी दबाव पड़ता है, जो गंभीर चिंता का विषय है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल (डॉ.) धनीराम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, विधायक विनोद सुल्तानपुरी व संजय अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### डीजल बसों को ई-बसों में बदल रही सरकार

**सुक्खू** ने कहा कि पर्यटकों सहित प्रदेश के लोगों को क्लीन और ग्रीन ट्रांसपोर्ट प्रदान करने के लिए सरकार चरणबद्ध तरीके से डीजल बसों को ई-बसों में बदल रही है। एचआरटीसी ने 412 करोड़ की लागत से 297 इलेक्ट्रिक बसें खरीदने के लिए टेंडर जारी किए हैं और 124 करोड़ रुपए की लागत से बस अड्डों पर चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 और ई-बसें खरीदी जाएंगी। प्रदेश में छह ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए गए हैं तथा इन कॉरिडोर में सरकार 41 अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने जा रही है।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- केंद्र ले एक्शन

## मसले को बताया गंभीर, केंद्र बोला- नए नियमों पर काम जारी

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को उचित कदम उठाने के आदेश दिए।



**केंद्र और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं, फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका में ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया पर विभिन्न आपत्तिजनक, अश्लील और अभद्र सामग्री के प्रदर्शन के संबंध में एक महत्वपूर्ण चिंता जताई गई है। (अनंत ज्ञान)

### इन प्लेटफॉर्म्स पर लगानी होगी लगाम

**पीठ** ने कहा कि याचिका में उठाया गया मुद्दा एक नीतिगत मामला है, यह केंद्र सरकार के नीतिगत क्षेत्र में है। एडवोकेट विष्णु जैन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सोशल मीडिया पर जो सामग्री बिना किसी प्रतिबंध के चल रही है, मैंने उसका उल्लेख किया है। यह बिना किसी जांच के हो रहा है। मैंने सेकेंड आदि के साथ पूरी सूची भी दी है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिना किसी जांच के क्या दिखाया जा रहा है। एसजी तुषार मेहता ने कहा कि मैं इसे किसी भी तरह से प्रतिकूल रूप से नहीं ले रहा हूं। मेरी चिंता यह है कि बच्चे इस सबके संपर्क में हैं। कुछ नियमित कार्यक्रमों में भाषा आदि ऐसी होती है कि दो आदमी एक साथ बैठकर इसे देख भी नहीं सकते। उनके पास एकमात्र मानदंड यह है कि यह 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए है। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि हां हमने देखा है कि बच्चों को कुछ समय के लिए व्यस्त रखने के लिए फोन आदि दिए जाते हैं। वैसे भी हम विधायिका या कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण करने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। वैसे भी हम नोटिस जारी करेंगे।

# राष्ट्रपति ने बिलासपुर के बागवान हरिमन शर्मा को पद्मश्री से नवाजा

एजेंसी, नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** ने सुजुकी मोटर के पूर्व प्रमुख दिवंगत ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध गायक दिवंगत पंकज उधास और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी समेत 71 प्रमुख हस्तियों को सोमवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। बिलासपुर के घुमारवीं के पनियाला गांव के प्रगतिशील बागवान हरिमन शर्मा को पद्मश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया।

इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों पद्म विभूषण, पद्म



भूषण और पद्म श्री के लिए नामित किया था। इनमें से 71 को सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में ये पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि शेष को शीघ्र ही एक अलग समारोह में ये अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्देशक शेखर कपूर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डी. नागेश्वर रेड्डी, वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण को पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। सुजुकी (मरणोपरांत), सुब्रमण्यम, रेड्डी और मलयालम लेखक एवं फिल्म निर्देशक एमटी वासुदेवन नायर (मरणोपरांत) को पद्म विभूषण मिला। वहीं, कुल 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने 16 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल किए ब्लॉक

## आतंकवादियों को 'चरमपंथी' कहने पर 'बीबीसी' को भेजा पत्र

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत,** सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री के साथ-साथ झूठे एवं भ्रामक बयान प्रसारित करने के आरोप में 16 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल को 'ब्लॉक' कर दिया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर गृह मंत्रालय की सिफारिशों के बाद लिया गया। वहीं, सरकार ने पहलगाम त्रासदी को लेकर अपनी रिपोर्टिंग में आतंकवादियों को 'चरमपंथी' कहने पर 'बीबीसी' को एक औपचारिक पत्र भी भेजा है। केंद्र सरकार ने 'डॉन न्यूज', 'इरशाद भट्टी', 'समा टीवी', 'एआरवाई न्यूज', 'बोल न्यूज', 'रफ्तार', सहित 16 चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, जवानों ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन जारी रखते हुए रविवार रात को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। सेना के अधिकारियों ने बताया कि लगातार चौथी रात थी, जब पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। यह गोलीबारी ऐसे समय में की जा रही है, जब पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत तथा पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार स्थित पाकिस्तानी सेना की चौकियों की ओर से 27-28 अप्रैल की मध्यरात्रि को कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के निकटवर्ती इलाकों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों ने त्वरित और प्रभावी जवाबी कार्रवाई की।

### पुलिस की डोडा में 13 ठिकानों पर छापेमारी

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सोमवार सुबह जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इन कार्रवाइयों का लक्ष्य आतंकियों के ठिकानों का भंडाफोड़ करना है और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों पर कानूनी शिकंजा कसना है। वहीं, श्रीनगर पुलिस ने आतंकियों के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। यह छापेमारी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के ओवरग्राउंड वर्कर्स और उनके सहयोगियों के घरों पर हुई। पुलिस ने बताया कि कुल 63 लोगों के घरों में छापे डाले गए।

### हिमाचल में दो दिन लू चलने की चेतावनी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मैदानी और पहाड़ी क्षेत्र भीषण गर्मी से मैदान तपने लगे हैं। प्रदेशभर में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा और अधिकतम तापमान में उछाल आया। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर दर्ज किया गया। सोमवार को सुंदरनगर में अधिकतम तापमान 36.2, भुंतर में 34.5, धर्मशाला में 32.0, ऊना में 41.6, नाहन में 34.5, सोलन में 32.2, कांगड़ा में 36.6, मंडी में 35.6, बिलासपुर में 36.0, चंबा में 32.5, सेऊबाग में 31.1, धौलाकुआं में 34.8, बरठीं में 35.3, बंजौरा में 32.1 डिग्री दर्ज किया गया।

# शिक्षा निदेशालय के गठन पर अपना फैसला वापस नहीं लेगी सरकार: रोहित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिक्षा** निदेशालय का गठन बरकरार रहेगा, जिसमें किसी तरह का नया फैसला नहीं होगा और सरकार अपने फैसले पर अडिग है। सरकार इस मामले में न ही पुनर्विचार करेगी।



यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सचिवालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि हड़ताल में उस दिन कौन-कौन से शिक्षक शामिल थे, उसकी जानकारी ली जा रही है। स्कूलों में हाजिरी का रिकॉर्ड भी चेक किया जा रहा है। सरकार का फैसला एकदम सही है और इसे वापस नहीं लिया जाएगा। बता दें कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर उतरे प्राइमरी टीचर फेडरेशन (पीटीएफ) ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। पिछले दो दिन पहले पीटीएफ के राज्य अध्यक्ष सहित 6 शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। बावजूद इसके शिक्षक अपना आंदोलन वापस लेने को तैयार नहीं हैं। शिक्षकों ने तीसरे दिन भी शिक्षा निदेशालय में क्रमिक अनशन जारी रखा। तीसरे दिन शिमला जिले के 6 शिक्षक क्रमिक अनशन पर बैठे रहे।

### मांगें न माने जाने तक जारी रहेगा क्रमिक अनशन : जगदीश

प्रदेश शिक्षा विभाग की चेतावनी व निदेशालय के बाहर धरना-प्रदर्शन की अनुमति न मिलने के बावजूद शिक्षकों ने यह आंदोलन किया था। शिक्षा विभाग के निर्णयों का विरोध जताते हुए सचिव शिक्षा के खिलाफ नारेबाजी भी की गई थी। पीटीएफ संघ के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि क्रमिक अनशन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं कर देती।

# भारत और फ्रांस के बीच राफेल डील साइन

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत**-फ्रांस के बीच गेमचेंजर राफेल डील पर मुहर लग गई है। भारत ने 26 राफेल-एम लड़ाकू जेट खरीदने के लिए 63000 करोड़ रुपए का समझौता किया है। भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने डील पर साइन किए। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा। ये विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है। विमानों की खरीद को 23 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में मंजूरी मिली थी। यह मीटिंग पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बुलाई थी। इन विमानों की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी और 2031-32 तक सभी विमान भारत पहुंच जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**2028 में भारत पहुंचेगा पहला फाइटर जेट**



### आईएनएस विक्रांत पर तैनात होंगे राफेल मरीन

**भारत** राफेल मरीन विमानों को आईएनएस विक्रांत पर तैनात करेगा। विमान बनाने वाली कंपनी दसॉ एविएशन ने इन विमानों में भारत की जरूरत के हिसाब से कई बदलाव किए हैं। इसमें एंटी शिप स्ट्राइक, न्यूक्लियर हथियार लांच करने की क्षमता और 10 घंटे तक फ्लाइट रिकॉर्ड करने जैसे फीचर शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी भारत को हथियार प्रणाली, स्पेयर पार्ट्स और एयरक्राफ्ट के जरूरी टूल्स भी देगी।

### तहव्वुर राणा की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ा दी। विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने एनआईए के अनुरोध पर राणा की हिरासत अवधि बढ़ा दी। एनआईए ने राणा को 18 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया और उसकी हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ाए जाने का अनुरोध किया। राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच चेहरा ढककर अदालत में पेश किया गया। अदालत ने अपने पिछले रिमांड आदेश में एनआईए को निर्देश दिया था कि वह राणा की हर 24 घंटे में चिकित्सा जांच कराए और उसे हर दूसरे दिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दे। (अनंत ज्ञान)

**मसला** केंद्र सरकार ने आठ साल पहले दी थी रेल परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति, धरातल पर उतरने के लिए प्रयास शून्य

# ऊना-हमीरपुर सपनों की रेल पर हावी सियासी खेल?

राजेश शर्मा, ऊना

अनंत ज्ञान स्पैशल

**करीब** एक दशक से अधिक समय हो गया, लेकिन हिमाचल की चर्चित ऊना-हमीरपुर ब्रॉडगेज रेल लाइन सपनों की रेल बनकर रह गई है। अब इसमें सियासत हावी होने लगी है। वादा किसी सांसद का था। इसके साथ ही यह सपना किसी पूर्व मुख्यमंत्री ने भी देखा था, लेकिन धरातल पर उतरने के लिए प्रयास शून्य हैं।

आठ साल पहले केंद्र सरकार ने ऊना से हमीरपुर रेल परियोजना की सैद्धांतिक स्वीकृति दी थी। हद तो यह है कि आठ साल से बजट में इसे महज औपचारिक जिंदा रखा गया है। यह प्राथमिकता किसी नेता की नहीं रही है और अब केंद्र ने इसमें हिमाचल की पचास फीसदी हिस्सेदारी की शर्त रखकर इस परियोजना को सियासी फेर में फंसा दिया है। हिमाचल सरकार की यह रेललाइन भले ही प्राथमिकता में नहीं है, लेकिन सियासी तौर पर हिमाचल को हिस्सेदारी की शर्त रखकर कहीं न कहीं लोगों की नजर में केंद्र सरकार ने बीच का रास्ता पकड़ा है। सांसद से जब सवाल होगा तो बहाना अच्छा होगा कि राज्य सरकार नहीं चाहती, क्योंकि राज्य सरकार ने इतनी बड़ी परियोजना में पचास फीसदी हिस्सेदारी की शर्त को पूरा करने में असमर्थता जता दी है। हालांकि, भानुपली से बैरी बिलासपुर रेललाइन के लिए हिमाचल को 25 फीसदी, जबकि नंगल से तलवाड़ा की शत-प्रतिशत केंद्र खर्च वहन कर रहा है। ऊना-हमीरपुर नई ब्रॉड गेज लाइन 2017-18 में स्वीकृत हुई थी। इससे पहले सांसद अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर तक रेल पहुंचाने का लोगों से वादा किया था। ऊना-हमीरपुर नई ब्रॉड गेज लाइन 54.1 किलोमीटर लंबी है। डीपीआर के अनुसार, परियोजना की कुल लागत 5821.47 करोड़ रुपए है, जिसमें 7.37 फीसदी रिटर्न की दर है। भूमि अधिग्रहण पर कुल व्यय 832.49 करोड़ रुपए है। भारत सरकार चाहती है कि हिमाचल सरकार परियोजना की 50 फीसदी लागत लगभग 2910.735 करोड़ रुपए वहन करे। जानकारी के अनुसार हिमाचल सरकार परियोजना की 50 फीसदी लागत साझा करने के लिए सहमत नहीं हुई है।

रेलवे की मानें तो हिमाचल के दो जिलों ऊना और हमीरपुर को रेल लाइन से जोड़ने के संबंध में विस्तृत परियोजना की डीपीआर तैयार कर ली गई है। डीपीआर के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत 3361 करोड़ रुपए है। भारत सरकार चाहती है कि हिमाचल सरकार परियोजना की 50 फीसदी लागत लगभग 2910.735 करोड़ रुपए वहन करे। जानकारी के अनुसार, हिमाचल सरकार परियोजना की 50 फीसदी लागत साझा करने के लिए सहमत नहीं हुई है। रेलवे की मानें तो हिमाचल के दो जिलों ऊना और हमीरपुर को रेल लाइन से जोड़ने के संबंध में विस्तृत परियोजना की डीपीआर तैयार कर ली गई है। डीपीआर के अनुसार, इस परियोजना की अनुमानित लागत 3361 करोड़ रुपए है। (अनंत ज्ञान)

### सांसद सिकंदर ने राज्यसभा में उठाया था मामला

**हिमाचल** से राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में ऊना रेलवे लाइन को हमीरपुर तक बढ़ाने और भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन के लिए समुचित धन का प्रावधान कर इसके कार्य में तेजी लाने का मामला उठाया था। केंद्रीय रेल मंत्री ने सांसद सिकंदर को इसका जवाब दिया था। उन्होंने कहा था कि ऊना से हमीरपुर तक नई रेललाइन की लंबाई 41 किलोमीटर होगी। इस रेललाइन की 3361 करोड़ की डीपीआर तैयार कर ली गई है और डीपीआर केंद्र सरकार के विचाराधीन है। वहीं, विधायक विवेक शर्मा का कहना है कि केंद्र सरकार और सांसद चाहते तो यह रेललाइन बिना शर्त बना सकते थे। शर्त लगाना सीधे तौर पर सियासत करने का प्रयास किया जा रहा है।

### समीर रस्तोगी बने हिमाचल के नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने वरिष्ठ भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी समीर रस्तोगी को प्रदेश का नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स) नियुक्त किया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।



समीर रस्तोगी की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से जारी आदेश के अनुसार, नियुक्ति से संबंधित जानकारी भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सहित सरकार के विभिन्न विभागों को भेज दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### दा रॉयल हैंडलूम शोरूम का अशोक ने किया उद्घाटन



**सुनील कुमार, हमीरपुर।** भोटा चौक के पास दा रॉयल हैंडलूम शोरूम का उद्घाटन सेवानिवृत्त स्कूल प्रधानाचार्य अशोक सोनी ने किया। अशोका ग्लोबल कांप्लेक्स के मालिक अशोक सोनी ने बताया कि दा रॉयल हैंडलूम शोरूम में एक ही छत के नीचे सारा सामान सस्ते दामों में उपलब्ध करवाया जाएगा। इस मौके पर शशि सोनी, पुष्पेंद्र वर्मा, मनोहर कानूनगो, डॉ. नरेश, अमन सोनी, डॉ. रूप लाल, डॉ. अश्वनी, शिवानी, सुरेश कौशल, महिंद्र व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### अमरोह चौक पर 11.64 चिट्टे सहित दो काबू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर पुलिस थाना हमीरपुर के तहत पुलिस की टीम वाहन चैकिंग के दौरान अमरोह चौक पर मौजूद थी, तब पुलिस ने संदीप कुमार पुत्र ईश्वर दास गांव रमेड़ा डाखा भांवला तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी व नरेंद्र कुमार पुत्र विश्न दास गाव होड़ डाखा जाहू तहसील भोंरज के कब्जे से 11.64 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि इन दोनों व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई कर एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अधीन इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच जारी है।

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोटा बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर में 11 केवी अणु माइक्रोवेव फीडर में मरम्मत कार्य के चलते 29 अप्रैल को हमीरपुर शहर और इसके आस-पास के कई क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। बिजली उपमंडल-2 के सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि इस दौरान घरयाना, रेस्ट हाउस, प्रताप होटल, हीरानगर, गंदा नौण, कृष्णा नगर, सेंटर स्कूल, पक्का भरो, श्याम नगर, गोपाल नगर, नडियाना, इनियारा तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रेडक्रॉस यूनिट का 30 को रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में संयुक्त कार्यालय भवन के पंचम तल में स्थित सम्मेलन कक्ष में रेडक्रॉस यूनिट नादौन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 30 अप्रैल को किया जाना है। यह कार्यक्रम डीसी हमीरपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों की अनुपालन में रेडक्रॉस यूनिट नादौन आयोजित कर रही है। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। उन्होंने नादौन वासियों से अपील की है कि सभी स्वयं और मित्रों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, ताकि इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया जा सके।

### सुजानपुर का हो रहा कायाकल्प : कै. रणजीत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह का थाना धमड़ियाना पंचायत के गांव मैहलडू बूथ नंबर-32 में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। विधायक घरद्वार कार्यक्रम के तहत गांव पहुंचे। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा का कायाकल्प हो रहा है। कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं व कुछ का मौके पर ही समाधान किया व अन्य के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

### स्कूलों के भवनों के लिए संपर्क करें अन्य विभाग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले में बंद या अन्य स्कूलों में मर्ज हुए प्राइमरी स्कूलों के भवनों में अन्य विभागों के कार्यालय या संस्थान चलाए जा सकते हैं। इसके लिए इन विभागों को शिक्षा विभाग से संपर्क करना होगा। एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि जिले में बंद या मर्ज हुए 28 प्राइमरी स्कूलों के भवनों को अन्य विभागों के कार्यालयों या संस्थानों के संचालन के लिए दिया जाना है। इन 28 प्राइमरी स्कूलों में से कुछ स्कूलों के भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र चलाए जा रहे हैं। जबकि अन्य भवन अभी खाली हैं। एडीएम ने कहा कि अगर कोई अन्य विभाग इनमें अपने कार्यालय या संस्थान चलाना चाहता है, तो इसके लिए शिक्षा विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### धनेटा-बड़सर व पनियाली-कश्मीर सड़क 31 तक बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन उपमंडल में धनेटा-बड़सर सड़क और पनियाली-कश्मीर सड़क के अपग्रेडेशन एवं मरम्मत कार्य के चलते इन दोनों सड़कों पर वाहनों की आवाजाही 31 मई तक बंद की गई है। डीसी अमरजीत सिंह ने इन दोनों सड़कों को बंद करने के संबंध में अलग-अलग आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि पनियाली-कश्मीर सड़क के अपग्रेडेशन एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 31 मई तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पनियाली-समजल सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। एक अन्य आदेश में डीसी ने कहा कि धनेटा-बड़सर सड़क के अपग्रेडेशन एवं मरम्मत कार्य को भी सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 31 मई तक बंद किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक गलोड़-फाहल-टिप्पर सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने दोनों सड़कों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### अवैध निर्माण पर टीसीपी ने दिए नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल लोहारड़ा, डुग्घा और दबसाई में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों का उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्यों को अंजाम देने वाले चार लोगों को नोटिस जारी किए हैं। टीसीपी विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी अलग-अलग नोटिसों में संबंधित व्यक्तियों को अवैध निर्माण तुरंत बंद करने तथा जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। नियोजन अधिकारी ने इन नोटिस की अनुपालना न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

### छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार एवं कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार ने छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा दोपहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट पहनना, गाड़ी की गति, नशे का सेवन न करना, ट्रैफिक लाइट आदि के बारे में बताया। प्राचार्य शशि बाला ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया व कार्यक्रम समन्वयक विपिन कुमार को भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर और उपमंडल स्तर के न्यायिक परिसरों नादौन तथा बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान अपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट के मामले, धन वसूली के मामले और भूमि विवाद आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद के मामले, बिजली, पानी और टेलीफोन के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण के मामले, वेतन, भत्तों और सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों का भी निपटारा होगा। कुलदीप शर्मा ने बताया कि लोक अदालत में उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है, जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपने मामलों का निपटारा करवाने के इच्छुक लोग 6 मई तक जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कार्यालय हमीरपुर या संबंधित न्यायालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। लोक अदालत से पहले प्री-लोक अदालत सीटिंग में भी इन मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर करवाया जा सकता है।

# निजी भूमि व तीन जंगलों में लगी आग

## 15.14 लाख का नुकसान, फायर ब्रिगेड ने आग बुझाकर 55 लाख की संपत्ति बचाई

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन में रिहायशी मकानों के आस पास तीन जगह आग लगने से करीब 15.14 लाख का नुकसान हुआ है। आग लगने की खबर मिलने पर अग्निशमन केंद्र नादौन की टीम ने तीनों जगह पर आग पर काबू पाकर करीब 55 लाख की संपत्ति का नुकसान होने से बचा लिया है।



आग बुझाती अग्निशमन केंद्र नादौन की टीम।

आग बुझाने वाली टीम में फायरमैन विकेश कुमार, राकेश कुमार, देश राज व राज कुमार आदि शामिल थे। मिली जानकारी के अनुसार नादौन के बेहा गांव में भागों देवी पत्नी सुरेश कुमार के रिहायशी मकान के पास निजी भूमि के जंगल में आग लग गई, जिससे खैर,चीड़ सहित अन्य पेड़ पौधे झुलस गए हैं, जिससे करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। अग्निशमन केंद्र नादौन की टीम ने करीब 20 लाख की संपदा बचा ली है। इसमें स्लेट पोश मकान दो कमरे बरामदा, सिद्वबाड़ी मंदिर, रसोईघर व अन्य संपदा शामिल है। दूसरी घटना गुजरेड़ा गांव में हुई, जहां करीब 5 हजार के पेड़ पौधे झुलस गए हैं। जबकि अग्नि शमन की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग बुझाकर गांव के परवेज मोहम्मद की दुकान, सलीम अकवर व लेख राज का रिहायशी मकान बचा लिए हैं। तीसरी आग की घटना कांगू के मालग गांव में हुई, जहां करीब 9 हजार की वन संपदा को नुकसान हुआ है, जबकि अग्निशमन केंद्र नादौन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाकर व्यासा देवी, विजय कुमार, दलजीत सिंह, सोहण लाल, राजेंद्र कुमार की करीब 25 लाख की संपदा बचाई है। अग्निशमन केंद्र नादौन के अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि आग की घटना की खबर मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंच कर करीब 55 लाख का नुकसान होने से बचा लिया है। (अनंत ज्ञान)

### आग की भेंट चढ़ी 5 कनाल गन्ने की फसल

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर की पंचायत धंगोटा के गांव दखयोड़ा निवासी यशवंत सिंह डटवलिया की गन्ने की फसल जलकर राख हो गई है। आग दोपहर के समय लगी। इसमें यशवंत की लगभग 5 कनाल के करीब गन्ने की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। आगजनी की घटना से करीब एक लाख का नुकसान हुआ है। ढटवालिया ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि पूरे 1 साल की मेहनत पर पानी फिर गया, जब उनको गन्ने की खेत में आग की सूचना दी, तब वह दौड़े-दौड़े अपने खेत की ओर चले आए, लेकिन तब तक लगभग 5 कनाल के करीब रकबा पूरी तरह जल चुका था। गन्ना खेत मलिक का कहना है कि गन्ने की फसल उगाने के लिए कृषि कार्ड पर ऋण भी ले रखा है। स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार से आगजनी से प्रभावित परिवार के लिए मदद की गुहार लगाई है, ताकि पीड़ित व्यक्ति अपने परिवार का पालन पोषण सही तरीके से कर सके। (अनंत ज्ञान)

## जलाड़ी के पास ट्रक में लगी आग, तीन लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, नादौन**



नादौन उपमंडल की पंचायत जलाड़ी के पास नेशनल हाईवे पर एक ट्रक में अचानक आग लग गई। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। मिली जानकारी के अनुसार एक ट्रक सरिया लेकर जा रहा था कि जलाड़ी के पास आधी रात को उसमें अचानक आग लग गई। इस हादसे में ट्रक चालक व क्लीनर बाल-बाल बच गए।

ट्रक में आग लगने की खबर मिलते ही अग्निशमन केंद्र नादौन की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया, अन्यथा काफी नुकसान हो सकता था। हालांकि, तब तक ट्रक का कैविन, ईंजन व टायर जल गया था। आग बुझाने वालों में फायरमैन विकेश कुमार, राकेश कुमार, देश राज व राज कुमार आदि शामिल थे। आग लगने की घटना की पुष्टि करते हुए अग्निशमन केंद्र नादौन के अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया है और ट्रक की बॉडी व उसमें रखा सरिया तथा पांच टायरों को बचा लिया है। आग लगने से ट्रक का करीब 3 लाख का नुकसान हो गया है।

## गोशाला में लगी आग, युवक ने जान पर खेलकर बचाई पशुओं की जान

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

हमीरपुर जिले के भोरंज उपमंडल के गांव गरसाहड़ में सोमवार रात करीब 8 बजे पिंगला देवी पत्नी स्वर्गीय अनिल कुमार की गोशाला में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही गोशाला में अफरा-तफरी मच गई।

उस समय गोशाला में कई मवेशी बंधे हुए थे। आग की लपटें तेज होती देख परिवार के बेटे रितेश कुमार ने साहस का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना सभी पशुओं को बाहर सुरक्षित निकाल लिया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। गरसाहड़ पंचायत के उपप्रधान विकास शर्मा ने बताया कि इस हादसे में परिवार को लगभग अढ़ाई लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आकर गोशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई। साथ ही गोशाला में रखा चारा, लकड़ी, पशुओं का चारा-पानी का सामान, कुछ जरूरी उपकरण तथा अन्य घरेलू सामग्री भी आग में स्वाह हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने में मदद की, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। हालांकि, समय रहते पशुओं को सुरक्षित निकाल लेने से बड़ी राहत मिली है, वरना जान-माल का नुकसान और अधिक हो सकता था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। प्रशासनिक टीम द्वारा जांच की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपने पशुधन व आजीविका को संभाल सकें।

**गोशाला जलकर राख, ढाई लाख रुपए का हुआ नुकसान**

## गर्मियां शुरू, गोशालाओं में पशुओं को नहीं मिल रहा चारा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



प्रदेश सरकार द्वारा गोशाला में पशुओं की देखभाल के लिए प्रति माह एक पशु के लिए 700 रुपए दिए जा रहे हैं, लेकिन फिर भी कुछ एक गोशालाओं में पशुओं के लिए चारा उपलब्ध नहीं हो रहा है। गर्मियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में पशुओं को हरा चारा तो दूर सूखा चारा भी नहीं मिल रहा है। ऐसा नहीं है कि सभी गोशालाओं में पशुओं को चारा नहीं मिल रहा, कुछ एक गोशालाओं में तो पशुओं को बेहतर फीड और अन्य जरूरी चारा भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

पशु पालन विभाग के पास 28 गोशालाएं पंजीकृत हैं, इनमें लगभग 2000 से 2200 पशुओं को रखा गया है। इनमें कुछ गाएं दूध देती हैं और गोशाला संचालकों को महीने में एक से डेढ लाख रुपए की आय भी हो रही है। हालांकि, पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं के बीमार होने पर भी दवाइयां या अन्य उपचार सामग्री भी दी जाती है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या पशुओं को चारा उपलब्ध करवाने की है। अभी हालही में सुजानपुर के खैरी में बनी गोशाला में भी आर्थिक समस्या हो गई, जिसकी वजह से पशुओं को चारे की समस्या हो गई थी। इस गोशाला के लिए डीसी ने राशि उपलब्ध करवाई। बता दें कि जिले में जितनी भी गोशालाएं संचालित की जा रही हैं, वह किसी संस्था या समिति द्वारा संचालित की जा रही हैं। इनमें मंदिरों या अन्य साधनों से गोशालाओं को आय हो रही है, जिससे पशुओं को पालने का खर्च उठाया जा रहा है। गोशालाओं में एक और समस्या मैन पावर की है। गोशाला संचालकों के पास पशुओं की देखभाल करने के लिए आदमी नहीं है और न ही उन्हें देने के लिए वेतन, ऐसे में गोशालाओं के संचालक जैसे-तैसे गोशाला चला रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### लोग एक बार छोड़ने के बाद नहीं देते चारा

**जिले** में जितनी भी गोशालाएं चलाई जा रही हैं, उनमें लोगों द्वारा छोड़े गए पशु रखे गए हैं। लोग गोशाला में छोड़ते समय 5 हजार रुपए व कुछ चारा दे देते हैं, लेकिन उसके बाद कुछ नहीं देते। ऐसे में लोगों को भी चाहिए कि गोशालाओं में चारा उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में गोशाला है, वहां के लोग भी गोशालाओं में चारा आदि दे सकते हैं, जिससे गायों को चारा उपलब्ध हो पाएगा। इस बारे में पशुपालन विभाग के सहायक उपनिदेशक देवेंद्र लाल ने बताया कि गोशालाओं को पशुपालन विभाग की ओर से प्रति पशु 700 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इससे पशुओं को चारा उपलब्ध हो रहा है या नहीं यह गोशाला संचालक ही बता सकते हैं। उन्होंने बताया कि पशु के बीमार होने पर विभाग द्वारा पशुओं का उपचार किया जा रहा है।

### जिले की सबसे बड़ी गोशाला में 250 पशु

**जिले** में सबसे बड़ी गोशाला जाहू में चलाई जा रही है। इसमें 250 से अधिक पशु रखे गए हैं, लेकिन वहां पर भी पशुओं के रखने के लिए जगह कम पड़ती जा रही है। इसके अलावा वहां पर कोई चरागाह नहीं है, जहां से पशुओं को चारा उपलब्ध करवाया जा सके। इसके अलावा गोशाला को जाने वाले रास्ते को भी बंद कर दिया गया है। गोशाला संचालक इस बारे एसडीएम भोरंज से भी मिले, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं हो पाया है। रास्ता बंद होने से गोशाला में चारा या तूड़ी ले जाने में भी दिक्कत हो रही है।

### एनआईटी में तीसरी डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन

## बिजली बोर्ड व रॉयल-11 पहुंचे सेमीफाइनल में



एनआईटी हमीरपुर में चल रही तीसरी डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी व मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

खेलों का जीवन में न केवल युवावस्था, बल्कि हर आयु वर्ग में अहम स्थान है व राष्ट्र में सशक्त, स्वस्थ व समरस समाज निर्माण में खेलों का अहम स्थान है।

यह बात एनआईटी, हमीरपुर में चल रही तीसरी डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में हिमाचल का राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व कर चुके भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने बतौर मुख्यातिथि कही। इससे पहले एनआईटी खेल मैदान पहुंचने पर आयोजक वर्ग ने प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सोनी, प्रो. डॉ. टीपी शर्मा, प्रोफेसर जमाल्टा की अगुवाई में मुख्यातिथि का गर्मजोशी से अभिनंदन किया एवं टोपी व मफलर पहनकर सम्मानित किया। नरेंद्र अत्री ने प्रो. डॉ. सुरेंद्र सोनी व आयोजकों को इस शानदार पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में जल शक्ति विभाग, बिजली विभाग, राजस्व विभाग, एसबीआई बैंक सहित विभिन्न विभागों के विभिन्न आयु वर्ग के अधिकारियों, कर्मचारियों, पूर्व खिलाड़ियों, अधिवक्ताओं, बिजनेसमैन की सहभागिता से सामाजिक समाजस्य, समरसता व स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में एक श्रेष्ठ पहल हुई है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बिजली बोर्ड हमीरपुर ने एनआईटी हमीरपुर की टीम को हराकर व रॉयल-11 ने एसबीआई बैंक की टीम को हराकर सेमी फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। एसबीआई के 20 ओवरों में 170 रन के जवाब में रॉयल 11 ने एक ओवर शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाकर दो विकेट से जीत दर्ज की। संदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। नरेश राणा व पंकज कपूर ने रॉयल 11 के लिए 33-33 रन बनाए।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर के चुनाव आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर खंड इकाई प्रधान देव राज पटियाल ने जानकारी दी है कि हमीरपुर खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव 29 अप्रैल, को पेंशनर भवन, हमीरपुर में पर्यवेक्षक जगदीश चंद शर्मा व तोता राम जंजुआ की देखरेख में संपन्न होंगे। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खंड की आम बैठक में सत्र 2023-25 के आय-व्यय के आंकड़ों को हाउस में अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा व खंड कार्यकारिणी के दो साल की कारगुजारी भी सदस्यों के समक्ष रखी जाएगी। खंड प्रधान द्वारा हमीरपुर खंड के समस्त पेंशनर्स एवं पदाधिकारियों से अपील की है कि खंड इकाई के आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी में कर्मठ, सक्रिय एवं योग्य पदाधिकारियों के चयन के लिए अधिक से अधिक संख्या में चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपना पूरा सहयोग दें।

## पंचायतों को उपतहसील कंज्याण बनाकर भोरंज में शामिल किया, तो जनता करेगी विरोध : भाजपा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पंजोत पंचायत के प्रधान चमन ठाकुर, समीरपुर पंचायत के प्रधान चंद्र मोहन, दरबार पंचायत की प्रधान अंजना चौहान, बराड़ा पंचायत के प्रधान अनिल परमार, समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, महामंत्री संजीव कुमार अन्य ने वर्तमान सरकार से मांग की है कि कि बमसन (टौणी देवी) में शामिल पंचायत को कंज्याण सब तहसील बनाकर भोरंज तहसील में शामिल किया जा रहा है, अगर सरकार इस प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाती है, तो इलाकावासी सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे।

तहसील टौणी देवी की दूरी 7 किलोमीटर है और राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित है और अच्छी बस सुविधा उपलब्ध है तथा कंज्याण व भोरंज की दूरी ज्यादा भी है और इलाका वासियों को हर बार अपना स्थायी पता, आधार कार्ड अपडेट करवाना तथा अन्य राजस्व कार्यों में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा इसलिए जब तक पुनर्सीमांकन नहीं होता, तब तक इन बमसन तहसील वाली पंचायत को यथावत रखा जाए। उन्होंने कहा कि जो प्रस्तावित उपतहसील खोलने की योजना है, तो वह भी किराये के भवन में ही चलेगी क्या सरकार ने कहीं इसके लिए कोई भवन बना दिया है, अगर सरकार इस क्षेत्र की इतनी ही हितैषी है, तो जो निवर्तमान सरकार द्वारा सरकारी भवनों में जल शक्ति विभाग का उपमंडल समीरपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंजोत व आयुर्वेदिक उपस्वास्थ्य केंद्र बराड़ा को पुन: पहले खुले भवनों में खोलें, ताकि इलाका लोगों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से धरातल पर विकास नहीं हो रहा, जबकि कांग्रेसी चाटुकारों को खुश करने के लिए उनके निजी भवनों में कार्यालय खोले जा रहे हैं।

### कसारला उपयोजना का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) के दो सदस्यीय समीक्षा मिशन ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-2 के अंतर्गत निर्मित 1.08 करोड़ रुपए की लिफ्ट सिंचाई उप-परियोजना कसारला का दौरा किया। समीक्षा मिशन में परियोजना निर्माण सलाहकार सुश्री इनागाकी युकारी और विकास विशेषज्ञ सुश्री निष्ठा वेंगुरलेकर शामिल रहे। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान सहित अन्य लोग मिशन टीम के साथ थे। प्रदेश में जाइा कृषि परियोजना के 1010 करोड़ रुपए के दूसरे चरण की जुलाई 2021 में शुरुआत के बाद से अंतरराष्ट्रीय मिशनों का परियोजना क्षेत्र में यह छठा दौरा है। परियोजना की अवधि 2029 तक है, जिसके अंतर्गत 306 उप-परियोजनाओं के तहत 8,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जाएगी तथा 25,000 किसान परिवारों की समृद्धि के लिए फसल विविधीकरण के अनुकरणीय मॉडल स्थापित किए जाएंगे। समीक्षा मिशन के सदस्यों ने परियोजना के वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू, वित्त अधिकारी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में उप-परियोजना की सिंचाई योजना का बुनियादी ढांचा कृषक विकास संघ को सौंपा।

**आयोजन** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने किया मेवा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ

## सीएम ने बड़े प्रोजेक्ट देकर लिखी विकास की गाथा

**अनंत ज्ञान, जाहू**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार देर शाम को जाहू के मेवा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने हमीरपुर के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट मंजूर कर विकास की एक नई गाथा लिखी है। बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज और डे बोर्डिंग स्कूलों जैसे बड़े प्रोजेक्टों के लिए अरबों रुपए का प्रावधान कर मुख्यमंत्री ने जिला हमीरपुर को कई सौगातें दी हैं। मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर में कैंसर केयर संस्थान, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसे बड़े विभागों का प्रावधान किया जा रहा है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सुरेश कुमार बहुत लंबे समय संघर्ष के बाद विधायक बने हैं और उन्होंने क्षेत्र के लिए कई बड़ी परियोजनाएं मंजूर करवाई हैं,



सुनील शर्मा बिट्टू दीप जलाकर मेवा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए।

जिससे यह क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बिट्टू ने स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हेल्दी बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कृत किया। छह माह से एक साल तक के आयु वर्ग में अनन्या को प्रथम, त्रिनय को द्वितीय और अवन खान को तृतीय पुरस्कार दिया गया। एक से तीन साल तक के आयु वर्ग में अवयान प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और दिव्यांश तृतीय रहे। उन्होंने स्वस्थ पशु प्रतियोगिता के विजेता पशुपालकों को भी पुरस्कृत किया तथा यूथ क्लबों को क्रिकेट किट प्रदान किए। इससे पहले, सुनील शर्मा बिट्टू और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए स्थानीय विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू के नलवाड़ मेले का इतिहास काफी पुराना है। लगभग सौ वर्षों से यह मेला मनाया जा रहा है, अब इसे मेवा उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा आरंभ की गई है। उन्होंने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में लगभग साढे पांच सौ करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जाहू में उपतहसील खोली गई तथा औद्योगिक क्षेत्र का कार्य आरंभ किया गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू के आशीर्वाद से ही यह संभव हुआ है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या के विशेषातिथि विशाल कौशल, कमलदेव राव, किरण देवी, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक मंडल सदस्य रोशन लाल शर्मा, एसडीएम शशिपाल शर्मा, मेला कमेटी अध्यक्ष एवं स्थानीय पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा, पूर्व प्रधान चमन लाल शर्मा काकू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव मैहर, मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर आदि मौजूद रहे। सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के जाने-माने लोक कलाकार ईशांत भारद्वाज, कमलजीत वर्मा, कुसुम जस्सी और कई अन्य लोक कलाकारों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### नादौन कॉलेज में पत्रिका नालंदा का हुआ विमोचन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने की। इस समारोह में प्रिंसिपल द्वारा कॉलेज पत्रिका नालंदा का विमोचन किया गया। पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ. मंजू ठाकुर, सह-प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा तथा विभिन्न अनुभागों के प्राध्यापक संपादक और विद्यार्थी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अनिल ने कहा कि कॉलेज पत्रिका छात्रों की सृजनात्मकता, बौद्धिकता और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने संपादन समिति तथा सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयास के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सह प्राचार्य प्रो. कल्पना चड्ढा ने संपादकीय दल विशेष रूप से मुख्य संपादक प्रोफेसर मंजू ठाकुर के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि नालंदा पत्रिका विद्यार्थियों की साहित्यिक, शैक्षणिक और रचनात्मक अभिव्यक्ति को मंच प्रदान करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिभा 1 और 2 मई को बिलासपुर, ऊना दौरे पर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह 1 व 2 मई को बिलासपुर व ऊना जिला के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी व जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान में भाग लेंगी। प्रतिभा सिंह 1 मई को सुबह 8 बजे शिमला से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। बिलासपुर में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक व संविधान बचाओ अभियान में हिस्सा लेंगी। इसके उपरांत 3 बजे ऊना के लिए रवाना होंगी। रात्रि विश्राम ऊना में रहेगा। 2 मई को सुबह 11 बजे ऊना में पारी नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक व जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान में हिस्सा लेंगी।

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दीं परशुराम जयंती की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परशुराम जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम के बुद्धिमता, साहस और प्रतिबद्धता के गुण अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं, न्यायप्रियता और आत्म अनुशासन के मूल्य आज भी प्रेरक हैं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि भगवान परशुराम के गुणों पर चलकर हम आध्यात्मिक और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ सकते हैं।

### दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौके पर मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** चंडीगढ़-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोलर के समीप बीते रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लोकेश (22) पुत्र मिठन निवासी रामपुर-भारापुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार लोकेश हाल ही में शंभूवाला के पास हुए एक सड़क हादसे में मारे गए दो युवकों का घनिष्ठ मित्र था और उनकी असमय मौत से मानसिक रूप से बेहद आहत था। अब खुद लोकेश की इसी तरह दुर्घटना में मृत्यु होने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लोकेश बाइक पर सवार होकर जा रहा था कि कोलर के समीप उसकी बाइक आगे चल रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित हो गई और लोकेश विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन भेजा। डीएसपी पांवटा मानवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिलाओं ने दलाश कूड़ा संयंत्र का किया विरोध



**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी खंड के अंतर्गत दलाश पंचायत के गांव दलाश की महिलाओं ने सोमवार को पंचायत व प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए, दलाश में कूड़ा संयंत्र का कड़ा विरोध किया है। महिलाओं ने इस दौरान बाजार में रैली निकालकर नारेबाजी कर, दलाश में स्थापित कूड़ा संयंत्र में कूड़ा जलाए जाने पर कड़ा विरोध जताया। स्थानीय महिला सुनीता, कृष्णा, रजनी, रंभा, रीता सूद, छाया, सुषमा, लीला सूद, ओजनी, शंकुतला तथा गीता आदि का कहना है कि दलाश स्थानीय आराध्य देवता जोगेश्वर महादेव की पवित्र स्थली है। यहां स्थापित कूड़ा संयंत्र में अत्यधिक कूड़ा जलाए जाने से दलाश का पवित्र वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं, वातावरण में प्रदूषण फैलने से स्कूली बच्चों सहित आम लोगों में बीमारी फैलने का अंदेशा भी बना हुआ है। महिलाओं का कहना है कि इस संयंत्र में आनी खंड की दूसरी पंचायतों से भी कूड़ा यहां पहुंचाया जा रहा है। जिससे कूड़े का ढेर लगने से यहां अवर्णीय गंदगी फैल रही है और लोगों का इधर-उधर चलना दूभर हो गया है। महिलाओं ने इस संबंध में आनी के एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर, कूड़ा संयंत्र को दूसरी जगह स्थापित करने की जोरदार मांग उठाई है।

# लिवर की बीमारी का सिरप सैंपल फेल, विभाग ने दिए स्टॉक वापसी के आदेश

**शुभम राही, बिलासपुर**

- रैबिफलूक्स सिरप लीवर के उपचार में होता है प्रयोग
- ड्रग विभाग बिलासपुर ने कंपनी को जारी किया नोटिस



हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के ग्वालथाई क्षेत्र में स्थित टाइडल लेबोरेटरी लिमिटेड कंपनी द्वारा निर्मित रैबिफलूक्स सिरप का सैंपल जांच में फेल पाया गया है। इस सिरप का प्रयोग मुख्य रूप से लीवर से संबंधित बीमारियों के उपचार में किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। ड्रग्स विभाग बिलासपुर की ओर से निर्माता कंपनी को तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर दिया गया है। विभाग ने कंपनी से यह भी स्पष्ट जानकारी मांगी है कि यह दवा का स्टॉक किन-किन स्थानों पर भेजा गया है। इसके साथ ही सभी संबंधित स्टॉक को तत्काल बाजार से वापस मंगवाने के आदेश दिए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित स्वास्थ्य जोखिम से मरीजों को बचाया जा सके।

ड्रग्स विभाग बिलासपुर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, टाइडल लेबोरेटरी लिमिटेड का सबसे बड़ा स्टोर मुंबई में स्थित है। आशंका जताई जा रही है कि वहां से भी बड़ी मात्रा में इस दवा का वितरण किया गया हो सकता है। विभाग ने कंपनी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है जिसमें देशभर में भेजे गए प्रत्येक स्टॉक का ब्योरा देना अनिवार्य किया गया है। आपको बता दें कि ड्रग्स विभाग बिलासपुर ने रैबिफलक्स सिरप का सैंपल परीक्षण के लिए कोलकाता स्थित सरकारी लैब में भेजा था। जांच के बाद रिपोर्ट में सिरप को गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं पाया गया। रिपोर्ट में फेल पाए जाने की पुष्टि स्वयं ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर, दिनेश शर्मा ने की है। (अनंत ज्ञान)

### मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि, ऐसे मामलों में ढील नहीं : दिनेश

**ड्रग्स** इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार के मामलों में कोई ढील नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माता कंपनी को नियमानुसार जवाब देना होगा और यदि आवश्यक हुआ तो आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास रैबिफलूक्स सिरप की कोई भी शीशी उपलब्ध है, तो उसे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जमा करवा दें। साथ ही, किसी भी तरह के दुष्प्रभाव महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें।

### कंपनियों पर सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**वहीं,** इस घटना ने प्रदेश सहित देशभर में फार्मा सेक्टर की गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मामलों में कंपनियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में मरीजों के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो। फिलहाल ड्रग्स विभाग की कार्रवाई जारी है और सिरप के सभी स्टॉक्स को बाजार से हटाने की प्रक्रिया तेजी से संचालित की जा रही है। आगे की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही तय होगा कि कंपनी पर और कौन-कौन सी सख्त कानूनी धाराएं लगाई जाएंगी।

> रैबिफलूक्स सिरप को सैंपल जांच रिपोर्ट में फेल पाया गया है। विभाग की ओर से निर्माता कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। स्टॉक को तत्काल बाजार से वापस मंगवाने के आदेश भी जारी किए हैं। नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
>
> **-दिनेश शर्मा, ड्रग्स इंस्पेक्टर बिलासपुर।**

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया 'ईसोमसा' के ई-कल्याण पोर्टल का शुभारंभ

# अब घर बैठे करें पेंशन के लिए आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण (ईसोमसा) विभाग के ई-कल्याण पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल हिम-परिवार पोर्टल के अंतर्गत तैयार किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सभी पात्र आवेदक ईसोमसा निदेशालय के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही पेंशन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रदेश सरकार कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुसार कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा के लिए आठ पेंशन योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान इन पैंशन योजनाओं पर 1410 करोड़ रुपइ व्यय किए गए, जिनसे 8 लाख 24 हजार 928 व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। इस वित्त वर्ष के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 37 हजार नए लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। इसके लिए लगभग 67 करोड़ अतिरिक्त व्यय किए जाएंगे। ई-कल्याण पोर्टल को हिम भूमि, हिम परिवार, आधार और पीडीएस राशनकार्ड डाटाबेस से एकीकृत किया गया है।



ईसोमसा के ई-कल्याण पोर्टल का शुभारंभ करते सीएम सुक्खू।

### घर पर प्राप्त होगी जानकारी

**आवेदक** स्वयं या लोकमित्र केन्द्र के माध्यम से https:// himparivar.hp.gov.in/ekalyan वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकता है। आवेदक को प्रमाण-पत्र बनवाने तथा आवेदन करने के लिए कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा। आवेदन की त्रुटियों तथा सत्यापन व स्वीकृति की सूचना भी आवेदक को डिजिटल माध्यम से घर में प्राप्त होगी। निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस डॉ. निपुण जिंदल ने इस अवसर पर पोर्टल की विस्तृत प्रस्तुति दी।

**ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं पात्र आवेदक**

### कई मंत्री और अधिकारी रहे मौजूद

**इस** अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड भवानी सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी, सचिव आशीष सिंह व राखिल काहलों, निदेशक ईसोमसा किरण भड़ाना, विशेष सचिव मुख्यमंत्री डॉ. हरीश गज्जू, अतिरिक्त निदेशक राजीव शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# डीएलएड शिक्षण संस्थान संबद्धता फीस करवाएं जमा : शिक्षा बोर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी डीएलएड शिक्षण संस्थानों से संबद्धता फीस जमा करवाने को कहा है। निजी शिक्षण संस्थान इस फीस को 14 मई तक बिना बिलंव शुल्क के साथ जमा करवा सकते हैं, जबकि इसके बाद 19 मई तक 5000 रुपए लेट फीस भी उन्हें 18 फीसदी जीएसटी के साथ भरनी होगी। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज वैरवा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षक्षिक सत्र 2025-27 के लिए डीएलएड की प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर रहा है।

इस दौरान डीएलएड प्रवेश परीक्षा की मैरिट के आधार पर संबद्धता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों को भी एनसीटीई द्वारा निर्धारित की गई सीटों अनुसार छात्रों का आवंटन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन निजी शिक्षण संस्थानों को एनसीटीई से डीएलएड की मान्यता और शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, केवल वही संस्थान डीएलएड की संबद्धता के लिए शिक्षा बोर्ड के पास आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले शिक्षण संस्थानों को अधिशाषी अभियंता संबंधित लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किया गया नवीनतम भवन सुरक्षा प्रमाणपत्र और मुख्य अग्नि सुरक्षा अधिकारी शिमला द्वारा जारी नवीनतम अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र की प्रति को साथ दर्शाना होगा। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा डीएलएड करवाने को जारी मान्यता पत्र और संस्थान में तैनात स्टाफ की नवीनतम सूची भी सलग्न करनी होगी।

### 37,760 रुपए जमा करवानी होगी संबद्धता फीस

**आवेदन** करने वाले संस्थान को सबद्धता फीस के रूप में 37,760 रुपए जमा करवाने होंगे, जिसमें 30 हजार सबद्धता फीस, दो हजार रुपए आवेदन पत्र की फीस के अलावा 18 प्रतिशत जीएसटी के रूप में 5760 रुपये 14 मई तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा 19 मई तक 5000 रुपए बिलंव शुल्क 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ आवेदन करना होगा।

# कॉन्ट्रैक्ट भर्ती पर रोक सरकार की युवाओं को बेरोजगार रखने की साजिश : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट भर्तियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। लेकिन युवाओं की भर्ती कैसे होगी इसके बारे में कुछ नहीं बताया है। युवाओं को बेरोजगार रखने की यह सरकार की साजिश है। जो सरकार पहले कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी देकर सत्ता में आई, वह सरकार हर दिन नौकरियां खत्म करने के पैंतरे अपना रही है।

सरकार हर दिन नौकरियां न देने, लोगों को नौकरियों से निकालने, वेतन काटने, प्रमोशन रोकने के बहाने खोज रही है। गत अक्तूबर माह में सरकार ने दो साल से खाली पड़े पद समाप्त कर दिए, इसके लिए सरकार द्वारा एक से बढ़कर एक कुतर्क दिए गए लेकिन हुआ कुछ नहीं। उन पदों का कुछ नहीं हुआ। आज भी युवा नौकरी की तलाश में हैं और सरकार ने एक आदेश लाकर किसी भी प्रकार की नौकरी की संभावना ने खत्म कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 25 अप्रैल को सरकार द्वारा एक पत्र जारी करके प्रदेश में सभी प्रकार की अनुबंध आधारित भर्तियों पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह नहीं साफ किया कि आगे भर्तियां कैसे होगी? युवाओं को रोजगार कैसे मिलेगा? क्या सरकार इस नोटिफिकेशन के माध्यम से रोक लगाकर युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहती है।

क्या सरकार अपना बचा हुआ कार्यकाल पिछले दो साल की तरह ही बिना युवाओं को रोजगार दिए निकालना चाहती है? सरकार इसी तरीके से एक नोटिफिकेशन लेकर आती है, लोगों को मिल रही सुविधाओं पर रोक लगाती है और फिर उसकी तरफ मुड़ कर नहीं देखती है। यह सुख की सरकार का यह पुराना तरीका है। आज सरकार द्वारा कॉन्ट्रैक्ट भर्तियां रोकने के बाद आगे क्या कदम उठाएगी इसके बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हैं। चार दिन बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस विषय में कुछ स्पष्ट नहीं किया और प्रदेश भर के युवा राह देख रहे हैं। सुख की सरकार डायरेक्शन और विजन से कोसों दूर है।

जयराम ने कहा कि सरकार किसी तरह दिन काट रही है। अपनी गारंटियों को सुख की सरकार पूरी तरह भूल चुकी है। सरकार किसी की सुनने के बजाय तानाशाही तरीके से लोगों की आवाजों का दमन कर रही है। लोकतंत्र में लोगों की आवाज सुननी होती है उन्हें डराना नहीं होता है।

# सीएम ने एफआरए कैलेंडर किया जारी



मुख्यमंत्री सुक्खू वर्ष 2025-26 के लिए एफआरए कैलेंडर जारी करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

- कैलेंडर में वन अधिकार अधिनियम के तहत विभिन्न गतिविधियों का विवरण शामिल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में वर्ष 2025-26 के लिए एफआरए कैलेंडर जारी किया। कैलेंडर में वन अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष भर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का विवरण दिया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कैलेंडर राजस्व अधिकारियों के लिए मार्गदर्शिका का कार्य करेगा, इसमें प्रत्येक गतिविधि के लिए व्यापक कार्यक्रम की जानकारी दी गई है। इससे प्रदेश में एफआरए से संबंधित कार्यों के लिए बेहतर क्रियान्वयन और निगरानी सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा और अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा उपस्थित थे।

# आयोग की फीस पर पेंच, फैसले का इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अभ्यर्थियों से फीस की कितनी वसूली होगी, इस पर अभी पेंच फंसा हुआ है।

- विज्ञापन जारी करने से पहले होगी स्थिति क्लियर

आयोग ने 600 प्रति आवेदन फीस तय करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा हुआ है। लेकिन इस पर अंतिम मुहर अभी तक नहीं लग पाई है। भंग किए गए आयोग में 360 रुपए हरेक अभ्यर्थी से उसके आवेदन पर फीस की वसूली होती थी। लेकिन तब फीमेल अभ्यर्थियों से फीस नहीं ली जाती थी।

अब क्योंकि राज्य कर्मचारी चयन आयोग का नया ढांचा तैयार हुआ है और तकरीबन ढाई साल से प्रदेश भर के लाखों बेरोजगार भर्ती प्रक्रिया का इंतजार बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### नई भर्तियों की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी

**आयोग** ने नई भर्तियों की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सारी तैयारी कर रखी है। टीजीटी के तीनों फॉर्मेट का विज्ञापन जारी करने के लिए भी मसौदा तैयार रखा हुआ है। इसी सप्ताह उसे जारी किया जाना था। लेकिन, क्योंकि अभी तक राज्य सरकार से फीस के मामले को लेकर स्थिति क्लियर नहीं हो पाई है, इसलिए काम रुका हुआ है।

### आयोग ने प्रति अभ्यर्थी 600 रुपए फीस का भेजा प्रपोजल

**आयोग** के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि फीस को लेकर आयोग ने सरकार को जो प्रपोजल भेजा था, उस पर अभी अंतिम फैसला आना है। जैसे ही फैसला आएगा, सरकार की डायरेक्शन होगी, उसके बाद आयोग पहला विज्ञापन जारी करेगा। आयोग ने 600 प्रति अभ्यर्थी की फीस को लेकर सरकार को प्रपोजल भेजा था।

### 30 तक स्थिति क्लियर होने की संभावना

**भंग** आयोग के समय 360 रुपए आवेदन के लिए अभ्यर्थी से फीस ली जाती थी इसमें रिजर्व कैटेगरी के लिए 120 रुपए और फीमेल के लिए मुकम्मल तौर पर फीस माफ की गई थी। अब क्योंकि नया आयोग गठित हुआ है। उसका रूप स्वरूप क्या होगा? क्या सरकार फीमेल कैंडिडेट्स से फीस की वसूली करेगी या फिर पुरानी रिवायत को ही बरकरार रखेगी? इस पर स्थिति क्लियर नहीं है। सूत्रों के मुताबिक सरकार इसी सप्ताह इस पर अंतिम फैसला ले सकती है। क्योंकि आयोग विज्ञापन जारी करने के लिए इसी सप्ताह का ऐलान कर चुका है। संबंधित मामला कैबिनेट में जाएगा या फिर इस पर वैसे ही पर्सनल डिपार्टमेंट नोटिफिकेशन जारी कर देगा। यह स्थिति भी 30 अप्रैल तक क्लियर होने की संभावना है।

# पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर उखाड़ने पर शांति बनाए रखें लोग : वीर बहादुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला के कोतवाली बाजार में सड़कों पर लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के झंडे को लेकर एएसपी वीर बहादुर ने लोगों से जिला में शांति बनाए रखने की कि अपील की है। धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में घटी घटना को लेकर लोगों में रोष है, लेकिन सभी को संयम से काम लेना होगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में धर्मशाला के कोतवाली बाजार में स्थानीय लोगों ने दुकानों के बाहर व सड़कों पर पाकिस्तान मुर्दाबाद और पाकिस्तान को आतंकवादी देश करार देने वाले पोस्टर चिपकाए। हालांकि, विरोध उस समय बढ़ गया जब एक अज्ञात युवती बाजार में पहुंची और सड़क पर चिपकाए गए पोस्टरों को हटाने लगी। युवती की इस कार्रवाई से स्थानीय लोग और दुकानदार भड़क गए और उन्होंने युवती से पूछताछ शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती का कहना था कि उसे ये पोस्टर बुरे लग रहे थे, जिसके चलते वह उन्हें हटा रही थी। विवाद उस समय और बढ़ गया जब मौके पर उपस्थित महिलाओं ने भी युवती की हरकत का विरोध किया और जमकर खरी-खोटी सुनाई। भीड़ ने युवती से उसकी पहचान पूछी, लेकिन उसने कोई जानकारी साझा नहीं की।

कोतवाली बाजार व्यापार मंडल के महासचिव शेखर रॉय ने कहा कि स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी भावना प्रकट करते हुए पोस्टर लगाए थे। युवती उन्हें हटाने लगी तो लोगों ने इसका विरोध किया। युवती ने पोस्टर दोबारा चिपकाए और फिर वहां से चली गई। एएसपी ने कहा कि जनता अपने स्तर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने जिला कांगड़ा के लोगों से अपील की कि लोग शांति बनाए रखें। केंद्र सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दिलाई जाएगी। सभी निर्दोषों को न्याय दिलाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है।

**उम्मीद** — सरकार को मौजूदा सुविधाओं पर बोझ से बचने के लिए करना होगा तत्काल निवेश

# प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में आएगा उछाल

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित और तेज वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। गर्मी के इस मौसम में भारी संख्या में पर्यटन हिमाचल का रुख कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन हितधारक संघ के अध्यक्ष मोहिंद्र सेठ ने पहलगाम की घटना को अपने दशकों लंबे करियर में अभूतपूर्व बताया। यह एक दुखद और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है।

इस त्रासदी ने न केवल कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया है, बल्कि पड़ोसी राज्यों उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश पर इसका विपरित असर देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में कश्मीर में पर्यटन में असाधारण वृद्धि देखी गई है। जम्मू और कश्मीर (2024-25) के लिए आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से पता चलता है कि पर्यटकों की संख्या 2021 में 6.65 लाख से बढ़कर 2024 में 34.97 लाख हो गई, जो लगभग 425 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

विदेशी पर्यटकों की संख्या 2021 में 1,600 से बढ़कर 2024 में 43,000 से अधिक हो गई। पूरे जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में 2024 में 2.36 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जिसमें पर्यटन क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में 7.2 प्रतिशत का योगदान देता है। इस बीच, हिमाचल प्रदेश, जो महामारी के दौरान मंदी का सामना कर रहा था, अब अपने पुनरुद्धार का गवाह बन रहा है। राज्य के लिए 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में घरेलू पर्यटकों के आगमन में 2021 में 56.32 लाख से 2024 में 1.8 करोड़ तक की उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई गई, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी 5,000 से 83,000 तक की भारी वृद्धि देखी गई।

पर्यटन अब हिमाचल प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7.78 प्रतिशत का योगदान देता है। एक पूरी पीढ़ी कश्मीर जाने की चाहत में बड़ी हुई, और पिछले तीन वर्षों में ही लोगों का स्वर्ग जाने का सपना सच होने लगा। (अनंत ज्ञान)

### कश्मीर पर्यटन को 15 साल पीछे धकेला

**धर्मशाला** के होटल व्यवसायी शमशेर, संजीव, अश्वनी बामा ने कहा, यह भरोसा बनाने में दशकों लग गए कि आप कश्मीर में सुरक्षित हैं, लेकिन अब यह भरोसा टूट चुका है। इस त्रासदी ने कश्मीर पर्यटन को कम से कम 15 साल पीछे धकेल दिया है। हम कश्मीर में अपने दोस्तों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। अगर वे हिमाचल में अस्थायी रूप से काम करना चाहते हैं, तो हम उनका समर्थन करने के लिए तैयार हैं। हालांकि इस तरह का बदलाव फायदेमंद लग सकता है, लेकिन इससे बुनियादी ढांचे पर बोझ, असमान क्षेत्रीय विकास और भारतीय हिमालय में सुरक्षा की धारणा पर दीर्घकालिक प्रभाव जैसी चिंताएं भी पैदा होती हैं। उन्होंने चेतावनी दी, बदले हुए पर्यटन में उछाल के साथ, सरकार को मौजूदा सुविधाओं पर बोझ से बचने के लिए बुनियादी ढांचे, बेहतर आवास, सड़कों, पार्किंग और परिवहन में तत्काल निवेश करना चाहिए।

# प्लास्टिक बैग के उपयोग, बिक्री और निर्माण पर प्रतिबंध : प्रबोध



मुख्य सचिव राज्य स्तरीय एसटीएफ बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने हिमाचल प्रदेश में एकल उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए राज्य टास्क फोर्स की 5वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है, जिसकी पूरे देश में सराहना हुई है। पॉलीथीन से होने वाले खतरों के कारण सरकार ने राज्य में नॉन-बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों से बने पॉलीथीन और प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग, बिक्री और निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया है।

उन्होंने हितधारक विभागों और सभी उपायुक्तों को उल्लंघन की जांच के लिए प्रत्येक शनिवार को निरीक्षण करने, जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित करने और निदेशक पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन के कार्यालय को मासिक आधार पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

प्रबोध सक्सेना ने सभी उपायुक्तों को वार्षिक रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण करवाने तथा वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विनियमों को लागू करने के निर्देश दिए, ताकि चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा सके। प्लास्टिक पर लोगों को जागरूक करने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए।

गाण्डीवं स्त्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते। न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः॥


**हाथ** से गांडीव धनुष गिर रहा है और त्वचा भी बहुत जल रही है तथा मेरा मन भ्रमित-सा हो रहा है, इसलिए मैं खड़ा रहने को भी समर्थ नहीं हूं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

**वाराणसी** का नाम आते ही भगवान शिव मतलब काशी विश्वनाथ की बात होती है। भगवान भोले की नगरी काशी मंदिरों और गंगा घाटों के लिए भी जानी जाती है। यहां पर हर रोज देश-विदेश से लाखों पर्यटक आते हैं। भगवान शिव के मंदिर काशी विश्वनाथ के अलावा यहां पशुपति नाथ मंदिर भी है, जो काफी प्रसिद्ध है। यह मंदिर नेपाली मंदिर के नाम से भी मशहूर है। काशी के प्रमुख घाटों में एक ललिता घाट पर नेपाल की झलक नजर आएगी। गंगा तट पर पशुपतिनाथ विराजमान है तो पास में ही काशी विश्वनाथ का स्थान। इस लिहाज से दस विद्याओं में शामिल पार्वती अवतार मां ललिता गौरी को समर्पित इस घाट का मान और भी बढ़ जाता है। घाट की सीढ़ियों से ऊपर चढ़ते ही प्रसिद्ध नेपाली मंदिर और ललिता गौरी दरबार है। विशिष्ट काठमांडू-शैली में लकड़ी से बने अनूठे काठ के मंदिर में पशुपतेश्वर महादेव विराजमान हैं। मंदिर की श्रृंगारिक नक्काशी आकर्षित करती है। इस घाट पर गंगतित्य, काशी देवी, ललिता देवी और भगीरथ तीर्थ के भी मंदिर हैं।

# ललिता घाट पर पशुपति नाथ मंदिर

# नेपालियों की आस्था का केंद्र








## नेपाली पुरोहित करते हैं पूजा

**नेपाल** के पशुपतिनाथ मंदिर का दूसरा स्वरूप काशी के विश्वनाथ मंदिर में विराजमान है। इसलिए इसे दूसरा महत्वपूर्ण पशुपतिनाथ मंदिर माना जाता है। इसके महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी बाबा विश्वनाथ के मंदिर में नेपाली पुरोहित पूजा करते हैं। वैसे भी नेपाल से काशी का सैकड़ों वर्ष पुराना नाता रहा है। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी काशी और नेपाल का संबंध महाभारत काल से है। हिंदू और बौद्ध मतावलंबियों ने दोनों जगहों को एक पुल की तरह जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी बनारस से सांसद हैं, इसलिए पशुपतिनाथ और विश्वनाथ के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। बनारस में नेपाल के लोगों का विश्वास है। इसकी वजह यह है कि जब तक शिव के दोनों स्वरूपों का दर्शन नहीं हो जाता, तब तक धार्मिक यात्रा अधूरी मानी जाती है।

## यहां नहीं लागू होता भारत का कानून

**बाबा** विश्वनाथ के शहर बनारस में एक ऐसी जगह है जिस पर भारतीय सरकार का नहीं, बल्कि नेपाली सरकार का अधिकार है। यहां नियम, कायदे, कानून भी नेपाली सरकार के लागू होते हैं। हम बात कर रहे हैं काशी में गंगा किनारे स्थित पशुपतिनाथ मंदिर की। इस मंदिर को लोग नेपाली मंदिर के नाम से भी जानते हैं। यह मंदिर विश्वनाथ मंदिर के करीब ललिता घाट पर स्थित है। भारतीय जमीन पर बना यह मंदिर आज भी नेपाल सरकार की संपत्ति है। इस मंदिर का संरक्षण, देख-रेख, पूजा-पाठ हर चीज का इंतजाम नेपाल सरकार करती है।

## घाट पर है नेपाली मंदिर

**वर्तमान** समय में नेपाली मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम से भी जोड़ दिया गया है। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के अंदर से ही भक्त यहां पहुंच सकते हैं। इसके अलावा ललिता घाट के सीढ़ियों से ऊपर चढ़कर भी लोग इस मंदिर तक आसानी से पहुंच जाएंगे।

## लकड़ियों से बना खास मंदिर

**इस** मंदिर की खास बात यह है कि यह मंदिर पत्थरों से नहीं, बल्कि लकड़ी से तैयार किया गया था और उस पर खूबसूरत नक्काशी भी उकेरी गई है। लोग इस मंदिर को मिनी खजुराहो भी कहते हैं। काशी में बना यह मंदिर भारत और नेपाल के दोस्ती की अनोखी मिसाल है। इस मंदिर में पूजा-पाठ से लेकर सभी अनुष्ठान नेपाल के लोग ही करते हैं।

## नेपाल के राजा ने बनाया था मंदिर


**नेपाल** के राजा राणा बहादुर साहा ने 19वीं सदी के आरंभ इस घाट का निर्माण कराया। वर्ष 1800 से 1804 तक काशी प्रवास के दौरान उन्होंने पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाने का निर्णय लिया। बाद में उनके पुत्र गिरवन युद्ध विक्रम शाह देव ने नेपाली मंदिर, धर्मशाला और ललिता घाट का निर्माण कराया, इसे पूरा होने में दो दशक का समय लगा। मंदिर की देखरेख और संरक्षण अभी नेपाल सरकार के पास है। काशी और नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजन-अर्चन अभी भी नेपाली समुदाय के लोग ही समान परंपरानुसार करते हैं। काशी में मंदिर निर्माण के उद्देश्य से वो यहां आए और प्रवास किया। इस दौरान पूजा पाठ के लिए उन्होंने काशी में नेपाल के वास्तु और शिल्प के अनुसार शिव मंदिर बनवाने का निर्णय लिया। राजा ने गंगा घाट के किनारे मंदिर के निर्माण शुरू कराया, इसी दौरान 1806 में उनकी मृत्यु हो गई। ललिता घाट पर स्थित भगवान पशुपति नाथ का मंदिर नेपालियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसके संरक्षण का काम भी नेपाल सरकार ही करती है। काशी और नेपाल के पशुपति नाथ के मंदिर में बिलकुल एक जैसी परंपरा के अनुसार पूजापाठ भी नेपाली समुदाय के लोग ही करते हैं। मान्यता के अनुसार इस मंदिर में दर्शन-पूजन का फल नेपाल के पशुपति नाथ के दर्शन-पूजन के समान ही मिलता है। बताते चलें कि काशी जहां मां गंगा के तट पर बसी है तो वहीं काठमांडू शहर बागमती नदी के किनारे विकसित हुआ। काशी और नेपाल में स्थित पशुपति नाथ के मंदिर की नक्काशी हू-ब-हू है। मंदिर के भीतर गर्भगृह में पशुपति नाथ के रूप में शिवलिंग स्थापित है।

---

# 21 बार क्षत्रियों पर प्रहार करने वाले परशुराम

## परशुराम जयंती पर विशेष

त्रेता युग में जन्में भगवान विष्णु के छठे अवतार ऋषि जमदग्नि के बेटे ऋषि परशुराम थे। ऋषि जमदग्नि ने पुत्रेष्टि यज्ञ करके देव इंद्र जी की कृपा से पुत्र परशुराम को प्राप्त किया था। वैशाख शुक्ल की तृतीय को इंदौर के गांव मानपुर के पर्वत जानापाव पर स्थित एक छोटी से झोंपड़ी में माता रेणुका व महर्षि जमदग्नि के यहां बालक परशु राम ने जन्म लिया था। बालक का मूलनाम तो राम ही था। बाद में देव शिव द्वारा इन्हें परशु मिल जाने के कारण राम से परशुराम कहलाने लगे थे। धरती पर बढ़ते अत्याचारों के फलस्वरूप ही भगवान विष्णु को छठे रूप परशुराम के अवतार में आना पड़ा था। परशुराम की आरंभिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र व ऋषि ऋचिक के आश्रम से शुरू हुई थी। महर्षि ऋचिक से शारंग नामक दिव्य वैष्णव धनुष व ब्रह्मऋषि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मंत्र प्राप्त किए थे। साथ ही कैलाश गिरिश्रृंग शंकर के आश्रम से ज्ञान प्राप्त करके विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभी नामक परशु प्राप्त किया था। भगवान शिव से उन्हें भगवान कृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र व मंत्र कल्पतरु भी मिला था। भीचक्र तीर्थ तप से प्रसन्न हो कर ही भगवान विष्णु ने इन्हें त्रेता युग में रामावतार होने का वर भी दिया था। शस्त्रों को चलाने में निपुण व महागुरु होने के कारण ही उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ण को भी शिक्षा दी थी। कर्ण के सूत पुत्र होने के कारण व गुरु को अंधेरे में रखने पर ही कर्ण को परशुराम ने शाप भी दे दिया था, जिसके फलस्वरूप कर्ण अर्जुन को नहीं मार पाया था। पौराणिक साहित्य (रामायण, महाभारत, भागवत पुराण व विष्णु पुराण आदि) में परशराम से संबंधित कई कथाएं हैं।



डॉ. कमल के. प्यासा
परुथी, लोअर समखेतर, मंडी

**एक** बार परशुराम की माता रेणुका यज्ञ के लिए गंगा तट से जल लेने को गई थी। वहीं गंगा तट पर गंधर्वराज चित्ररथ अपनी अप्सराओं के साथ जलविहार कर रहे थे। रेणुका चित्ररथ को देखकर उस पर आसक्त हो गईं और यज्ञ का पानी समय पर नहीं पहुंचा पाईं। परिणामस्वरूप क्रोधित होकर जगदग्नि ने आर्य मर्यादा विरोधी आचरण व मानसिक व्यभिचार के चलते (उसे दंड देने के लिए) अपने पुत्रों को उसका वध करने को कह दिया, लेकिन परशुराम के अतिरिक्त कोई भी बेटा मां के वध के लिए आगे नहीं आया। परशुराम ने अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए अपनी माता का सिर काट के उसका वध कर डाला। जब बीच बचाव के लिए परशुराम के दूसरे भाई छुड़ाने आए तो उन्हें भी उसने मार डाला। पिता जगदग्नि आज्ञाकारी बेटे परशुराम पर बहुत खुश हुए और बेटे को वर मांगने को कहा। तब परशुराम ने पिता से सभी को पुनर्जीवित करने तथा वध किए जाने वाली स्मृति को नष्ट करने को कह दिया, क्योंकि परशु राम बड़ा ही दूरदर्शी था और उसे मालूम था कि पिता उसके आज्ञा पालन से खुश होकर जरूर जरूर कुछ वरदान देंगे और वैसे ही हुआ भी। परशुराम की ही दूरदर्शिता के कारण समस्त परिवार बच गया था।

## पिता की आज्ञा से काट दिया था माता का सिर



## एकादश छंदयुक्त शिव पंचत्वारिंशनाम स्तोत्रम् के रचयिता

**परशुराम** का साहित्यिक कार्य किसी से छिपा नहीं है। एकादश छंदयुक्त, शिव पंचत्वारिंशनाम स्तोत्रम् उन्होंने ही लिखा था। परशुराम ने अत्री की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने ही एक शिष्य अंकृत्ववण के साथ मिलकर नारी जागृति अभियान भी चलाया था। अपनी वीरता और शौर्य के बल द्वारा ही उन्होंने अपने तीर को चला कर गुजरात से केरल तक समुद्र को पीछे धकेल दिया था और बताया जाता है कि फिर उन्हीं के द्वारा कोंकण गोवा व केरल को बसाया था। वह प्रकृति संरक्षक, जीव जंतुओं के रक्षक व पशु प्रेमी भी थे और वे उनके दुख दर्द व हाव भाव को भली भांति समझते थे। वह ब्राह्मणों, महिलाओं, बच्चों, बूढ़ों व कमजोरों के प्रति हमेशा सहायता को तैयार रहते थे। उनके द्वारा बाद में अश्वमेध यज्ञ का आयोजन भी किया गया था तथा सप्तद्वीप युक्त पृथ्वी महा ऋषि कश्यप को दान में भी दी गई थी। इतना सब कुछ कर लेने के पश्चात परशुराम ने अपने सभी शस्त्र इंद्र देव के समक्ष त्याग कर दिए थे और महेंद्र पर्वत पर बने आश्रम में रहने लगे थे।

## सहस्त्रार्जुन का किया था वध

**ऐसे** ही एक दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार एक बार हैहय वंशधिपति कार्तवीर्यअर्जुन (सहस्त्रार्जुन), जिसे भगवान दत्तात्रेय द्वारा सहस्र भुजाओं व किसी से भी परास्त न होने का वरदान प्राप्त था, एक बार जंगल में शिकार खेलते-खेलते वह अचानक ही ऋषि जगदग्नि के आश्रम जा पहुंचा। आश्रम में पहुंचने पर ऋषि जगदग्नि द्वारा अपनी चमत्कारी कपिला गाय के सहयोग से राजा का भव्य आदर सत्कार किया गया और राजा सहस्त्रार्जुन भी कपिला गाय के चमत्कारों से बहुत ही प्रभावित हो गए और उसको बलपूर्वक छीन कर अपने साथ लेकर चल दिए। परशुराम को तब उस पर भारी क्रोधित हो गए और उनसे नहीं रहा गया। उन्होंने अपने फारसे से प्रहार करके उसकी सारी भुजाएं ही काट डालीं और फिर उसे मार गिराया। इसका बदला बाद में सहस्त्रार्जुन के बेटों ने परशुराम की अनुपस्थिति में जमदग्नि को मार कर ले लिया। बाद में परशुराम की माता रेणुका भी अपने पति के साथ सती हो गई। इस सबसे परशुराम को भारी आघात पहुंचा और उसने भी समस्त महिष्पती नगरी पर आक्रमण कर के उस पर अधिकार कर लिया। बदले की ही भावना से बाद में भी परशुराम ने क्षत्रियों पर 21 घातक आक्रमण किए थे। इतना ही नहीं उसने हैहय वंशिय क्षत्रियों के रक्त से स्थलत पंचक क्षेत्र के पांच सरोवर भर दिए थे तथा पिता जमदग्नि के श्राद्ध को सहस्त्रार्जुन के पुत्रों के रक्त से संपन्न करने लगा था, पर अंत में ऋषि ऋचिक ने प्रकट हो कर परशुराम को घोर कृत को करने से रोक दिया।

---

# गर्मी की छुट्टियों में चलोटी धार में करें माता सुरगणी के दर्शन

**गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही लोग राहत की तलाश में शांत और प्राकृतिक स्थलों की ओर रुख करते हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश का जोगिंद्रनगर स्थित माता सुरगणी मंदिर एक आदर्श धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। समुद्र तल से लगभग 6000 फुट की ऊंचाई पर चलोटी धार की पहाड़ियों में बसा यह मंदिर न केवल भक्तों की आस्था का केंद्र है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है।**



## हर मनोकामना होती है पूरी

माना जाता है कि माता सुरगणी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। इस मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली है और हर वर्ष हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। डूघ गांव से चलोटी धार-डगू गलू सड़क होते हुए लगभग एक किलोमीटर की पैदल ट्रैकिंग के बाद जब श्रद्धालु माता सुरगणी मंदिर पहुंचते हैं, तो उन्हें न केवल आध्यात्मिक शांति मिलती है बल्कि प्रकृति की गोद में समय बिताने का अविस्मरणीय अनुभव भी मिलता है।

## आसपास हैं कई और मंदिर

**माता** सुरगणी मंदिर कमेटी ने देशभर के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस वर्ष गर्मी की छुट्टियों में अपने परिवार सहित मंदिर में आकर दर्शन करें और माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। कमेटी की ओर से विशेष रूप से बच्चों के लिए यह यात्रा प्रेरणादायक बताई गई है। कमेटी का मानना है कि गांव और धार्मिक स्थलों से जुड़ाव बच्चों को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ता है, जो आज के डिजिटल युग में बहुत जरूरी हो गया है। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में माता सुरगणी मंदिर के अतिरिक्त भभोरी माता मंदिर, बातल देवता मंदिर, चतुर्भुजा माता मंदिर, सिमसा माता मंदिर, कूड महादेव मंदिर, टोन भराड़ी, त्रिवेणी महादेव जैसे अनेक दर्शनीय धार्मिक स्थल हैं, जिनका भ्रमण भी अवश्य करना चाहिए।

## प्रदूषण रहित वातावरण

शहरों की भीड़ और प्रदूषण से दूर हिमाचल प्रदेश का शुद्ध वातावरण, पहाड़ी हवाएं और हरियाली, बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सहायक होती हैं। माता सुरगणी मंदिर कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अनुरोध किया है कि वे इस आध्यात्मिक स्थल की यात्रा करें और यहां की धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव लें।

**प्रस्तुतिः अभिषेक, जोगिंद्रनगर, मंडी**

---

# आस्था का केंद्र महादेवी तीर्थ माता मंदिर कुल्लू

## 1966 में स्वामी सेवक दास ने करवाया था इस मंदिर का निर्माण

कुल्लू घाटी में कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। यहां विभिन्न हिंदू देवी-देवताओं को समर्पित मंदिर हैं और महादेवी तीर्थ माता मंदिर कुल्लू जिले के सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है। इस मंदिर को श्री महादेवी तीर्थ स्थल के नाम से भी जाना जाता है। कुल्लू से 3 किलोमीटर, मनाली से 36 किलोमीटर और नगर से 19 की दूरी पर महादेवी तीर्थ माता मंदिर कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर स्थित है। देवी पार्वती के नाम पर बना महादेवी तीर्थ ब्यास नदी के तट पर स्थित है। महादेवी तीर्थ माता मंदिर की मुख्य देवी पार्वती हैं। उन्हें महादेवी के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1966 में स्वामी सेवक दास नामक एक धर्मपरायण व्यक्ति ने करवाया था। स्वामी कुछ दिन शांति से बिताने और शाश्वत शांति प्राप्त करने के लिए इस खूबसूरत कुल्लू घाटी में आए थे। यहां रहने के दौरान उन्हें पता चला कि देवी महादेवी का निवास इन पहाड़ों में है। ऐसा कहा जाता है कि स्वामी जी जम्मू में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में गए थे और उन्होंने माता के दर्शन किए और माता ने उन्हें कुल्लू वापस जाकर एक गुफा में ध्यान करने के लिए कहा। कहावत के अनुसार यही है वह गुफा थी, जहां उन्होंने तपस्या की थी और भगवान शिव को जीत लिया था। मां के कहने अनुसार सेवक दास सन् 1962 में वापस कुल्लू आए। बहुत सी कठिनाइयों के बाद उन्हें वह गुफा मिल गई, जिसे खोजने के लिए मां वैष्णो ने उनसे कहा था। गुफा खोजने के बाद उन्होंने शिवरात्रि के पावन दिन पर दिव्य मां की शक्ति को स्थापित करने का फैसला किया। सन् 1966 से लोग गुफा को वैष्णो देवी के नाम से भी पुकारते हैं।





शिवालिका ठाकुर
हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

## मंदिर के मुख्य आकर्षण

**मंदिर** का मुख्य आकर्षण वैष्णो देवी जैसी गुफा है। मंदिर नदी के किनारे है, जो मनमोहक दृश्य प्रस्तुत करता है। धार्मिक मन के लिए एक आदर्श स्थान और सुंदर मंदिर पहाड़ को काटकर बनाया गया है। पूरा मंदिर एक संगम रचना में कुल 19 विभिन्न मंदिरों से बना है। अंदरुनी भाग बहुत सुंदर है। इस मंदिर में मानव कल्याण के लिए कई सेवाएं प्रदान की जाती हैं। निशुल्क औषधालय प्रशिक्षित चिकित्सक विशेष रूप से जरूरतमंद और गरीब लोगों को अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। बेसहारा गायों को रखने और उनकी देखभाल करने के लिए एक गोशाला है। यहां चौबीसों घंटे भंडारा लगा रहता है, जहां मंदिर में आने वाले सभी लोगों को भोजन परोसा जाता है। यहां बना पुस्तकालय उन लोगों के लिए ज्ञान का केंद्र है, जो अपनी संस्कृति और आध्यात्मिकता में गहरी रुचि रखते हैं। मंदिर परिसर में एक विश्राम स्थल है। पर्यटक यहां कई दिनों तक रुक सकते हैं और आसपास की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद ले सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी का एमएड पहले व तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट शत-प्रतिशत



अनंत ज्ञान, पठानकोट। श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बढ़ानी पठानकोट में एमएड पहले और तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट बहुत शानदार रहा। ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने हाई एजुकेशन स्टूडेंट्स को बधाई दी। प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सवाल द्वारा मिली जानकारी अनुसार एमएड पहले सेमेस्टर की मनीषा पहले नंबर पर, जोबनप्रीत कौर दूसरे पर, सुप्रिया तीसरे पर रही। तीसरे सेमेस्टर की शल्लू शर्मा पहले नंबर पर, शिवानी दूसरे पर, मिन्नी तिवारी तीसरे नंबर पर रही। एमडी तृप्ता पुंज ने सभी स्टूडेंट्स को तथा उनके माता-पिता बधाई दी और साथ में आने वाले उज्ज्वल विषय की कामना की।

### दधोना सांबा शिव मंदिर के पुजारी का निधन

अनंत ज्ञान, डरोह। प्राचीन दधोना सांबा शिव मंदिर के पुजारी बाबा मंगल गिरि 26 अप्रैल को इस जहान को छोड़ कर चले गए हैं। दधोना सांबा प्राचीन शिव मंदिर कमेटी के प्रधान कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि वह लगभग पिछले 6 साल से दधोना सांबा मंदिर में रह रहे थे। वह लुधियाना पंजाब के मूल निवासी थे। पिछले 6-7 महीने से बीमार चल रहे थे। दधोना सांबा मंदिर कमेटी ने उनकी पार्थिव देह को विधिवत तरीके से मंदिर के पास ही दफना दिया। कमेटी द्वारा उनकी आत्मिक शांति के लिए 11 मई को मंदिर में हवन-यज्ञ किया जाएगा, साथ ही लंगर की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान मंदिर कमेटी प्रधान कुलबीर सिंह राणा, उपप्रधान आत्मा राम, सचिव सतीश राणा व सभी मंदिर कमेटी सदस्य मौजूद रहे।

### मनोज कुंवर की टीम रही पहले स्थान पर

अनंत ज्ञान, पालमपुर। एलआईसी पालमपुर शाखा के सीनियर बिजनेस एसोसिएट मनोज कुंवर की टीम का वार्षिक पारिवारिक मिलन व पुरस्कार वितरण समारोह माता जखनी मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य प्रबंधक परवीन कुमार चौहान ने अभिकर्ताओं और टीम की उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में मनोज कुंवर की टीम ने पालमपुर शाखा में पॉलिसी और प्रीमियम दोनों श्रेणियों में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, शिमला डिविजन में टीम 1019 ने कुल 976 पॉलिसियों के साथ 12वां स्थान, 4.04 करोड़ के साथ 7वां स्थान और विभिन्न श्रेणियों में टॉप 10 में स्थान बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता समर्पण, मेहनत और उत्कृष्ट रणनीति का परिणाम है। मनोज कुंवर ने अभिकर्ताओं की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि पॉलिसी संख्या के आधार पर बंकुराम 59 पॉलिसियों के साथ पहले स्थान पर रहे, जबकि सीमा चौधरी 58, सुनीता कटोच 50, अशोक कटोच 42, संजय सूद 41, कृष्ण कुमार 40, बबलू 35, शोभना सूद 32 और हेमलता 26 पॉलिसियों के साथ शीर्ष स्थान में रहे।

### माउंट कार्मल स्कूल में हुआ अक्षर आरंभ कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, गगल। माउंट कार्मल स्कूल गगल में सोमवार को नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए अक्षर आरंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पालमपुर से आए मुख्यातिथि माउंट कार्मल स्कूल पालमपुर के प्रधानाचार्य फादर जोसफ बेलानाल एवं पालमपुर स्कूल के प्रबंधक फादर बरनीस तथा माउंट कार्मल स्कूल के प्रबंधक फादर मैथ्यू, फादर जॉनसन माउंट कार्मल स्कूल प्रधानाचार्य सिस्टर एनीश ने दीप प्रज्वलित करके की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए जिसमें बच्चों ने सब का मन मोह लिया।

### टीचर्स के निलंबन पर भड़का प्राथमिक शिक्षक संघ

अनंत ज्ञान, भडवार। प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा की महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक दिनांक 27/04/2025 को जिला कांगड़ा के समस्त 23 खंडों के लगभग 100 पदाधिकारी साथियों के साथ जिला अध्यक्ष अनिल भटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश प्राथमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के छह पदाधिकारियों के निलंबन आदेशों संबंधी तानाशाही रवैये पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया व प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया कि शीघ्र ही इन चार पदाधिकारियों के निलंबन को रद्द करके उनकी सेवाओं को बहाल किया जाए अन्यथा आने वाले समय में प्रदेश के समस्त 25000 प्राथमिक शिक्षक उग्र होकर अगला धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे।

### जमीन से बेदखली पर गरजी किसान सभा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल किसान सभा ने सोमवार को जमीन से बेदखली, तालाबंदी के खिलाफ और वन अधिकार कानून 2006 को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हिमाचल किसान सभा जिला कांगड़ा इकाई ने जिला मुख्यालय धर्मशाला में प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान सभा ने पुलिस थाना धर्मशाला से लेकर डीसी कार्यालय तक रैली भी निकाली। किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शन घरों की तालाबंदी व किसानों की जमीन से बेदखली के विरोध में किया जा रहा है। इस दौरान 100 के करीब किसान भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने डीसी के माध्यम से प्रदेश सरकार को मांग पत्र भी दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की बेदखल कर उनके जीने के अधिकार को छीन रही है। आज जिन परिवारों को बेदखल किया जा रहा है वो बहुत ही गरीब व कम भूमि वाले परिवार हैं। सरकार गरीबों को निशाना बनाकर उनके मकानों को सील कर उन्हें बेघर करने का काम कर रही। इसका किसान सभा विरोध करती है। प्रताप सिंह ने कहा कि जमीन की बेदखली को सहन नहीं किया जाएगा। इस पर आम लोगों और गरीबों का हक है। पहले सरकार ने गरीब लोगों द्वारा गुजर-बसर के लिए किए गए कब्जों को हटाने का काम बंद कर दिया, लेकिन अब फिर से वन विभाग की ओर से इन कब्जों को हटाने का काम शुरू किया।

### भलून में गोशाला में लगी आग, जिंदा जली गाय

अनंत ज्ञान, नूरपुर। विधानसभा नूरपुर के तहत आती भलून पंचायत में भी सोमवार को आग ने तांडव मचाया। जानकारी के अनुसार शार्ट सर्किट के कारण लगी आग गेंहू की फसल से गोशाला में पहुंच गई। इससे गुलाम रसूल की गोशाला पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों के प्रयास से गोशाला के अंदर बंधे तीन मवेशियों को निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन एक गाय की जलकर मौत हो गई, दूसरी गाय 90 प्रतिशत जल गई, केवल एक बछड़े को ही सुरक्षित बचाया गया। अग्निशमन विभाग को सूचित करने पर उन्होंने आग पर काबू पाया नहीं तो बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पंचायत के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह ने बताया कि प्रभावित परिवार बहुत ही गरीब है और गायों के सहारे ही गुजर बसर कर रहा था। इसलिए प्रशासन उसकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए यथासंभव मदद करे। वहीं, एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना मिली है। राजस्व विभाग को भेजकर फौरी राहत दे दी गई और बाकी नुकसान का भी आकलन कर राहत प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा।

# पटवार सर्किल लुथान और हिरण लोकार्पित

## विधायक संजय रत्न बोले, विशेष राजस्व अदालतों के आयोजन से हजारों लोग हुए लाभान्वित

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी

विधायक संजय रत्न ने कहा कि राज्य सरकार ने आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रदेश के इतिहास में पहली बार तहसील और उप-तहसील स्तर पर विशेष इंतकाल राजस्व अदालतों का आयोजन आरंभ किया है इससे लोगों को अब बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटने से निजात मिली है।

विधायक संजय रत्न ने सोमवार को नवगठित पटवार वृत लुथान और हिरण का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि पटवार वृत्त लुथान के अंतर्गत लुथान, सुधंगल, कुना और कैथल राजस्व गांव के लोगों को इसका लाभ मिलेगा वहीं पटवार वृत्त हिरण के अंतर्गत हिरण, कलरी, हलेड, चालड, गारनी, लासण, वासण, कालीधार कोहाला इत्यादि राजस्व गांव के लोग शामिल होंगे। विधायक संजय रत्न ने कहा कि विधायक बनने के बाद



पटवार सर्किल लुथान के भवन का लोकार्पण करते ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्न।

**कहा, आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है प्राथमिकता**

उनका प्रथम लक्ष्य आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना रहा है तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों में अच्छी शिक्षा सुविधा मुहैया करवाना था जो कि चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है साथ ही बिजली और पानी की व्यवस्था भी अच्छी करने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को अपना राजस्व संबंधी कार्य करवाने के लिए पहले ज्वालामुखी तहसील जाना पड़ता था परंतु अब उपतहसील कार्यालय भड़ोली में खोला गया है ताकि उनके कार्य घर के समीप ही हो जाए इसके साथ ही बीडीओ कार्यालय सुरानी में खोला गया जिससे अब पंचायत सम्बन्धी कार्य के लिए लोगों को देहरा नहीं जाना पड़ेगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि इन पटवार वृत की मांग काफी समय से विधायक संजय रत्न के सामने रखी जाती थी और आज उनकी यह मांग पूरी होने पर आसपास के कई गांवों को लाभ मिलेगा जिसके लिए उन्होंने विधायक का धन्यवाद किया। विधायक का लुथान और हिरण पंचायत में पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम वासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### गाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, इंदौरा। पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित नागवाड़ी क्षेत्र में फोरलेन का कार्य कर रही मशीन के साथ लगे हेल्पर के गाड़ी के नीचे आने से मौत होने का समाचार प्रकाश में आया है। लगभग तीन-चार घंटे से पठानकोट मंडी क्षेत्र में स्थित नागवाड़ी से जसूर तक भारी यातायात जाम होने से लोग काफी परेशान नजर आए। इस मौके पर उपस्थित मृतक के परिवारों ने फोरलेन कंपनी के मालिक से इस हादसे में मुआवजे की मांग को लेकर जाम जारी रखा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही नूरपुर एसडीएम गुरसिमर व जिला पुलिस अधीक्षक नूरपुर अशोक रतन नूरपुर व डीएसपी विशाल वर्मा नूरपुर मौके पर पहुंचे। खबर लिखे जाने तक पुलिस जाम में फंसे हुए लोगों को निजात दिलाने के लिए मृतक की परिवारों से बातचीत करने में लगी हुई है।

## नूरपुर में आपदा प्रबंधन पर अंतर एजेंसी समूह बनाने पर की चर्चा



बैठक की अध्यक्षता करतीं नूरपुर की तहसीलदार राधिका सैनी।

भूषण शर्मा, नूरपुर

उपमंडलीय आपदा प्रबंधन अंतर-एजेंसी समूह के गठन के उद्देश्य से संयुक्त कार्यालय सभागार में एक बैठक का आयोजन तहसीलदार राधिका सैनी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन जिला अंतर-एजेंसी समूह कांगड़ा के संयोजक हरजीत भुल्लर ने किया। बैठक में उपमंडल स्तर के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उपमंडलीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण समन्वय केंद्र की स्थापना, पंचायत स्तर पर आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र तथा पंचायत आपदा प्रबंधन समितियों के गठन पर चर्चा की गई, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में शीघ्र और समुचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही भूकंप जैसी आपदाओं के जोखिम को कम करने हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संरचनात्मक सुरक्षा तथा लचीले निर्माण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।

बैठक में संस्थागत और घरेलू स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के विकास पर भी जोर दिया गया। प्राथमिक आपदा जोखिम न्यूनीकरण पहचानों को चिन्हित कर उनके कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार की जाएगी, जिसे अक्तूबर 2025 से मार्च 2026 के बीच लागू किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार राधिका सैनी ने कहा कि आपदा-प्रतिरोधी नूरपुर का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी एजेंसियों और समुदायों के साझा प्रयास से ही आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## 60.22 ग्राम चिट्टे के साथ महिला और पुरुष किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पंजाब सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस थाना शाहपुर कंडी द्वारा अमृतसर की रहने वाली एक महिला और एक पुरुष से 60.22 ग्राम चिट्टा जब्त करने में सफलता हासिल की है। इस अवसर पर जानकारी देते हुए शाहपुर कंडी थाने के एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने शाहपुर कंडी के पास नाका लगाया हुआ था तो कॉलेज के साथ लगते एक होटल के पास एक महिला व एक पुरुष खड़े थे, जो पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गए और तेजी से अपने कमरे की ओर जाने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उनके कमरों की तलाशी ली। कमरे में बलबीर सिंह उर्फ काला नामक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक के लिफाफे में कुछ फेंकना शुरू कर दिया। पुलिस ने उस लिफाफे को कब्जे में ले लिया, जिसमें 22 ग्राम सफेद पाउडर मिला। एसएचओ नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क सुविधा से जोड़ेंगे प्रदेश के अनछुए पर्यटन स्थलों को : बाली

### ईको-पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए उठाए जा रहे कारगर कदम

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अधोसंरचना विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है तथा अनछुए पर्यटक स्थलों को सड़क सुविधा के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि पर्यटकों को आवाजाही की बेहतर सुविधा मिल सके। सोमवार को कांगड़ा तथा नगरोटा में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि प्रकृति ने हिमाचल को अलौकिक सौंदर्य से नवाजा है और हिमाचल को मनभावन वादियां देश-विदेश से सैलानियों को आकर्षित करती हैं।



नगरोटा में लोगों की समस्याएं सुनते पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला को टूरिज्म कैपिटल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार कारगर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर, बनखंडी में जूलॉजिकल पार्क, नगरोटा बगवां में ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट एवं हाई एंड फाउंटेन, नरघोटा में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज, आइस स्केटिंग तथा रोलर स्केटिंग रिंक, हेलीपोर्ट निर्माण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वन क्षेत्रों में 11 ईको-पर्यटन स्थल चिन्हित किए गए हैं। इनमें चार ईको पर्यटन स्थल कांगड़ा जिला के पालमपुर वन मंडल में स्वार, सौरभ वन विहार, न्यूगल पार्क, बीड़-बिलिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ईको-पर्यटन स्थल एक हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। आउटसोर्सिंग के माध्यम से विकसित व संचालित किए जाने वाले इन स्थलों के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है।

## मांगें पूरी न होने पर सरकार के खिलाफ होंगे प्रदर्शन : सुरेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला में सोमवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हिमाचल पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के वारिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कार्यकारणी के चुनिंदा लोगों की 9 अप्रैल को कुनिहार में हुई बैठक, जिसमें कांगड़ा के 10 प्रदेश कार्यकारणी के पदाधिकारियों व जिला कांगड़ा के अध्यक्ष व महासचिव को जानबूझ कर न बुलाकर जो तुगलकी फरमान जारी किया कि सुरेश ठाकुर को एसोसिएशन की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए, निष्कासित किया जाता है, जह फैसला केवल प्रदेश के स्वंभू अध्यक्ष और महासचिव का था। क्योंकि वह बैठक ही गैरकानूनी थी और असंवैधानिक थी। इसमें प्रदेश के 7 जिलों के अध्यक्षों व पदाधिकारियों ने हिस्सा ही नहीं लिया और उसमें मान्यता प्राप्त कुछ लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त आदेश को रजिस्ट्रार कोआपरटिव सोसायटी शिमला में चुनौती देकर जो आदेश जॉइंट रजिस्ट्रार न पारित किये हैं, उसमें 9 मार्च से पहले की अथास्थिति बनाये रखने का अंतरिम आदेश पारित हुआ है, जिससे सुरेश ठाकुर की प्राथमिक सदस्ता भी बनी रहेगी और अपने पदों पर भी बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यकारणी के चुनाव पूरे होने के बाद पेंशनर्स की मांगों को सरकार से तय सीमा में मनमाने के लिए फैसला लिया जाएगा और धरना-प्रदर्शन, रैली आदि निकालकर सरकार पर दवाब बनाया जाएगा।

## रजत ने जीती जय बाबा कड़ाहू छिंज मेले की बड़ी माली

अनंत ज्ञान, डरोह

रविवार को प्रथम तीन दिवसीय जय बाबा कड़ाहू छिंज मेले का समापन हो गया। तीसरे मेले के मुख्यातिथि सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार किसी कारण वश नहीं आ सके। उन्होंने अपने स्थान पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तनु भारती को कार्यक्रम में भेजा। उन्होंने रिबन काट कर तीसरे मेले की कुश्ती का शुभारंभ किया। मेले में लगभग सौ पहलवानों ने अखाड़े में अपना दमखम दिखाया। मेले का मुख्य आकर्षण हमीरपुर की महिला पहलवान रितिका रही। उन्होंने दो बार पुरुष पहलवानों को कुश्ती में हराकर विजय हासिल की। मुख्यातिथि तनु भारती ने विपिन परमार की ओर से मेला कमेटी सदस्यों को मेले की बधाई दी। इस बीच 36 हजार की बड़ी माली के लिए रजत पहलवान कांगड़ा ने दीपा पहलवान पठानकोट को हराकर जीत हासिल की। 11 हजार की छोटी माली के लिए नरेश दिल्ली ने कर्ण कांगड़ा को हराकर खिताब अपने नाम किया। मंच संचालन राकेश गुलेरिया व नवीन गुलेरिया द्वारा किया गया।

## खबर छपते ही टांडा अस्पताल में शुरू हुआ सफाई अभियान

आशीष दमीर, कांगड़ा

बीते दिनों टांडा अस्पताल प्रशासन की खामियों को अनंत ज्ञान समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था, जिसको गंभीरता से लेते हुए अस्पताल ने प्रथम दृष्टि से शुरुआत सफाई अभियान से कर दी है। इस अभियान में पेड़ों की बड़ी हुई टहनियां मैदान में घास, गंदगी के ढेर इत्यादि साफ किए गए। सोमवार को टांडा अस्पताल के एमएस कार्यालय से भीतर जाने वाले सारे रास्ते पर सफाई कर्मचारी सफाई करते दिखे। सफाई कर्मचारियों हाथों के



अनंत ज्ञान इंपैक्ट

साथ अत्याधुनिक मशीनों से सफाई करते हुए नजर आए। वहीं, लोगों ने भी अस्पताल प्रशासन के इस कार्य की सराहना करना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## कैलाशपुर को बैजनाथ से जोड़ने वाले पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू

अनंत ज्ञान, पालमपुर

जयसिंहपुर व बैजनाथ दो विधानसभाओं को जोड़ने वाले बिनवा खड्ड पर बने पुल पर छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के रैनाबाड़ी और जयसिंहपुर के कैलाशपुर को जोड़ने वाला बिनवा पुल के दोनों छोर जुड़ जाने से छोटे वाहनों के लिए तैयार हो गया है। इस पुल का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री स्व वीरभद्र ने किया था। 2014 में इस पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था और लगभग पांच वर्षों में यह बन कर तैयार हो गया था, लेकिन बैजनाथ की ओर से इस पुल से कोई आवागमन नहीं हो रहा था। लगभग तीन करोड़ की लागत से तैयार इस पुल से धार क्षेत्र के भुआना, कैलाशपुर, मकोल, आशापुरी व तिनबड से बैजनाथ की और जाने वाले वाहनों को लगभग 10 किलोमीटर दूरी कम तय करनी पड़ेगी। अभी भी लगभग एक किलोमीटर सड़क कच्ची है। पुल चालू न होने से सबसे ज्यादा मुश्किल कैलाशपुर पंचायत के बल्ह गांव के लोगों को होती थी। बरसात के मौसम में इन इलाकों से बैजनाथ पहुंचना बेहद कठिन होता था। विधायक किशोरी लाल ने बताया कि शेष मार्ग को शीघ्र ही पक्का करने के प्रयास जारी हैं। जल्द ही सड़क के अधूरे कार्य को पूरा करके पुल बड़ी गाड़ियों के लिए भी शुरू कर दिया जाएगा।

## जोगीपुर में सीवरेज परियोजना का निर्माण शुरू : पवन काजल

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और विधायक पवन काजल ने कहा कि जोगीपुर पंचायत में सीवरेज परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही लालेड, बीरता और घुरकड़ी पंचायतों में भी सीवरेज पाइपलाइन का विस्तार कार्य शुरू होगा। काजल सोमवार को जोगीपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि बीरता, घुरकड़ी, लालेड और जोगीपुर पंचायतों में पांच ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पीने के पानी की उचित मात्रा मिलेगी। साथ ही सीवरेज परियोजनाओं के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। काजल ने कहा सीवरेज परियोजना के ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

पवन काजल ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार महिलाओं को चुनावी वादे के अनुसार 1500-1500 रुपए प्रति महीना देने में नाकाम रही है। बेरोजगार अभी भी रोजगार का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर दुख जताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों को शीघ्र ही न्याय मिलेगा।

## वन अधिकार कानून के लागू होने से लोगों को मिलेंगे जमीनों के हक : अक्षय

मनोज चंदेल, योल



वन अधिकार कानून 2006 को लेकर वन अधिकार मंच के राज्य संयोजक अक्षय जसरोटिया से अनंत ज्ञान के योल से संवाददाता मनोज चंदेल ने खास बातचीत की। इस कानून के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका पूरा नाम अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासियों (वन अधिकार कानून 2006) है। भारत सरकार द्वारा बनाया गए इस कानून का उद्देश्य उन समुदायों को उनके पारंपरिक वन भूमि पर अधिकार देना है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी जंगलों पर व्यक्तिगत हक व सामूहिक हक रखते हैं। यह कानून वन प्रबंधन संरक्षण और सामूहिक भागीदारी को भी बढ़ावा देता है। 2015 से पहले भले ही स्थानीय लोग अपना जीवन यापन जंगल से करते हों, लेकिन उन्हें अवैध अतिक्रमी माना जाता था। इस कानून के बनने के बाद लोगों के व्यक्तिगत सामूहिक अधिकारों के साथ स्थानीय ग्राम सभा को जंगल के संरक्षण और प्रबंधन के अधिकार के साथ सामूहिक तौर पर समुदायों को जंगलों को बचाने का अधिकार मिला। उन्होंने बताया कि 2006 में यूपीएस सरकार जब केंद्र में थी, तो वामपंथी पार्टियों के दबाव में ही बनाया वन अधिकार कानून 2006 बनाया गया था, परंतु हिमाचल प्रदेश में वामपंथी किसान सभा इसके सही प्रारूप को समझाने में विफल रही है। वे कहते हैं कि जमीनों से जिन किसानों को बेदखल किया गया, उन्हें जमीन वापस दी जाए, लेकिन मेरा मानना है कि वे कहीं भी वन अधिकार कानून की बात नहीं करते हैं, जबकि पूर्ण रूप से जब वन अधिकार कानून 2006 लागू हो जाएगा तो अपने आप लोगों को जमीनों के हक मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इसे लागू करने में इच्छा शक्ति दिखा रही है। (अनंत ज्ञान)

**शुभारंभ**

### शॉप में स्वयं सहायता समूहों को उत्पादों की बिक्री के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा: डीसी

## जिले के हर उपमंडल में खुलेंगी हिम ईरा शॉप्स

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए ई-कॉमर्स वैबसाइट सुविधा प्रदान की जा रही है ताकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल की जा सके। सोमवार को कांगड़ा में हिम ईरा शॉप का शुभारंभ करने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग तथा विपणन के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिम ईरा शॉप में कांगड़ा उपमंडल के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों अपने उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा शॉप्स की अहम भूमिका रहेगी चूंकि ग्रामीण स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूह आर्गेनिक



तरीके से अलग अलग उत्पाद तैयार करते हैं तथा हिम ईरा शाप्स के माध्यम से इन उत्पादों के विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को उत्तम क्वालिटी से तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया है इसके साथ ही उत्पादों की पैकेजिंग के लिए उचित कदम उठाए गए हैं ताकि मार्केट में इन उत्पादों की डिमांड बढ़ सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला भर में चरणबद्ध तरीके से हिम ईरा शॉप्स निर्मित की जा रही है इससे पहले धर्मशाला के डीसी कार्यालय परिसर तथा जिला परिषद भवन के नजदीक हिम ईरा शाप्स आरंभ की गई है जबकि अन्य उपमंडलों में भी हिम ईरा शाप्स के लिए उचित कदम उठाने के दिशा निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को आनलाइन बेचने के लिए भी हिम ईरा की वेबसाइट तैयार की गई तथा सभी स्वयं सहायता समूहों को वेबसाइट के साथ जोड़ा जा रहा है ताकि भविष्य में स्वयं सहायता समूह ऑनलाइन भी अपने उत्पादों को बेच सकें। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग को हिम ईरा शाप्स के माध्यम से हो रही बिक्री के बारे में विशेष फोकस करने के लिए कहा गया है इसके साथ ही कमियों को भी दूर करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उत्पादों के विपणन के इस मॉडल को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बागवानी तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर हिम ईरा शाप्स के माध्यम से जैविक बागवानी तथा कृषि उत्पाद बेचने के लिए भी प्लान तैयार किया जाए।

### निष्पक्षता से हों स्कूल लेक्चरर संघ के चुनाव

अनंत ज्ञान, देहरा। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन यूनिट देहरा के पूर्व महासचिव जगमोहन ने जिला कांगड़ा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के चुनाव पर पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कुल 800 सदस्यता का दावा किया गया था, लेकिन मतदान के समय केवल 80 के करीब लोग ही उपस्थित रहे। इनमें भी करीब 20 प्रवक्ताओं के परिवारजनों, कुछ प्रिंसिपल्स और अन्य वर्ग के अध्यापक शामिल थे। उन्होंने मांग की है कि संगठन के भीतर निष्पक्षता को बहाल करने के लिए पारदर्शी और व्यापक भागीदारी वाले चुनाव करवाए जाएं। साथ ही, सदस्यता और मतदान की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की भी मांग उठाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंकज शर्मा ने संभाला एडीएम का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** 2010 बैच के हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं अधिकारी पंकज शर्मा ने सोमवार को जिला शिमला के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पूर्व पंकज शर्मा एसपीवी शिमला स्मार्ट सिटी लिमिटेड में महाप्रबंधक (प्रशासन/परियोजनाएं) के पद पर आसीन थे। पंकज शर्मा जिला मंडी के करसोग क्षेत्र के गांव थड़ी के स्थाई निवासी है। उन्होंने अंग्रेजी विषय में एमफिल की है। पंकज शर्मा ने बतौर एसडीएम, पीओ डीआरडीए, टीडीपी, संयुक्त निदेशक तथा कलेक्टर एक्साइज के पद पर भी अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी है।

### सीएम ने की शिमला के मेयर की सराहना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुक्खू ने नगर निगम शिमला के मेयर सुरिंद्र चौहान की मुहिम की सराहना की है। मुख्यमंत्री ने मेयर के साथ रिज मैदान व नगर निगम शिमला के कार्यालय तक चहलकदमी की और पुरानी लकड़ी के लट्ठे की सजावटी बैठने की सीटों पर कुछ समय गुजारा। ये लट्ठे की सीटें शिमला के लैंडमार्क को नई पहचान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने सुरिंद्र चौहान व उनकी टीम की इस पहल की प्रशंसा की है। मेयर ने मुख्यमंत्री को बताया कि अब पुरानी लकड़ी के टुकड़े 'कचरा' नहीं, बल्कि शिमला की सौंदर्य और सस्टेनेबिलिटी की निशानी बन रहे हैं। हमारा 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन सफल हो रहा है। हमारा लक्ष्य शिमला की हर 'बेकार' चीज को संसाधन में बदलना है। चाहे वह लकड़ी हो, प्लास्टिक या धातु। हम रिसाइकिल, रियूज, रिड्यूस के सिद्धांत पर चलेंगे।

### संजय भाजपा छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावीं के प्रेमनगर गांव से संबंध रखने वाले भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता संजय झगटा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने संजय झगटा को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने संजय झगटा को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता राय सिंह चौहान भी मौजूद उपस्थित रहे।

### पहलगाम में बनाएं मृतकों की याद में स्मारक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं वर्तमान उपप्रधान पंचायत डोल भटहेड़ ने श्रीनगर पहलगाम हमले में मारे गए टूरिस्टों की अमिट यादगार में पहलगाम में यादगार स्मारक बनाए जाने की मांग केंद्र एवं जेएंडके सरकार की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में भिन्न-भिन्न राज्यों से आए टूरिस्ट्स जिस जगह पर हैवानियत सोच रखने वाले दरिंदों द्वारा एक साथ बहुत ही बेरहमी से चुन-चुन कर गोलियों से भून दिए गए हैं उस जगह पर इन वे मौत मारे गए वे गुनाहों के नाम पर घटना स्थल पर यादगार स्मारक का निर्माण करवाया जाए।

### मांगें नहीं मानी तो 20 को करेंगे हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर कालीबाड़ी हॉल शिमला में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, सीटू नेता विवेक कश्यप, जिला सचिव हिमी देवी, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि अगर सैहब सोसाइटी, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों की मांगों का हल तुरंत न हुआ तो सभी सैहब कर्मी चार लेबर कोड को निरस्त करने, अपने नियमितीकरण, आउटसोर्स प्रथा बंद करने, नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने सहित अन्य मांगों के लिए 20 मई को सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हड़ताल करेंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे। उन्होंने हैरानी व्यक्त की है कि नगर निगम प्रशासन सुपरवाइजरों की ड्यूटी शराब के ठेकों में सेल्जमैन के रूप में लगाने की कोशिश कर रहा था जिसे यूनियन के दबाव में फिलहाल वापस लिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन सैहब सोसाइटी के बाय लॉज के खिलाफ कार्य कर रहा है।

# किसानों की बेदखली को लेकर किया प्रदर्शन

## हिमाचल किसान सभा, सेब उत्पादक संघ व शिमला नागरिक सभा ने डीसी ऑफिस के बाहर लगाए नारे

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**




हिमाचल किसान सभा के कार्यकर्ता डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

**हिमाचल** किसान सभा, सेब उत्पादक संघ व शिमला नागरिक सभा ने संयुक्त रूप से जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर किसानों की बेदखली, ताला बंदी व ढारों को तोड़ने के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

किसान सभा के राज्य अध्यक्ष डॉ कुलदीप सिंह तंवर ने बात रखते हुए कहा कि किसान पिछले काफी सालों से किसानों को बेदखल करने जमीन से जुड़े अन्य मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रहा है। किसानों ने थोड़ी सी सरकारी जमीन अपना जीवन यापन के लिए अगर खेती बाड़ी के रहा है, तो सरकार उससे उसे बेदखल कर रही है। ना तो सरकार नौकरियों दे पा रही है और अगर लोग खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रहा है, तो वह भी करने नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि 2002 में तत्कालीन धूमल सरकार ने कहा कि जो लोगों को 20 बीघा जमीन का नियमित करण करने के लिए 50 रु लेकर फार्म भरवाएं। लेकिन कुछ नहीं हुआ, ऊपर से उन लोगों के खिलाफ हाईकोर्ट में केस शुरू हो गए। चुनावों के दौरान बड़ी बड़ी घोषणाएं तो की जाती हैं। लोगों को घर बनाने के लिए जमीन देने की बात करते है लेकिन जीतने के बाद सब भूल जाते है।

किसान सभा सरकार से मांग करती है कि केंद्रीय सरकार के ऊपर सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलवाकर दबाव बना कर वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन कर हिमाचल की जनता को राहत दे, क्योंकि हिमाचल की लगभग 67 प्रतिशत जमीन केंद्र के अधीन यानि वन विभाग के पास है। अगर सरकार भूमिहीनों को जमीन व प्राकृतिक आपदा से उजड़े किसानों देनी भी चाहते है तो कहा से देगी व सरकार से मांग करती है कि बेदखली को रोकने के लिए तुरंत कोई एफिडेविड कोट में दे। इन्हीं मुद्दों को लेकर 20 मई को किसान मजदूरों का धरना प्रदर्शन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सरकार टैक्स तो ले रही, बदले में दे रही नोटिस: विवेक कश्यप

**शिमला** नागरिक सभा के विवेक कश्यप ने शहर में ढारों को तोड़ने, रेडी फड़ी वालों को उजाड़ने बारे कहा कि सरकार ने बिजली के मीटर, पानी के कनेक्शन व टैक्स तो ले रहे है, ऊपर से तोड़ने के नोटिस भी दे रही है। जो रेडी फड़ी लगा कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनको भी उजाड़ जा रहा है। चुनाव से पहले सरकार के मेनिफेस्टो में था कि शहर में भूमि हीनों को घर बनाने के लिए 2 बिस्वा जमीन देंगें, लेकिन जमीन देने की बजाए गरीब लोगों ने जो घर बनाए हैं, उसे तोड़ रही है। नागरिक सभा आज किसान सभा के साथ मिलकर उसके खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रही है।

### आज भट्टाकुफर प्रवास पर रहेंगे मंत्री अनिरुद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 29 अप्रैल को भट्टाकुफर व न्यू शिमला के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज मंत्री 29 को भट्टाकुफर स्कूल में एसपीएसईबीएल, शिमला द्वारा आयोजित कबड्डी (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके इसके बाद न्यू शिमला में नवनिर्मित रेन शेल्टर का उद्घाटन करेंगे।

### कल से जुब्बल-कोटखाई दौरे पर शिक्षा मंत्री रोहित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 30 से 02 मई तक जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 30 को प्रातः 10 बजे दमवाणा स्कूल के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत बगैन स्कूल (देहा ब्लॉक) का शिलान्यास करेंगे व पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे।

## कुड्डू, कठासू व महासू पंचायत की तीन सड़कों की हुई सफल पासिंग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**ग्रामवासियों ने रोहित ठाकुर का जताया आभार**

**जुब्बल** क्षेत्र की कुड्डू, कठासू व महासू पंचायत की तीन सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग होने पर पंचायतवासियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। लाभार्थियों ने संयुक्त ब्यान में कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से जंदरा-नडाल सारी सड़क, कोहली- धापली सड़क व चदर नगर शवाला सड़क की सफल पासिंग संभव हो पाई है।

गौरतलब है कि उपचुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई में अब तक रिकॉर्ड 119 सड़कें तथा कांग्रेस सरकार के गठन के बाद 99 सड़कों की सफल पासिंग हो गई है। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार चार वर्ष के कार्यकाल में जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में मात्र 5 सड़कों की ही पासिंग करवा पाई। सड़क की पासिंग के दौरान एसडीएम कोटखाई, लोक निर्माण मंडल जुब्बल व कोटखाई के अधिकारीगण, पंचायत के प्रतिनिधिगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### शिमला में दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई देर रात रामपुर पुलिस ने की है। पुलिस ने नशा तस्कर सोनू गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में किन्नौर का निखिल नेगी और करसोग का जगत राम शामिल हैं। पुलिस ने बैंक खातों की जांच और अन्य सबूतों के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया। डीएसपी नरेश शर्मा ने बताया कि इस मामले में अब तक कुल 36 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इनमें मंडी, शिमला, कुल्लू और पंजाब के लोग शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 3 महिलाएं और 2 पंजाब निवासी हैं।

**किन्नौर व करसोग के हैं आरोपी**

इससे पहले 3 मार्च को पुलिस की डिटेक्शन टीम ने सोहनलाल और उसकी पत्नी गीता श्रेष्ठ से 26.68 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी लाकपा दोरजे का रिमांड भी हासिल कर लिया है।

## हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ ने एसडीएम ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

**आत्मा सिंह, रामपुर शहर**




किसान सभा व सेब उत्पादक संघ रामपुर में प्रदर्शन करते हुए।

**हिमाचल** किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के आह्वान पर सोमवार को रामपुर के चौधरी अड्डा पर धरना-प्रदर्शन किया गया। किसान सभा का आरोप है कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च न्यायालय की आड़ में प्रदेश में किसानों की जमीन की बेदखली व मकानों में की जा रही बाड़बंदी के विरोध में रामपुर में रैली निकाली व एसडीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदेश सरकार को मांगपत्र भी दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इन प्रदर्शनों को किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद, सेब उत्पादक संघ के राज्य सचिव पुराण ठाकुर, दुर्गा नंद, सन्नी राणा ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों को बेदखल कर उनके जीने के अधिकार को छीन रही है। आज जिन परिवारों को बेदखल किया जा रहा है वो बहुत ही गरीब व कम भूमि वाले परिवार हैं। सरकार गरीबों को निशाना बनाकर उनके मकानों को सील कर उन्हें बेघर करने का काम कर रही है। जिसका किसान सभा विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का पक्ष कोर्ट में मजबूती से नहीं रख पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार इस पर रोक नहीं लगाती तो आने वाले समय मे यह आंदोलन ओर मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ प्रदेश सरकार से मांग करता है कि गरीब परिवारों व लघु किसानों के कब्जे वाली जमीन से बेदखली व घरों में तालाबंदी पर तुरंत रोक लगाए। केंद्र सरकार वन संरक्षण अधिनियम,1980 (एफसीए) में संशोधन कर वन भूमि कृषि उपयोग के लिए बांटने का अधिकार राज्य सरकार को दे। राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा जमीन से बेदखली व घरों की तालाबंदी के आदेशों पर रोक के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठा कर प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करे। (अनंत ज्ञान)

# राहुल कुमार ने संभाला डीसी का पदभार

## कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने गर्मजोशी से किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कैडर के 2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी राहुल कुमार ने सोमवार शाम को जिला बिलासपुर के उपायुक्त के पद का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिला कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राहुल कुमार इससे पूर्व सिरमौर जिले के संगड़ाह उपमंडल में उपमंडल अधिकारी, हिम ऊर्जा में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एडीसी कांगड़ा तथा लाहौल-स्पीति जिले में उपायुक्त के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूर्व पदों पर रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राहुल कुमार को भारत के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी किया गया है।



राहुल कुमार डीसी बिलासपुर

### कार्यभार संभालने के बाद एडीसी ओमकांत बोले, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर रहेगा फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल प्रदेश कैडर के 2020 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ओमकांत ठाकुर ने सोमवार को जिला बिलासपुर में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) के पद का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ओमकांत ठाकुर ने इससे पूर्व करसोग तथा मंडी सदर उपमंडलों में उपमंडल अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान की हैं। कार्यभार ग्रहण करते हुए ओम कांत ठाकुर ने कहा कि जिला बिलासपुर में प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को तीव्र गति से क्रियान्वित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचे। सभी विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही, ग्रामीण विकास अभिकरण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया जाएगा। एडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन पारदर्शिता, दक्षता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### सोहल में व्यक्ति की गिरने से मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की पंचायत पट्टा के गांव सोहल में एक व्यक्ति की गिरने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बलवंत सिंह (47 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय बुद्धि सिंह गांव सोहल, डाकघर नसवाल, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मृतक के बेटे आशीष ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि बलवंत सिंह सुबह खेतों की ओर निकले थे। घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर रास्ते के किनारे गिरे हुए थे। सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने उन्हें रास्ते के साथ गिरे हुए देखा और तुरंत परिजनों को सूचना दी। इसके बाद बलवंत सिंह को घुमारवीं अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही घुमारवीं थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राथमिक जांच में किसी प्रकार की संदिग्ध परिस्थिति सामने नहीं आई है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह की पुष्टि की है।

# एम्स के पास पलटा ट्रक, लगा लंबा जाम

## तीन किमी लंबे जाम के चलते मरीजों, कर्मचारियों और छात्रों को झेलनी पड़ी भारी दिक्कतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कोठीपुरा के समीप बीच सड़क पर पलटा ट्रक, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर करीब तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

बिलासपुर जिले के कोठीपुरा क्षेत्र में सोमवार सुबह एम्स के समीप एक ट्रक के पलटने से बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसके चलते दोनों ओर से यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया और सड़क के दोनों तरफ लगभग तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस दौरान मरीजों, स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों, सरकारी विभागों के कर्मचारियों और आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार दाड़लाघाट से किरतपुर की ओर जा रहा एक ट्रक जैसे ही एम्स बिलासपुर से दो किलोमीटर पीछे पहुंचा, अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया। चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार के चलते वह सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक (एचपी 11 सी 7399) से टकरा गया और बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत यह रही कि हादसे में दोनों ट्रकों के चालक सुरक्षित रहे। घटना सुबह करीब आठ बजे की है। व्यस्त समय में हुए इस हादसे के कारण एम्स अस्पताल की ओर जाने वाले मरीजों के साथ-साथ रोजमर्रा के यात्रियों को भी कई घंटों तक रास्ते में फंसे रहना पड़ा।

कई मरीजों को एंबुलेंस से उतरकर स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के सहारे अस्पताल पहुंचाना पड़ा। वहीं, स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र भी बसों से उतरकर पैदल ही अपनी मंजिल की ओर बढ़ते नजर आए। सरकारी कार्यालयों के कई कर्मचारी भी समय पर कार्यालय नहीं पहुंच सके। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। भारी जाम को देखते हुए तुरंत क्रेन मंगवाई गई और पलटे हुए ट्रक को हटाने का अभियान शुरू किया गया। पुलिस को मार्ग पूरी तरह से खुलवाने में करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

वहीं, डीएसपी मदन धीमान ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दाड़लाघाट से किरतपुर की ओर जा रहे ट्रक का अचानक ब्रेक फेल हो गया था, जिसके कारण यह दुर्घटना पेश आई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में दोनों चालक सुरक्षित हैं और मार्ग को बहाल करने के लिए पुलिस ने लगातार पांच घंटे तक प्रयास किए। डीएसपी ने आम जनता से संयम बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की है। प्रारंभिक जांच में ट्रक की तकनीकी खराबी को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में लेकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

### वन विभाग ने शुरू की आग से बचाव की तैयारियां

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** बढ़ते तापमान और फायर सीजन की शुरुआत के साथ ही झंडूता वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने जंगलों को आग से बचाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्षेत्र में कुल 12 बीट हैं, जिनका कार्यभार वन अधिकारियों और कर्मचारियों को सौंपा गया है।वन विभाग की ओर से जंगलों में आग की रोकथाम के लिए कंट्रोल बर्निंग मेथड का उपयोग किया जा रहा है। इसके तहत जंगलों में गिरी चीड़ की पत्तियों की साफ-सफाई की जा रही है, क्योंकि गर्मियों में इन पत्तियों में आग लगने की संभावना अधिक होती है। खासकर बलघाड़, बल्सीणा और गोचर क्षेत्र के आसपास चीड़ के पेड़ों का घनत्व अधिक होने के कारण जोखिम और बढ़ जाता है। वन परिक्षेत्र झंडूता के अधिकारी देशराज संख्यान ने बताया कि सभी 12 बीट में वन कर्मचारी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से जंगलों के संरक्षण में सहयोग करने और आग लगने से रोकने के लिए जागरूक रहने की अपील की है। विभाग का लक्ष्य है कि गर्मियों के मौसम में वनों को आग से होने वाले नुकसान से बचाया जाए और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा की जाए।

### नैहर में 22 मई को होगा विशाल दंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 22 मई को कोल डैम क्षेत्र के नैहर गांव स्थित प्रसिद्ध लखदाता पीर परिसर में पारंपरिक विशाल दंगल होगा। दंगल की तैयारियों को लेकर अखाड़ा कमेटी की बैठक प्रधान व पूर्व बीडीसी के चेयरमैन नंदलाल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। दंगल में खिताब जीतने वाले विजेता व उपविजेतापहलवान को गुर्ज के साथ आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इस बार भी दूर-दराज से नामी पहलवान इस आयोजन में भाग लेंगे। प्रधान नंदलाल ठाकुर ने जानकारी दी कि दंगल के सफल आयोजन के लिए शीघ्र ही विभिन्न समितियों और उपसमितियों का गठन किया जाएगा। परंपरा के अनुसार, आयोजन से एक दिन पहले 21 मई को सवाल और लखदाता पीर की पूजा संपन्न की जाएगी। बैठक से पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों की स्मृति में दो मिनट के मौन से की गई। इस दौरान प्रधान नंदलाल ठाकुर व अन्य सदस्यों ने केंद्र सरकार से आतंकी घटनाओं पर ठोस और सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

# बरठीं में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग ने पकड़ा जोर

## क्षेत्र की 10 पंचायतों के 20 हजार ग्रामीण मांग को लेकर हुए एकजुट

**गोपाल कपिल, झंडूता**

बरठीं में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। क्षेत्र की लगभग 10 पंचायतों के करीब 20 हजार ग्रामीण इस मांग को लेकर एकजुट हो रहे हैं। निकटतम पुलिस थाना शाहतलाई, जो बरठीं से 20 किलोमीटर दूर है। शाहतलाई जाने आने के लिए ग्रामीणों को 40 किलोमीटर की लंबी यात्रा करनी पड़ती है। इससे चरित्र प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक कार्यों के लिए गरीब परिवारों को समय और धन की भारी हानि उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बरठीं में पुलिस चौकी खुलने से न केवल उनकी परेशानियां कम होंगी, बल्कि क्षेत्र में नशे की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। बरठीं पंचायत के उपप्रधान राकेश मेहता ने इस मुद्दे पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि बरठीं और आसपास की 6 से 10 पंचायतों की आबादी लगभग 20 हजार है, और यह क्षेत्र व्यापारिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। फिर भी, पुलिस चौकी की कमी के कारण ग्रामीणों को छोटे-छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए शाहतलाई तक का लंबा सफर तय करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरठीं में पुलिस चौकी की स्थापना से न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी से नशे की बढ़ती समस्या पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा, जो युवाओं के लिए एक बड़ा खतरा बन रही है। इसके अलावा, आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध होने से आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा।क्षेत्र के अन्य निवासियों ने भी इस मांग का समर्थन किया है। सामाजिक कार्यकर्ता अमरनाथ धीमान ने कहा कि बरठीं एक केंद्रीय बाजार है, जहां आसपास की पंचायतों से लोग खरीदारी और अन्य कामों के लिए आते हैं। पुलिस चौकी की कमी के कारण कई बार छोटी-मोटी घटनाओं का त्वरित समाधान नहीं हो पाता। उन्होंने सरकार से इस मांग पर तुरंत ध्यान देने की अपील की। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि बरठीं की जनसंख्या और इसकी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द पुलिस चौकी स्थापित की जाए। उनका कहना है कि यह कदम न केवल उनकी रोजमर्रा की परेशानियों को कम करेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व मंत्री गर्ग ने पीड़ित को जल्द मुआवजा देने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल की पंचायत फटोह के गांव फटोह (बल्ह) के देवी राम की गोशाला में कुछ दिन पहले अचानक आग लगने से बड़ा नुकसान हुआ है। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि पीड़ित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा समर्थन देवी राम जी के परिवार के साथ है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि गोशाला में आग लगने से परिवार को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। पीड़ित देवी राम ने बताया कि आग लगने से उन्हें पांच से छह लाख का नुकसान हुआ है। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन करने के लिए टीम भेज दी गई है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

# झंडूता बाजार में बरसाती नाले में लगी भीषण आग



झंडूता बाजार में बरसाती नाले में लगी आग को बुझाता फायर ब्रिगेड का कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाई लाखों की संपत्ति**

झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार के समीप बरसाती नाले में सोमवार सुबह करीब 11 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे खेत में रखी लकड़ी जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के रिहायशी मकानों और बाजार की दुकानों को भी खतरा पैदा हो गया।आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के इस त्वरित कार्रवाई से लाखों रुपये की संपत्ति जलने से बच गई। फायर ब्रिगेड झंडूता के अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हमें जैसे ही सूचना मिली, हमारी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई से बड़ा नुकसान होने से बच गया। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## न्यूज ब्रीफ

### बनीखेत में 182 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश शर्मा ने की। इस अवसर पर अलग-अलग स्वास्थ्य प्रशिक्षण किए गए। इसमें 182 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया। शिविर में रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, मधुमेह हेपेटाइटिस बी एवं सी व यौन संचारित रोगों की निशुल्क जांच की गई। विशेषज्ञ ने बताया कि एचआईवी हेपेटाइटिस बी एवं सी एसटीआई सकारात्मक बीमारियों की समय पर पहचाने उपचार आवश्यक है। शिविर में अश्विनी ठाकुर, सुरेश कुमार, अनुवाला, बबीता, कृष्णा, रजनी, रेखा व राजू ने शिविर में योगदान दिया।

### गायत्री यज्ञ के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** सोमवार को गुरुकुल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर 9 कुंडीय गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसे गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य सोमेंद्र कुमार के संचालन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता गायत्री के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सोमेंद्र कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंडों में आहुति डलवाई। उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने श्रद्धापूर्वक आहुति दी जिससे कि वातावरण सुरभित और पवित्र हो उठा।

### पढ़ाई के साथ-साथ खेलें भी जरूरी: महापौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्य स्तरीय लाला पीसी आनंद मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट प्रथम रैंकिंग टेबल टैनिस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आगाज किया गया। जिसमें नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा बतौर मुख्यातिथि के रूप के उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने भाग ले रहे हैं। महपौर ने इस अवसर पर बच्चों को नशे से हो रहे दुष्परिणाम बारे अवगत करवाया तथा उनसे आग्रह किया कि वे पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में बढ़चढ़ कर भाग लें ताकि उनका स्वर्णीम विकास हो सके। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वह सफाई का भी विशेष ध्यान रखे तथा अन्य लोगों को भी सफाई प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर ट्रस्ट के चैयरमैन सुभाष आनन्द, जिला मंडी टेबल टैनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हेमन्त राज वैधय, लाला पीसी आनन्द के परिवार के सदस्य व सेवानिवृत कोच संतोष वैधय, हर्ष कपूर व ईश्वर वैधय, सनातन धर्म सभा के प्रधान श्री रवि कांत तथा प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे बच्चों के अभिवादक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जगदीश हेड ब्वॉय व नंदिनी बनी हेड गर्ल

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल दुर्गापुर में विद्यार्थी परिषद चुनाव पूरे उत्साह व लोकतांत्रिक भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लिया और अपने नए प्रतिनिधियों का चुनाव किया। इन चुनावों में जमा दो के छात्र जगदीश को हेड ब्वॉय और छात्रा नंदिनी को हेड गर्ल चुना गया। भावना कक्षा जमा दो, आदित्य जमा एक, कुशल दसवीं, मंजुल नौवीं, नैंसी आठवीं, सिद्धार्थ सातवीं और आरुष छठी कक्षा के मॉनिटर चुने गए। इसके अलावा स्कूल के चार हाऊसों के प्रमुखों के कप्तान और उपकप्तान भी चुने गए जिनमें विकास, दीपाली, योगिता, अंशुल, दिलीप और सुनीता को चुना गया। विद्यालय परिवार ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना करता है। प्रधानाचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने नवनिर्वाचित परिषद् को संबोधित करते हुए उन्हें जिम्मेदारी, ईमानदारी और समर्पण के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया।

# समय पर पूरा करें समोट में बन रहे सीएचसी भवन का कार्य : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने 21 करोड़ की लागत से बन रहे भवन का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने समोट कस्बे में 21 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन 50 बिस्तरों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवन का निरीक्षण किया और कार्यों की गुणवत्ता एवं गति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान पठानिया ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केंद्र भवन का कार्य पूर्व निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि समोट में स्थापित होने वाला यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां लोगों को सभी अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई जाएंगी।



डुगली क्षेत्र का दौरा कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हालातों का भी लिया जायजा

इसके अतिरिक्त, विधानसभा अध्यक्ष ने आपदा प्रबंधन के तहत डुगली क्षेत्र का भी दौरा किया और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के हालातों का जायजा लिया। मौके पर ही स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना गया और कई मामलों में तुरंत समाधान भी सुनिश्चित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार और प्रशासन दोनों मिलकर क्षेत्रीय विकास को गति देने और आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

# शिवशक्ति यूथ क्लब ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह



**अनंत ज्ञान, तेलका**

**न्यू** हिमालयन एजुकेशन इंस्टिट्यूट, तेलका में धूमधाम से वार्षिक समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवा में अग्रणी संस्था शिवशक्ति यूथ क्लब, डलहौजी की पूरी टीम ने विशेष रूप से भाग लिया और संस्थान के बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी अंजू धीमान ने शिरकत की और विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से भविष्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शिवशक्ति यूथ क्लब के उपाध्यक्ष हर्ष टंडन और अन्य सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्लब द्वारा इंस्टिट्यूट को स्पॉन्सर किया जाना बच्चों के लिए एक बड़ी सौगात रही। न्यू हिमालयन एजुकेशन इंस्टिट्यूट के चेयरमैन ने शिवशक्ति यूथ क्लब की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग और प्रोत्साहन से ही शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

## चंबा जिले में 1 मई से 30 जून तक चलेगा डायरिया नियंत्रण अभियान

# 53022 बच्चों को मिलेगा जीवन रक्षक उपचार

**आरके सहगल, चंबा**

**जिला** में 1 मई से 30 जून तक व्यापक स्तर पर डायरिया नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के 53,022 शिशुओं एवं बच्चों को ओआरएस घोल और जिंक की दवाइयां वितरित की जाएंगी। यह जानकारी सोमवार को उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित डायरिया नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान दी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार कार्य योजना की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण स्तर पर लोगों को डायरिया की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों और अभिभावकों तक सही जानकारी एवं उपचार समय पर पहुंच सके।



डायरिया नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त।

इसके साथ ही जल शक्ति विभाग को पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा उपनिदेशक उच्च शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा को सभी शिक्षण संस्थानों में पेयजल भंडारण टैंकों की सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. हरित पुरी ने स्वागत भाषण के साथ की और कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में ज़िला विकास अधिकारी ओमप्रकाश ठाकुर, ज़िला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करण हितेषी, सहायक अभियंता जल शक्ति गौरव कुमार, वाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय यादव (पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय) और खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# चंबा प्रवास को तैयार राज्य एससी आयोग

## विभागीय योजनाओं और न्यायिक मामलों की होगी गहन समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** राज्य अनुसूचित जाति आयोग का जिला चंबा में प्रस्तावित प्रवास कार्यक्रम तेजी से आकार ले रहा है। प्रवास की पूर्व तैयारियों को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, इसकी अध्यक्षता आयोग के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता विजय डोगरा ने की। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव और जिला कल्याण अधिकारी चमन शर्मा भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान विजय डोगरा ने जानकारी दी कि आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान के नेतृत्व में आयोग शीघ्र ही जिला चंबा का दौरा करेगा। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही है। चंबा प्रवास के दौरान आयोग न केवल योजनाओं की समीक्षा करेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर स्थिति जानने के लिए स्पॉट विजिट भी करेगा। बैठक में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित कल्याणकारी गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।



राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के चंबा दौरे को लेकर बैठक करते हुए।

वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत वर्तमान में 19 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। विजय डोगरा ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पंजीकृत मामलों के कारणों की सूची भी आयोग को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त, जिला कल्याण अधिकारी को अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों की विस्तृत सूची तथा अनुसूचित जाति बहुल ग्राम पंचायतों का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान तय किया गया कि चंबा प्रवास के दौरान आयोग विभिन्न उपमंडलों में स्पॉट विजिट करेगा

# जिप अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने लकवाग्रस्त मरीज के घर जाकर करवाया आधार अपडेट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जनसेवा** और करुणा की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने अपने जिला परिषद वार्ड क्षेत्र में एक लकवाग्रस्त मरीज के घर जाकर उनका आधार कार्ड अपडेट करवाया। मरीज पिछले चार वर्षों से बिस्तर पर था, मस्तिष्क सर्जरी के बाद उसके शरीर में पस पड़ जाने के कारण उसकी हालत अत्यंत दयनीय हो गई थी।

आधार कार्ड अपडेट न होने के कारण उसे न तो 'सहारा पेंशन योजना' का लाभ मिल पा रहा था और न ही उसकी आभा आईडी जनरेट हो रही थी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. नीलम कुमारी ने अपनी टीम के साथ घर द्वार जाकर आधार कार्ड को अपडेट कराया और तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की।



### अब मिलेगी पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाएं

उन्होंने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ से भी बात की, ताकि समय रहते उचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। अब इस पीड़ित व्यक्ति को पेंशन योजना और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ शीघ्र मिल सकेगा।

डॉ. नीलम कुमारी का यह मानवीय प्रयास उनके संवेदनशील नेतृत्व, समर्पण और जनकल्याण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके इस कार्य ने न केवल उस परिवार में नई आशा जगाई है, बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि सेवा भाव किसे कहते हैं।

स्थानीय जनता ने डॉ. नीलम कुमारी को उनके इस सराहनीय कदम के लिए दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि वे वास्तव में जनता की सच्ची हितैषी हैं।

# हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ ने रोहडू में किया धरना-प्रदर्शन



**दशमी रावत, रोहडू**

**हिमाचल** किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के आह्वान पर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च न्यायालय की आड़ में प्रदेश में किसानों की जमीन की बेदखली व मकानों में की जा रही बाड़बंदी के विरोध में रोहडू में धरना-प्रदर्शन किया गया। जमीन की बेदखली व बाडबंदी के विरोध में रोहडू में रैली निकाली गई व एसडीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया गया। वहीं एसडीएम रोहडू के माध्यम से प्रदेश सरकार को मांग पत्र भी सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में किसान व बागवान शामिल रहे।

विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों को सेब उत्पादक संघ रोहडू इकाई के संयोजक रमन थारटा, सह संयोजक अंजू चौहान, वीना व किसान मजदूर नेता सुनील मेहता, अजय दुल्टा एवं राकेश ने संबोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की बेदखल कर उनके जीने के अधिकार को छीन रही है। जिन परिवारों को बेदखल किया जा रहा है। सरकार गरीबों को निशाना बनाकर उनके मकानों को सील कर उन्हें बेघर करने का काम कर रही है। जिसका किसान सभा व सेब उत्पादक संघ विरोध करती है। प्रदेश सरकार किसानों का पक्ष न्यायालय में मजबूती से नहीं रख पा रही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सरकार इस पर रोक नहीं लगाती तो आने वाले समय में यह आंदोलन ओर मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

# परेल पुल के पास 4.25 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने नशे के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने परेल पुल के पास गश्त के दौरान गौरव पुत्र विजय, निवासी मोहल्ला जुलाखड़ी, जिला चंबा को 4.25 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ धर दबोचा। एसआईयू टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई के दौरान गौरव से बरामद किए गए मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। चंबा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशा तस्करी और नशे के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि नशा मुक्त चंबा बनाने के लिए नशा तस्करों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह चिट्टा कहां से लेकर आया था और इसे किसे सप्लाई करने वाला था। जांच के परिणामस्वरूप और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

**Office of The Principal College of Ayurvedic Pharmaceutical Sciences**
**Joginder Nagar Distt. Mandi, Himachal Pradesh**
**Email id: coapsjnr@gmail.com , Ph.01908222931**
No. Ayur. B. Pharma/Tender/2025 /309 Dated, 28/04/2025

**CORRIGENDUM**

Sealed tenders are invited from eligible registered agencies for services of Two data Entry Operator, 03 Nos of Security Staff (Two Male & One Female) & One Sweeper cum Mali in the COAPS Jogindernagar

Now The Technical bid will be opened on 06/05/2025 at 12:00 Noon instead of 02/05/2025 due to some admistrative reason in the office of undersigned in the presence of tenderer or their authorized representative who may wish to be present. Financial bid will be opened later on. The Chairman of Committee reserves the right to accept or reject any or all the tender without assigning any reason whatsoever and the decision of the Chairman shall be final and binding on all the bidders.

(Note:- Last date for submission of Tender Document will remain 02/05/2025 at 11:00 AM)

**Principal**
**College of Ayurvedic Pharmaceutical Sciences**
**Joginder Nagar Distt.Mandi**

अनंत Classifieds

## बेदखली सूचना

**मैं, सत्यापाल गौतम** (76) पुत्र नरोतम राम निवासी ग्राम चौक डाकघर महादेव, तहसील सुंदरनगर जिला मंडी, हि.प्र. वर्तमान में मकान संख्या-39/9 भगवान मोहल्ला मंडी जिला मंडी ब्यान करता हूं कि मेरा बेटा सिधार्थ गौतम और उसकी पत्नी स्वाती गौतम मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अत: मैं अपने बेटे और बहू को अपनी तमाम चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। मैं और मेरा परिवार उनके साथ किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं है। सभी संबंधित नोट करें।

### सूडोकु नवताल- 7415 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7414 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** प्रतिपदा (09:13)**: नक्षत्र** भरणी (09:38), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** आयुष्मान (08:01) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:52-12:45) **राहुकाल** (07:22-09:01)।

**विशेष दिन**

29 अप्रैल श्री परशुराम जयंती आज।

29 अप्रैल श्री शिवाजी जयंती आज।

**मेषः** आपके कार्यों की समाज में तारीफ होने से आपका रुतबा बढ़ेगा। व्यापार में इच्छानुकूल सफलता के योग हैं। कोई बड़े लाभ की उम्मीद है। पुराने निवेश से लाभ हो सकता है।

**वृषभः** सभी काम सिद्ध होंगे। व्यक्तिगत अथवा व्यापारिक कार्य से सुखद यात्रा हो सकेगी। आर्थिक लाभ के अवसर आएंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुनः** क्रोध एवं उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। भाइयों से विवाद हो सकता है। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता दूर होगी।

**कर्क:** आत्मविश्वास से कार्य करने पर वांछित प्रगति के योग हैं। व्यापार में नई योजनाओं के प्रति संभावनाएं बन सकेंगी। भवन भूमि के मामले यथावत रहेंगे।

**सिंहः** आपके गुणों एवं योग्यताओं के कारण बिगड़े कामों में भी गति आ सकती है। नौकरी में प्रलोभन में नहीं रहें। धार्मिक रुचि बढ़ेगी। यात्रा सुखमय रहेगी।

**कन्याः** धनकोष में वृद्धि होगी। अपने करियर के प्रति गंभीर निर्णय लें। आत्मविश्वास की कमी के कारण गलत फैसले ले सकते है। मन में कई दुविधाएं चल रही है।

**तुलाः** आज पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कर्ज संबंधी मामले आसानी से निपटेंगे। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। व्यापार के विस्तार के लिए प्रयास अधिक करने पड़ेंगे।

**वृश्चिकः** कार्य स्थिति में सुधार की संभावना है। सुसंगति से हर्ष होगा। खान-पान का ध्यान रखें। अधिकारी सहयोग करेंगे। पारिवारिक चिंता रह सकती है।

**धनुः** पराक्रम व सुख-समृद्धि बढ़ने से अनेक रुके काम पूरे होंगे। कार्य विस्तार होगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से संबंध घनिष्ठ होंगे। भाइयों से विवाद की स्थिति निर्मित हो सकती है।

**मकरः** सहयोग व अच्छे संबंधों के कारण लाभ होगा तथा उन्नति करेंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा एवं उन्नत रहेगा। बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान होगा।

**कुंभः** जल्दबाजी ना करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहेंगे। आजीविका के लिए किए गए प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। आर्थिक कष्ट रहेगा।

**मीनः** बुरी आदतों को हावी न होने दें। सुख में कमी आएगी। शत्रुओं द्वारा बाधाएं उत्पन्न की जा सकती हैं। पारिवारिक क्लेश होगा। व्यापार, नौकरी की चिंता रहेगी।

# काव्य हरनोट अध्यक्ष व अरनव बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र भारती का गठन पूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। इस प्रक्रिया में पहले दिन विद्यार्थियों के भिन्न-भिन्न दायित्वों के लिए आवेदन मांगे गए और सोमवार को आवेदन प्राप्त होने के बाद सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने मत का प्रयोग करते हुए चुनाव प्रणाली में भाग लिया एवं छात्र भारती की चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण करने में सहयोग दिया। अंततः छात्र भारती अध्यक्ष पर पर काव्य हरनोट विजयी हुए और उपाध्यक्ष पद पर अरनव शर्मा, सचिव पद पर अक्षिता शर्मा और सेनापति के लिए ओजस ठाकुर का चयन हुआ। विद्यालय के प्रेस सचिव हेम प्रकाश ने बताया कि नवनियुक्त छात्र भारती के पदाधिकारी व समस्त कार्यकारिणी इस सत्र के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और विद्यालय की गतिविधियों के सफल संचालन में सहयोग देंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत उपरली सुरारी
विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी हि.प्र. 175001

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत उपरली सुरारी विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 3 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 07.05.2025 को अपराहन 1 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (20 MM KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी (10,20,40 MM CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 6 | पत्थर (CUT STONE) | Per cubic meter |
| 7 | ईंट | Per brick/per thousand |
| 8 | जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर | Per hour |
| 9 | सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि | Per sqm |
| 10 | सीमेंट किराया HPS CSC Depot | Per Bags |

**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बधी रायटी 60 रूपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामगो आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 30000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत उपरली सुरारी विकास खंड सदर मंडी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत डण्ढाल
विकास खंड सदर, जिला मंडी हि.प्र. 175001

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डण्ढाल विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 07.05.2025 को अपराहन 11.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (20 MM KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी (10,20,40 MM CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 6 | पत्थर (CUT STONE) | Per cubic meter |
| 7 | ईंट | Per brick/per thousand |
| 8 | जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर | Per hour |
| 9 | सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि | Per sqm |
| 10 | सीमेंट किराया HPS CSC Depot | Per Bags |

**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे, एम-फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बधी रायटी 60 रूपये प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामगो आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रदद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 50000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत डण्ढाल विकास खंड सदर मंडी**

अगर जीवन में संघर्ष न रहे, किसी भी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है। -नेताजी सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

## प्रोबेशन भर्ती की तैयारी

व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार अब एक और बड़ा व्यवस्था परिवर्तन करने जा रही है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी भर्तियों को लेकर बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सुक्खू सरकार ने अब 2003 से लागू कॉन्ट्रैक्ट भर्ती प्रणाली को समाप्त करने का मन लगभग बना लिया है और उसकी जगह प्रोबेशन आधारित भर्ती नीति लागू करने की दिशा में काम कर रही है। नई प्रोबेशन भर्ती को लेकर कार्मिक विभाग और विधि विभाग इस संबंध में ड्राफ्ट तैयार करने में जुटे हैं। इस नई नीति के तहत सरकारी नौकरियों में नियुक्त होने वाले कर्मचारियों को एक तय अवधि की प्रोबेशन यानी परिवीक्षा पर रखा जाएगा और इस दौरान उनका वेतन भी तय रहेगा। गुजरात में पहले से ही इसी प्रकार की नीति लागू है, जिसे अब हिमाचल में अपनाने की तैयारी की जा रही है। शायद हिमाचल सरकार को गुजरात वाली नीति भा गई है। कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली में कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि के लिए अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है, जहां उन्हें स्थायी कर्मचारी जैसे लाभ नहीं मिलते हैं।

इस प्रणाली की कई बार आलोचना होती रही है, क्योंकि इससे न तो कर्मचारियों को सुरक्षा मिलती है और न ही उनके भविष्य को लेकर कोई स्थायित्व रहता है। दूसरी ओर, प्रोबेशन प्रणाली में कर्मचारी को अस्थायी रूप से नियुक्त तो किया जाता है, लेकिन यह नियुक्ति नियमित होने की ओर पहला कदम मानी जाती है। यदि प्रोबेशन पीरियड में कर्मचारी का प्रदर्शन संतोषजनक होता है, तो उसे नियमित कर दिया जाता है। इस तरह देखा जाए तो प्रोबेशन प्रणाली कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली की तुलना में अधिक स्थायित्व और सुरक्षा देती है। यही वजह है कि हिमाचल सरकार इस दिशा में कदम बढ़ा रही है। हालांकि, यह फैसला अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके लागू होने पर प्रदेश की भर्ती प्रणाली में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

गुजरात में प्रोबेशन आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को पांच साल की प्रोबेशन अवधि पर नियुक्त किया जाता है और इस दौरान उनका वेतन निश्चित होता है, जो नियमित कर्मचारियों की तुलना में कम होता है। इस अवधि के बाद यदि उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहता है, तो उन्हें नियमित किया जाता है। गुजरात सरकार की यह नीति अपने आप में विवादास्पद रही है। कई कर्मचारी संगठनों और विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाए हैं कि यह नीति युवाओं को कम वेतन और अस्थायित्व के साथ काम करने को मजबूर करती है। हालांकि, सरकार का तर्क यह है कि इससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता की जांच संभव हो पाती है और योग्य उम्मीदवारों को ही नियमित सेवा में शामिल किया जा सकता है।

कॉन्ट्रैक्ट के स्थान पर प्रोबेशन नीति से कर्मचारियों को भविष्य में नियमित होने की संभावना बनेगी, जो उन्हें मानसिक स्थायित्व देगी। इस प्रक्रिया से चयन प्रक्रिया और सेवा शर्तें अधिक पारदर्शी हो सकती हैं। प्रोबेशन अवधि में वेतन कम होने की संभावना से कर्मचारियों में असंतोष जन्म ले सकता है, जैसा कि गुजरात में हुआ। यदि प्रोबेशन अवधि लंबी रखी जाती है या वेतन बहुत कम रखा जाता है, तो यह नीति कर्मचारी संगठनों के विरोध का कारण बन सकती है। यदि यह नीति युवाओं में नाराजगी पैदा करती है, तो आगामी चुनावों में इसका राजनीतिक असर भी देखने को मिल सकता है। यदि हिमाचल में यह नीति इस तरह से बनाई जाती है कि प्रोबेशन अवधि संतुलित हो, वेतन न्यूनतम जरूरतों को पूरा करे और नियमितीकरण की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो, तो यह निश्चित रूप से कर्मचारियों के हित में होगी।

इससे एक ओर सरकारी सेवाओं में गुणवत्ता बढ़ेगी तो दूसरी ओर युवाओं को सरकारी सेवा में स्थायी अवसर प्राप्त होंगे, लेकिन यदि गुजरात की तरह इसे एक ऐसी प्रणाली के रूप में लागू किया जाता है जिसमें कर्मचारियों को वर्षों तक कम वेतन और अस्थायित्व में रखा जाता है, तो यह न केवल युवाओं में असंतोष पैदा करेगा, बल्कि लंबे समय में सरकारी तंत्र के लिए भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। हिमाचल सरकार का यह कदम एक सकारात्मक दिशा में उठाया गया प्रयास हो सकता है, बशर्ते इसे संवेदनशीलता और व्यवहारिकता के साथ लागू किया जाए। प्रोबेशन नीति को केवल एक प्रशासनिक उपाय न मानकर इसे कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने और उन्हें स्थायित्व देने का माध्यम बनाना चाहिए। इससे न केवल सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि युवाओं का विश्वास भी सरकारी तंत्र में बढ़ेगा। सरकार को चाहिए कि वह नीति को अंतिम रूप देने से पहले सभी संबंधित पक्षों-जैसे कर्मचारी संगठन, शिक्षा विशेषज्ञ और युवा वर्ग की राय ले और एक सर्वहितकारी प्रणाली विकसित करे। यदि यह संतुलन बना लिया गया, तो यह नीति वास्तव में कर्मचारियों के हित में साबित हो सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सीरियल 'रामायण' में सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री

**दीपिका** चिखालिया भारतीय अभिनेत्री हैं, जिन्होंने रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' में सीता की भूमिका निभाकर प्रसिद्धि पाई और दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना ली। गुजरात के बिजनेसमैन हेमंत टोपीवाला से विवाह के बाद उनका नाम अब दीपिका टोपीवाला है। दीपिका चिखालिया रामानंद सागर के कैंप में 'विक्रम बेताल' का हिस्सा रह चुकी थीं और इस शो की शूटिंग सागर जी के बंगले पर ही हुआ करती थी। दीपिका चिखालिया के अनुसार-'एक रोज जब मैं बंगले पर पहुंची तो देखा कि बहुत सारे बच्चे वहां आए हुए हैं। मेरी समझ में नहीं आया कि क्या हो रहा है। मैंने पूछा कि क्या घर की कोई भाभीजी ने नर्सरी शुरू की है? पता चला कि रामायण की शूटिंग करने जा रहे हैं और लव-कुश की कास्टिंग चल रही है। दीपिका चिखालिया ने राज किरन के साथ फिल्म 'सुन मेरी लैला'(1986) में अभिनय करके फिल्मी दुनिया में पदार्पण किया। उन्होंने 'रुपये दस करोड़' (1991), 'घर का चिराग' (1989) और 'खुदाई' (1994) में संजय के साथ अभिनय किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कन्नड़, तमिल और बंगाली फिल्मों में भी काम किया। सीरियल 'रामायण' से मिली बेहिसाब लोकप्रियता ने दीपिका चिखालिया को भारत की संसद पहुंचा दिया था। सन 1991 में दीपिका भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर वड़ोदरा से चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। ■


दीपिका चिखालिया
जन्म : 29 अप्रैल, 1965



कविता

### दहशत में हैं लोग

शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली

*दहशत में हैं लोग अब, नहीं रहा विश्वास।*
*कहां सुरक्षित हम रहें, जगह नहीं है खास।।*

*जाएं अब तो हम कहां, दहशत में हैं लोग।*
*लाइलाज सा है लगा, जात धर्म का रोग।।*

*हाथ लगा आतंक के, करते नया प्रयोग।*
*धर्म नाम मुश्किल बना, दहशत में हैं लोग।।*


*दहशत में हैं लोग ये, करते सोच विचार।*
*मानव के अब भेष का, नहीं भरोसा यार।।*

*नफरत के इस रोग को, रहे सभी हैं भोग।*
*अमन चैन सब खो गया, दहशत में हैं लोग।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# युद्ध से खत्म नहीं होगा आतंकवाद, पुलवामा से पहलगाम तक दुखद याद




लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

भारत सहित समूचा विश्व आज आतंकवाद नामक मानव जनित त्रास्दी से पीड़ित है तथापि भारत बहुत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार होता आ रहा है। भारतीय राज्यों में प्रमुखता से जम्मू एवं कश्मीर महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश आतंकवाद से त्रस्त है तो पूर्वोत्तर के राज्य अलगाववाद और अन्य आतंकी घटना से परेशान हैं। आतंकवाद प्रमुख रूप से किसी देश और राज्य के विकास को सबसे पहले अवरुद्ध करता है। जो समय-समय पर आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक व राजनीतिक विचारधारा और क्षमता पर प्रश्न लगाता है। भारत में जान माल की क्षति सबसे अधिक हुई है। भारत का जम्मू-कश्मीर 1947 से ही आतंकवादी गतिविधियों से लंबे समय से लड़ता आ रहा है। उसके बाद महाराष्ट्र मध्य भारत नक्सलवाद और 8 बहनों का राज्य अपनी स्वतंत्रता और स्वायत्तता के लिए लड़ रहे थे जिसमें असम में बोडोलैंड आंदोलन से पहले 80 के दशक में छात्र आंदोलन हुआ, जो विश्व में एक मिसाल बन गया। इस छात्र आंदोलन ने असम में सरकार बदल दी और बाद में असम में असम गण परिषद नामक राजनीतिक दल बनाकर सत्ता हासिल कर ली। उसके बाद वहां बोडोलैंड की मांग शुरू हुई नया आंदोलन शुरू हुआ, इसमें भी युवा ही थे।

वह भी हिंसा में लग गए और हिंसा असम में भी बहुत हुई पर आज वहां शांति है। भारत में सत्तर के दशक से ही देश में कई तरह के आतंकवाद और अलगाववाद की ऐसी हवा चल रही, जो रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। अलगाववाद देश के विभिन्न राज्यों में राज्य के बंटवारे के लिए एक सुनियोजित तरीके से चलाया गया उस अलगाववाद में भी वर्ग विशेष ही निशाने पर होता था। धीरे-धीरे सीमवर्ती राज्यों के अलग-अलग अलवादी संगठनों को विदेशों से सहायता मिलने लगी और संगठन धन बल से हथियार खरीदने लगा। बेरोजगार युवाओं को अपने साथ जोड़ने लगा और हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिलाया जाने लगा। यही युवा आतंकी बने और देश में दहशतगर्दी पैदा कर दी। पर सरकार ने भी सख्त कदम उठाया और आतंक के बढ़ते कदम को रोका भी। अस्सी के दशक में देश के कई हिस्से में आतंक फैला गया था। असम में विदेशी नागरिकों को लेकर पहली बार देश के छात्र नेता आंसू नामक संगठन के बैनर के नीचे एकत्रित होकर कई साल तक असम में उग्र आंदोलन किया। उनके आंदोलन से नागालैंड मनीपुर मिजोरम सभी राज्य प्रभावित हो रहे थे। राज्य की आर्थिक स्थिति खराब होती गई। आल असम स्टूटेंड यूनियन बाद में असम गठ परिषद नामक राजनीतिक दल बना, जिसमें प्रफूल मोहंतो और भृगूनाथ फूकन महत्वपूर्ण नेता बने और उनके ही नेतृत्व में भारत में पहली बार छात्र नेता सत्ता के शीर्ष पर आय हालांकि वह पार्टी पांच साल बाद बिखर कर समाप्त हो गई। अब आज की युवा पीढ़ी आल असम स्टूटेंड यूनियन और असम गठन परिषद को नहीं जितनी होगी। असम के साथ सुभाष घिसिग ने गोरखालैंड की मांग को अलग से आंदोलन कर रखा था।

वह आंदोलन भी उग्रवादी आंदोलन ही कहा जाएगा। बहुत निरीह लोगों की जाने गई, पर सरकार ने समझौता किया। गोरखालैंड विकास परिषद बना, पहाड़ी संस्कृति अस्मिता सुरक्षित है दार्जिलिंग में सुभाष घिषिग की मूर्ति लगी है। असम बोडो लैणृड का आंदोलन चला यानी पंजाब से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक अलगाववाद और आतंकवाद चल रहा था, पर सब धीरे-धीरे सरकार ने समाप्त करा दिया। आज पूर्वोत्तर भी विकास की राह पर चल रहा है, तो पंजाब में विकास चल रहा है। आतंक को युद्ध से नहीं जीता या समाप्त किया जा सकता है। अमेरिका पर जब आतंकी हमला हुआ तो उन्होंने पाकिस्तान या अफगानिस्तान से युद्ध नहीं लड़ा। वह अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करके ओसामा बिन लादेन की खोज में लग गया और कामयाब हो गया वह स्थानीय लोगों को धन देकर अपने लिए सूचना संवाहक बनाया और सटीक जानकारी लेकर ओसामा बिन लादेन को घर से उठाकर मार कर समुद्र में दफना दिया लाश नहीं दिया। पर युद्ध नहीं किया। इसराइल हमास से लड़ रहा है पर फिलिस्तिनी आतंकी समाप्त नहीं हो रहे हैं। तमाम देशों में मुस्लिम आतंकी तबाही मचा रहे हैं। दुनिया का हर देश गाहे बेगाहे शिकार होता है। पर आतंक से पीड़ित देश दूसरे देश की मदद यह कहकर नहीं करते हैं कि उनका वापसी मामला है। जैसा अमेरिका भारत के साथ करता है। भारत जब भी देश में आतंकी हमले का पाकिस्तान के विरुद्ध सबूत देता, अमेरिका, चीन या अन्य देश बस एक रटा-रटाया शब्द बोलते हैं। आपसी मामला आपस में बैठकर समाप्त करें।

जब कि अमेरिका भी आतंकी के निशाने पर रहता है। भारत में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद समाप्त करने के लिए नई तरह की रणनीति कूटनीत और दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। पहलगाम हो पुलिया पठानकोट ऊरी जहां भी आतंकी घटना हुई हमारी सुरक्षा में चूक खुफिया तंत्र की नाकामी सेना स्थानीय पुलिस और लोगों का आपसी तालमेल नहीं होना भी एक सवाल खड़ा करता है। जब तक स्थानीय जनता का भरोसा नहीं सरकार पर होगा, तब तक कभी भी आतंकवाद को समाप्त नहीं किया जा सकता है। आज धारा 370 में कुछ बदलाव करके नये पर सीमन करके सर्किल ने बिकवाल और बकरवाल समुदाय को अलग-थलग कर दिया है जो भारत की सेना को आतंकी और पाक घुसपैठियों की सूचना देते थे वह पूर्ण रूप से बंद हो गया है। अस्थायी तौर पर सेना सुरक्षा बल को तैनात करके आतंक की घटना कम कर सकते हैं कुछ समय के लिए रोक सकते, परंतु स्थायी समाधान नहीं मिलेगा। जम्मू-कश्मीर या देश के किसी भी राज्य में वहां के स्थानीय लोगों को सूचना का संबाहक बनाकर आतंकी की सही जानकारी जुटाकर ही आतंकवाद और उनको संरक्षण देने वालों को समूल नष्ट किया जा सकता है। शायद जम्मू कश्मीर में सरकार स्थानीय लोगों को सूचना संवाहक बनाना छोड़ दिया है, जिसके कारण पहलगाम में घूंसे आतंकी की सूचना सरकार और प्रशासन को समय से पहले नहीं मिला और एक दिल को दहलाने वाली घटना हो गई। जो बहुत दुखद है देश के लिए पूरी मानवता के लिए। इस आतंकी घटना पर विश्व समुदाय भी तीन खेमे में बट गया है। एक भारत के साथ है एक भारत के साथ नहीं है तो कुछ देश मौन है। ऐसे में भारत केवल कूटनीति से ही इतकवाद से लड़ सकता है युद्ध से नहीं।

22 अप्रैल की पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना से पूरा भारत क्रोधित व आंदोलित है। हिंदू मुसलमान यहां तक हर वर्ग सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी पाकिस्तानी कुकृत्य के लिए सबक सीखाने पाकिस्तान को मिटाने की इच्छा कर रहे है और जनता में ऊबाल होना चाहिए कश्मीर भारत का अंग है। और भारतीय को कश्मीर में पाक आतंकी आकर मार दे चले जाएं। यह कदापि सहने योग्य नहीं है। यदि व्यापार और पानी रोका जाएगा तब विशेष फर्क भारत की अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ेगा, परंतु यदि युद्ध हुआ तो कितना नुकसान देश का होगा यह आकलन लगाना जरूरी है और देश की जनता पर क्या असर होगा। मेरे विचार से भारत सरकार जितना अधिक आर्थिक नाके बंदी पाकिस्तान का कर सकता है करना चाहिए और उसमें कुछ और देशों का सहयोग ले जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी कमजोर हो जाए कि वहां के नागरिक ही आतंकवादी संगठनों को स्वयं नष्ट करके मिट्टी में मिला दें। भारत युद्ध से बच सकता है तो बचे। हमारी खुफिया एजेंसी नाकाम सुरक्षा में चूक है और सरकार का गलत ब्यान की घाटी में सब कुछ सामान्य है। यह घोर लापरवाही है। इसकी जिम्मेदारी सरकार लेने के बजाय यह कह रही है कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों की तलाश की जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# सबसे पहले इन 'दुष्ट दानवों' को धर-दबोचो


लेखक : मुमुक्षु के. ठाकुर,
ओबड़ी,चंबा शहर(हि.प्र.)

पाकिस्तानी उग्रवादियों के इस अत्यंत ही जघन्य, दु:खद कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दु:ख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है, तथापि एक सकारात्मक भावना भी समस्त भारत में व्याप्त हो गई है कि देश के लगभग सभी राजनीतिक दलों और 140 करोड़ हिंदुस्तानी एकमत में केवल और केवल हमारे, हम सभी के प्यारे भारत देश के हित और सुरक्षा की बात कर रहे हैं। पहलगाम के बारे में बात करते हुए, कुछ विशिष्ट चिंतन कर अन्य विशेष पहलुओं के बारे में भी सोचा, समझा, किया जाए।

पाकिस्तान के वर्तमान, पुराने और आने वाले लगभग सभी जनरल, कर्नल वगैरा हर पल विश्व शांति के लिए बहुत ही बड़ा खतरा हैं! यही नहीं, आईएसआई के बड़े अधिकारी और अधिकतम पाकिस्तानी नेता- राजनीतिज्ञ और उनके मूर्ख 'चेले-चपाटे' भी विशेषकर दक्षिण एशिया और सारी दुनिया के लिए भी बहुत बड़ी नकारात्मक चुनौती हैं। मूर्ख या कहें सिरफिरे पाकिस्तानी नेता लोग, उग्रवादियों सहित बीसियों बार भारत और सारे विश्व को परमाणु बम की धमकियां देते फिरते हैं और खुद इन सभी दुष्टों ने इंग्लैंड, अमरीका तथा दुनिया के कई देशों में अपने लिए व्यक्तिगत रूप से करोड़ों- अरबों रुपए की धन-संपत्ति इकट्ठी और खरीद रखी है।

सारी दुनिया भली-भांति जानती है कि भारत की पाकिस्तान के साथ युद्ध वगैरह करने की कभी भी तनिक भी रुचि नहीं रही है, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात करने और इसका अनुसरण करने वाला भारत हजारों वर्षों से विश्व शांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक और पोषक पाकिस्तान पहलगाम तथा पुलवामा जैसे अत्यंत ही निकृष्ट और कायरता के दुष्कार्य करता रहेगा तो, भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थायी समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है।



ये केवल हम सभी भारतवासियों ही मानना, समझना नहीं है, बल्कि लाखों पढ़े-लिखे, समझदार साधारण पाकिस्तानी जनता के भी बहुत बड़ी आशंका, मत और लगभग पूर्ण विश्वास है कि पाकिस्तान के ये दुष्ट दानव करोड़ों लोगों को घोर हिंसा और भीषण युद्ध में झोंककर, खुद के प्राइवेट, चार्टेड विमानों से रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर विदेशों में जा जाकर छिप जाएंगे। भारत सहित विश्व के सभी देशों के द्वारा ये शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि मानवता और विश्व शांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टों, दानवों को तुरंत ही धर-दबोच कर कठोर दंड दिया जाए।

विश्व शांति और कल्याण के दृष्टिगत, व्यक्तिगत रूप से तो मेरी यह हार्दिक इच्छा है कि ऐसे भयंकर युद्ध की संभावना के बारे में मेरे ये सभी अनुमान और आशंकाएं सर्वथा गलत सिद्ध हों तथापि, किसी बड़े युद्ध की प्रतीक्षा करने या आरंभ होने से बहुत पहले ही भारत सहित सभी विश्व शक्तियों द्वारा ये संपूर्ण स्पष्ट कर देना अनिवार्य है कि ऐसे दुष्ट पाकिस्तानी उग्रवादी नेताओं और आईएसआई के अधिकारियों, कर्मचारियों को तुरंत ही 72 ( बहतर) हूरों के पास भेज दिया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वर्तमान** समय में देश में नशे की तलब में कत्ल जैसी खौफनाक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। नशे की हालत में भी संगीन जुर्म हो रहे हैं। ड्रग्स की अवैध तिजारत से नशे के सरगनाओं की दौलत में बेहताशा इजाफा हो रहा है। अगर गुरबत व नादारी से जूझ रहे नशेड़ियों के परिवारों की आर्थिकी का तवाजुन बिगड़ चुका है। अदालतों में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमों में लाभ हो रहा है। कानूनी शिकंजे में फंस चुके नशे के तलबगार बने कई युवाओं को बचाने के लिए अभिभावकों ने अपनी जमीन गिरवी रख दी है। धनवान बनने की लालच में कई मुलाजिमों ने अपना जमीर गिरवी रख दिया है। नतीजतन अंतरराष्ट्रीय सरहदों से शुरू हुई नशा सप्लाई की चेन नहीं टूट रही। ड्रग्स माफिया हर सूबे में अपने नशे का नेटवर्क कायम कर चुके हैं। सरकार को इस पर सख्त कदम लेने की जरूरत है।

**प्रीतम सिंह, कांगड़ा**

# बाल देखभाल अवकाश का अधिकार सभी महिला अधिकारियों के लिए आवश्यक


लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार नूरपुर

जब एक सरकारी महिला अधिकारी सुबह ड्यूटी पर जाती है, तो वह केवल एक कर्मचारी नहीं होती—वह एक मां भी होती है, एक पालक भी, एक मार्गदर्शक भी, परंतु जब यही महिला अपने छोटे बच्चे के लिए बुखार में भी छुट्टी न ले सके, तो यह केवल व्यक्तिगत संकट नहीं रह जाता—यह एक प्रशासनिक असंवेदनशीलता बन जाता है। आज हिमाचल प्रदेश में 'चाइल्ड केयर लीव' (CCL) जैसी जरूरी सुविधा केवल उन महिला कर्मचारियों तक सीमित है जिनके बच्चे विकलांग हैं, परंतु प्रश्न यह है कि क्या एक सामान्य बच्चे की परवरिश में मां की भूमिका कम महत्वपूर्ण है? क्या उसके पालन-पोषण में देखभाल, समय और स्नेह की उतनी आवश्यकता नहीं?

**मातृत्व कोई शर्तों पर आधारित भूमिका नहीं होती :** एक छह वर्षीय बच्चे की मां होने के नाते, मैं रोज यह संघर्ष महसूस करती हूं—सरकारी जिम्मेदारियों और मातृत्व के दायित्वों के बीच झूलते हुए निर्णय लेना, जहां कभी इंसाफ को तरजीह देनी पड़ती है और कभी मातृत्व को। ये दोनों भूमिकाएं स्पर्धा में नहीं, बल्कि संतुलन में होनी चाहिए।

**अन्य राज्यों और देशों की स्थिति :**

एक तुलना भारत सरकार की महिला कर्मचारियों को 730 दिन की CCL मिलती है।

. दिल्ली, पंजाब, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने भी इसे अपनाया है।

. स्वीडन, नॉर्वे, और जापान जैसे देशों में माता-पिता को संयुक्त रूप से कई महीनों की पेड लीव मिलती है, जिससे न केवल बच्चे को संपूर्ण देखभाल मिलती है, बल्कि महिला की नौकरी भी सुरक्षित रहती है।



. OECD रिपोर्ट, NDP का HDI, और World Economic Forum की Gender Gap Report बार-बार यह दर्शाती हैं कि जहां परिवार और कार्य के बीच संतुलन की नीति होती है, वहां महिला सहभागिता और राष्ट्रीय उत्पादकता दोनों बढ़ती हैं।

. CCL को सीमित करना-नीति में असमानता और प्रशासन में असंतुलन

. क्या हम यह मान लें कि केवल विकलांग बच्चे ही मां की जरूरत रखते हैं?

. CCL को केवल विशेष स्थितियों तक सीमित करना, सभी कामकाजी माताओं के साथ अन्याय है।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-z) और NITI Aayog की SDG रिपोर्ट दर्शाती है कि कार्यस्थल पर महिला सहभागिता उस समय बढ़ती है जब उन्हें पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा और मातृत्व सहायता मिलती है।

जब हम महिलाओं को CCL नहीं देते, तो हम उन्हें या तो नौकरी छोड़ने पर मजबूर करते हैं या मातृत्व के कर्तव्यों को टालने पर।

**क्या किया जाना चाहिए- नीति-निर्माताओं से अपेक्षाएं :** हिमाचल सरकार को चाहिए कि वह इस विषय पर गंभीरता से विचार करे और निम्नलिखित ठोस कदम उठाए:

1 CCL का विस्तार सभी महिला सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों तक किया जाए, चाहे उनके बच्चे विकलांग हों या न हों।

2.CCL को केंद्र सरकार की तर्ज पर 730 दिन (दो वर्षों तक) की अवकाश योजना के रूप में अपनाया जाए।

3.मातृत्व अवकाश के साथ-साथ पितृत्व अवकाश और संयुक्त अभिभावक देखभाल नीति पर भी विचार हो, जिससे परिवार आधारित नीति को बढ़ावा मिले।

**4.**Fle&i Working Hours और Hybrid Working Model जैसे प्रावधान विशेषकर महिला अधिकारियों के लिए लागू किए जाएं।

**5.**CCL लेने वाली महिला कर्मियों को किसी प्रकार की गोपनीय प्रतिकूल प्रविष्टि (Adverse Entry) या अप्रत्यक्ष दंड से बचाया जाए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...



**देश** में आम नागरिकों की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी वीआईपी की। आए दिन आम लोग आतंकवादी, नक्सली और असामाजिक तत्वों के हमलों में अपनी जान गंवा रहे हैं। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी। यह घटना दर्शाती है कि सुरक्षा एजेंसियों को पुख्ता जानकारी नहीं थी और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था नदारद थी। देश की जनता सवाल कर रही है कि जब वीआईपी को टैक्सपेयर्स के पैसों से विशेष सुरक्षा दी जाती है, तो आम आदमी की सुरक्षा की अनदेखी क्यों? आजादी के इतने वर्षों बाद भी आम नागरिक असुरक्षित क्यों है? हम चांद पर पहुंच गए हैं, लेकिन अपने ही देश में नागरिक सुरक्षित नहीं हैं। अब वक्त है कि केंद्र सरकार आतंकवाद पर निर्णायक और सख्त कदम उठाए। ऐसे हमलों की रोकथाम के लिए खुफिया तंत्र मजबूत किया जाए और आम लोगों को भी सुरक्षा का भरोसा मिले। देश की जनता राजनीति से ऊपर उठकर यह मांग कर रही है कि अब हर हिंदुस्तानी को अपने देश में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार मिलना चाहिए।

**-हेमराज राणा**
**सिरमौर**



**अनंत** ज्ञान ने जब भी जनसमस्याओं से जुड़े मसले उठाए तब उन पर असर भी हुआ और समाधान भी। मैं भी हिंदी दैनिक के माध्यम से सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहता हूं। अपने पड़ोस में फैली गंदगी से बहुत परेशान हूं। इसे मंडी जिले की डंपिंग साइट कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी। इससे खुले में वातावरण दूषित हो रहा है। सुंदरनगर तहसील के अंतर्गत आती गांव धनोटू की मशहूर सब्जी मंडी जो बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना की नहर से सटी है की नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं। वहीं, बास मारते कूड़े के ढेर जगह-जगह लगे पड़े हैं जो नरक से कम नहीं हैं, क्योंकि सब्जी मंडी के दोनों तरफ के मार्ग राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 से जुड़े हैं और यहां से दूर-पार की गाड़ियां भी आती जाती हैं। कौन गंदगी डाल गया कोई नहीं पता, मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि संबंधित विभाग एवं सरकार ने भारी कमी रखी है, वह यह कि सब्जी मंडी शुरू होने से पहले इन दोनों संपर्क मार्गों पर वॉच मैन (सिक्योरिटी गार्ड) के लिए शैड आदि तैयार कर लिए गए थे, मगर सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती नहीं की गई और बिना व्यवस्था बनाए सब्जी मंडी शुरू कर दी गई। बाद में वो शैड भी गायब हो गए। अब हालत यह है कि यहां गंदगी डालना-फैलाना बेरोकटोक जारी है जिसका खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। ग्रामीण इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन तक भी गए, मगर खासकर दो ग्राम पंचायतों महादेव तथा जुगाहन से जुड़े इस गंदगी के साम्राज्य को सुधारने के लिए कोई बड़ा कदम नहीं उठाया गया है। उपायुक्त मंडी व प्रदेश की सुक्खू सरकार को चाहिए इससे पहले कि कोरोना की भांति कोई भयंकर महामारी फैले शीघ्र ही सिक्योरिटी गार्ड तैनात कर कूड़ा-कर्कट आदि डालने वालों का मौके पर ही जुर्माना वसूलने की कार्रवाई शुरू कर देनी चाहिए।

**-भीम बसेड़ू, महादेव, सुंदरनगर**
**मोबाइल : 9816129019**



**दैनिक** अनंत ज्ञान की हालिया खबरों का प्रकाशन बेहतरीन रहा है। सबसे अच्छी बात है कि इस अखबार में पूरे हिमाचल की खबरें पढ़ने को मिल रही है। पिछले दिनों पहलगाम में हुए आंतकी हमले से जुड़ी खबरों को पूरी जिम्मेदारी और सावधानी से प्रकाशित किया है। इसके देश विदेश की खबरों का चयन में काफी अच्छा है। खबरों का चयन और प्रस्तुतीकरण सूझबूझ तरीके से कर रहा है। यह अनुभवी टीम और बेहतर प्रबंधन से ही संभव है। पारदर्शिता का प्रकाशन, शब्दों में सुशासन, संवाददाताओं का अपने कर्म के प्रति अनुशासन ही अनंत ज्ञान की पहचान बन गया है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों को स्टिक और त्वरित जानकारियां पहुंचाने का कार्य कर रहा है। हम आपकी अखबार और टीवी चैनल के माध्यम से प्रदेशभर की खबरें पढ़ते आ रहे है। आपके द्वारा दी गई सारी जानकारी हमारे लिए बहुत उपयोगी रहती है। खबरों के अलावा हिमाचल की कला और संस्कृति को उजागर करने की पहल सराहनीय है।

**मुकेश विग**
**सोलन**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जोगिंद्रनगर में किसानों ने बेदखली, नशा व डॉक्टरों की कमी को लेकर बोला हल्ला

अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर

**हिमाचल** किसान सभा की जोगिंद्रनगर कमेटी द्वारा किसानों को भूमि का मालिकाना हक देने, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने व युवाओं को नशे के बहुते जाल से बचाने के लिए एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया गया। डेढ़ महीने तक 84 पंचायत स्तरीय बैठकों और तीन वृहद प्रदर्शनों के बाद यह आंदोलन निर्णायक चरण में पहुंचा। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए।

**प्रदर्शन के बाद सीएम और पीएम को भेजे ज्ञापन**

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि किसानों की बेदखली तत्काल प्रभाव से रोकी जाए और प्रत्येक किसान को 5 बीघा तक भूमि मुफ्त में दी जाए। साथ ही जमीन और मकानों का मालिकाना हक प्रदान करने, वन संरक्षण कानून 1980 में संशोधन कर किसानों को नियमित पट्टे देने तथा वनाधिकार कानून 2006 को लागू करने की मांग उठाई गई।

प्रदर्शनकारियों ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की गंभीर स्थिति पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने जोगिंद्रनगर उपमंडल में युवाओं के बीच बढ़ते नशे के प्रकोप को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। आरोप लगाया गया कि नशे के कारोबार को राजनीतिक संरक्षण मिलने के कारण पुलिस कार्रवाई प्रभावी नहीं हो रही है। धरने के दौरान कून का तर में पैदल पुल की 10 दिनों में मरम्मत करवाने की मांग भी रही। (अनंत ज्ञान)

# धर्मपुर में एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन

## किसान सभा ने अवैध डंपिंग, रियूर दलित बस्ती, बनाल व बनेहरडी में निर्माण कार्य से हुए नुकसान का उठाया मुद्दा

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**हिमाचल** किसान सभा ब्लॉक कमेटी द्वारा एसडीएम कार्यालय धर्मपुर के बाहर एनएच निर्माण कंपनी बीआरएन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा, बाला राम, मोहनलाल, नानक चंद, रामचंद, करतार सिंह, जय गोपाल कटवाल, ज्ञान चंद, रमेश पालसरा आदि ने किया।

### 15 दिन में कार्रवाई नहीं की तो करेंगे चक्का जाम

**अगले** 15 दिन में निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं बारे कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सभा चक्का जाम करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। किसान सभा ने सीएम सुक्खू को वनाधिकार कानून 2006 को लागू करने के लिए भी मांगपत्र भेजा और तब तक किसानों के कब्जे हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग उठाई।



प्रदर्शन के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए लोग।

### तहसीलदार ने एसडीएम को सौंपी जांच रिपोर्ट, 2 मई को होगी चर्चा

**तहसीलदार** धर्मपुर रमेश भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने किसान सभा की शिकायत पर जांच पूरी करके एसडीएम को सौंप दी है और अब एसडीएम ने 2 मई को कंपनी और राष्ट्रीय उच्च मार्ग के परियोजना निदेशक व अन्य विभागीय अधिकारियों और शिकायतकर्ता किसान सभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक बुलाई है, जिसमें जांच रिपोर्ट बारे चर्चा की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रदर्शन के बाद तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम को मांगपत्र सौंपा। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कंपनी द्वारा की गई अवैध डंपिंग, ब्लास्टिंग, खनन और अन्य निर्माण सबंधी लापरवाही के बारे में प्रशासन को पहले भी मांगपत्र दिए गए हैं, लेकिन कंपनी की मनमानी जारी है जिससे कई गांवों में रास्ते तोड़ दिए गए हैं। प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत नष्ट कर दिए गए हैं, मकानों के आसपास कटिंग करने के बाद सुरक्षा दीवारें नहीं लगाई गई हैं और मालबा लोगों की मलकियत भूमि पर डाला जा रहा है। बनाल में दो स्थानों पर निजी भूमि पर डंपिंग साइट कंपनी ने ली है, लेकिन वहां पर ली गई भूमि से कई गुना अधिक मात्रा में बिना रिटेनिंग दीवारों के मलबा डाला जा रहा है। यही स्थिति बनेहरडी के पास फेंकी जा रहे मलबे की है, जिससे कई पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं । मलौन के पास भी खतरा पैदा हो गया है। पांच दिन पहले रियूर ओबीसी और अनुसूचित जाति की बस्ती के घरों की सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए कंपनी ने वादा किया था, लेकिन वे उसके बाद नदारद हैं। बनाल में एक महिला से कंपनी के कर्मचारियों ने दो दिन पहले बदसलूकी की है। हालांकि सभा की शिकायत पर एसडीएम स्वाति डोगरा ने कंपनी के खिलाफ तहसीलदार धर्मपुर रमेश भारद्वाज की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा मौके पर जाकर नुकसान का आकलन किया है जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी। जांच टीम के साथ पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बिना किसी विभागीय अनुमति के खनन किया जा रहा है। एसडीएम ने वन भूमि पर अवैध डंपिंग और अवैध खनन के बारे सबंधित विभागों से भी रिपोर्ट तलब की है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वार, करनोडी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने बताया कि विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले 11 केवी बीएसएनएल फीडर और आईपीएच रोपा फीडर की आवश्यक मरम्मत के लिए 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक बीएसएनएल एक्सचेंज, रोपा, नया बस अड्डा, स्वार, करनोडी, हमसफर, हंडेटी, खरीरी, चौगान, बोर्ड कॉलोनी आदि में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम व परिस्थितियों के अनुसार कार्य में बदलाव भी किया जा सकता है। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### नौलखा व जरल में बनाई जाए वर्षाशालिका

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चौक व जुगाहन पंचायत से सटे फोरलेन पर सुंदरनगर से वाया जरल व नौलखा गांव आदि को जाते फोरलेन पर वर्षाशालिका न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि मंडी की ओर जाने के लिए चौक पंचायत यानी नौलखा गांव के फोरलेन पर लोग खुले में चिलचिलाती धूप तथा खराब मौसम की स्थिति में बस इत्यादि का इंतजार करने के लिए मजबूर हैं। यही हालत गांव जरल की भी है जहां बार-बार की मांग के बावजूद भी संबंधित प्राधिकरण ने किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई है, जिससे परेशानी गहराती जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े यात्रिगण वर्षाशालिका के न होने की स्थिति में हिमाचल तथा केंद्र सरकार को कोसते नजर आते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम के चलते राहगीर वर्षाशालिका की सुविधा के न होने से भारी परेशानी झेल रहे हैं। लोगों ने उपायुक्त मंडी व भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण से मांग की है कि शीघ्र ही नौलखा व जरल में वर्षाशालिका निर्मित करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं।

### नलसर में 61 लोगों का फ्री जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केन्द्र नलसर द्वारा सोमवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। एक दिवसीय इस फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार ने रिबन काटकर किया। व्यापार मंडल के प्रधान हरीश कुमार ने पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र नलसर के संचालक दर्पण शर्मा, चिकित्सकों की टीम जिसमें डॉ. ईशान वशिष्ठ, कोऑर्डिनेटर मनोहर लाल, धर्मचंद शर्मा के सेवा भाव की सराहना की और भविष्य में भी क्षेत्र में इस प्रकार के कैंप लगाने का आग्रह किया। फ्री हेल्थ चेक अप कैंप में नलसर व इसके आसपास के लगभग 61 लोगों ने अपना चेकअप करवाया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के महासचिव विनोद जसवाल, सह कोषाध्यक्ष रामलाल बंसवाल, पैटर्न हितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कश्मीर शर्मा, कुलदीप ठाकुर सहित हीरा ठाकुर व संतोषी देवी भी मौजूद रहे ।

### आंदोलनकारी शिक्षकों का निलंबन ठीक नहीं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रांत इकाई हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ के सभी पदाधिकारियों ने धरने के माध्यम से अपने हितों की रक्षा के लिए जेबीटी शिक्षकों के निलंबन के आदेशों को वापस लेने का आग्रह सरकार से किया है। प्रांत अध्यक्ष विनोद सूद ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा सुधारों के नाम पर प्रदेश के शिक्षकों के वित्तीय लाभों व उनके पदोन्नति के अवसरों को छिनने का डर अध्यापकों को सता रहा है। ऐसे में यदि लोकतांत्रिक तरीके से शिक्षक अपनी बात रख रहे हैं तो ऐसा निलंबन और फिर 900 शिक्षकों पर एफआईआर जैसा कड़ा प्रहार करना सुख की सरकार के नाम के अनुरूप नहीं है। प्रांत मीडिया प्रमुख शशि शर्मा ने कहा कि शिक्षक पहले ही कई प्रकार से आशंकाओं से घिरे हुए हैं। क्योंकि हिमाचल प्रदेश सरकार में बैठे अधिकारी नित नए-नए फरमान निकाल कर शिक्षकों को परेशान कर रहे हैं।

### भद्रवाड़ में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रवाड़ में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर कोच सुनील कुमार शेन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिखाए गए। यह गुर कक्षा 6वीं से 12वीं कक्षा तक की लगभग 69 लड़कियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया समग्र शिक्षा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल अश्विनी शर्मा ने सभी लड़कियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को मौके पर ही प्रमाण पत्र सौंपे। आपको बता दें कि यह प्रशिक्षण 19 से 22 अप्रैल तक दिया गया। आत्मरक्षा के इस प्रशिक्षण के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल अश्विनी शर्मा एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### हरवंश बनयाल के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हरबंस बनयाल 78 वर्ष का उनके निवास स्थान रोपा कॉलोनी, सरकाघाट में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई आयाम सिद्ध किए थे और वह समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे थे वह अपने पीछे पत्नी दो बेटे पोते पोतियो भरा पूरा परिचार छोड़ गए हैं उनकी सोमवार दोपहर को चंद्राकड़ी श्मशान घाट में अन्त्येष्टि कर दी गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी। उनके निधन पर विधायक दिलीप ठाकुर कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# हिमाचल सरकार ने मनरेगा के केंद्र को जमा करवाने हैं 123 .24 करोड़: नंदा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**भाजपा** प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी एक झूठा नॉरेटिव बनाने का प्रयास कर रही है। अगर प्रदेश में मनरेगा के काम ठप है तो उसके लिए केवल मात्र वर्तमान सुक्खू सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने मनरेगा स्कीम के केंद्र सरकार को 123.24 करोड़ देने हैं, जिसके कारण प्रदेश की किस्त लंबित है।

सवाल तो यह खड़े होते हैं कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बताएं कि क्या 11 दिसंबर 2024, 7 जनवरी 2025, 27 फरवरी 2025 और 25 मार्च 2025 को केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के खजाने में मनरेगा के तहत 25 करोड़ नहीं भेजे गये थे? क्या वित्त वर्ष 2024 एवं 2025 में मनरेगा के 414 करोड नहीं आए? अगर मनरेगा की बकाया राशि हिमाचल प्रदेश के खजाने में नहीं आई तो उसके लिए क्या कांग्रेस सरकार जिम्मेदार नहीं है? नंदा ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत अगर पूरे देश की बात करें तो 75 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करती है और 25 प्रतिशत प्रदेश सरकार। शायद कांग्रेस सरकार यह भूल गई होगी कि प्रदेश में 90 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करती है व केवल 10 प्रतिशत खर्च वर्तमान हिमाचल सरकार और यह भाजपा की केंद्र शासित सरकार की देन है।

# धर्मपुर भाजपा का पहलगाम हत्याकांड पर मंडप में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा मंडल धर्मपुर ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में धर्मपुर भाजपा मंडल ने पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए मंडप बाजार में पाकिस्तान द्वारा संचालित गतिविधियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए नारेबाजी की। साथ ही नायब तहसीलदार मंडप ओम सीखा शर्मा के हाथों राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर भाजपा धर्मपुर मंडल अध्यक्ष लेख राज ठाकुर, जिला पार्षद जगदीश चंद, प्रधान चौकी मुरारी लाल, प्रधान चुनौता सविता गुप्ता, प्रधान ब्रांग, बलदेव पराशर, पूर्व प्रधान दलीप सिंह, सुनील राणा, कृष्ण चंद सहित कई मौजूद रहे।

# शिक्षकों व कर्मियों की आवाज दबाने पर उतरी सरकार, लोकतंत्र का हो रहा अपमान: जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** सरकार का कर्मचारी और शिक्षक विरोधी चेहरा अब पूरी तरह सामने आ गया है। जो शिक्षक और कर्मचारी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे, उन्हें निलंबित करना सरकार की तानाशाही मानसिकता का प्रमाण है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने अपने अधिकारों के समर्थन में धरना दिया था, लेकिन सरकार ने संवाद और समाधान का रास्ता छोड़कर दमन का मार्ग चुना। यह न सिर्फ कर्मचारियों का अपमान है, बल्कि लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों पर सीधा हमला है।



**कहा- मेरे क्षेत्र के शिक्षक रामसिंह सहित सभी का निलंबन तुरंत हो वापस**

प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष व मेरे विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रामसिंह राव सहित सभी पदाधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। सरकार का यह निर्णय पूरी तरह से निंदनीय, अलोकतांत्रिक और अन्यायपूर्ण है। मैं सरकार से स्पष्ट मांग करता हूं कि रामसिंह राव सहित प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी निलंबित पदाधिकारियों को अविलंब बहाल किया जाए,

आंदोलन करने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों के खिलाफ सभी दमनकारी कार्रवाइयों को तत्काल समाप्त किया जाए,सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक संवाद स्थापित करे, न कि उनका उत्पीड़न करे। कर्मचारी और शिक्षक किसी भी राज्य की प्रगति की रीढ़ होते हैं। अगर उनकी आवाज दबाई जाती है, तो यह पूरे समाज के भविष्य के साथ अन्याय है। भारतीय जनता पार्टी कर्मचारियों और शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और न्याय के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। सरकार को याद रखना चाहिए कि जो आवाजें दमन से दबाई जाती है।

# दो सप्ताह में बहाल होगी 'कून का तर' पैदल पुल पर आवाजाही

## कई माह से था क्षतिग्रस्त, लोक निर्माण विभाग ने पुल की मरम्मत का आधा कार्य किया पूरा

प्रशांत मोहन, कोटली

**कई** दशकों से उपेक्षा का शिकार 'कून का तर' पैदल पुल एक बार फिर गुलजार होने जा रहा है। उपमंडल मुख्यालय कोटली को जोगिंद्रनगर क्षेत्र से जोड़ने वाला, मंडी के विक्टोरिया ब्रिज की तर्ज पर बनाया गया यह पैदल पुल किसी ऐतिहासिक धरोहर से कम नहीं है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से इसकी मरम्मत के लिए किए जा रहे प्रयासों से जहां एक ओर पिछले कई महीनो से ठप पड़ी लोगों की आवाजाही बहाल होगी। वहीं कई वर्षों से बेजान पड़ी इस ऐतिहासिक धरोहर को पुनर्जीवन प्राप्त होगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की तकनीकी सूझबूझ के चलते केवल लेबर खर्च पर ही इस पुल का नवनिर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए अधिक से अधिक 10 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। लोक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर डीके वर्मा ने बताया कि इस पुल की मरम्मत के लिए इधर-उधर के कामों से वेस्ट लोहे का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग को केवल फेब्रिकेशन और लेबर पर ही बजट खर्च करना है।

उन्होंने बताया कि अब तक मरम्मत का तकरीबन आधा काम मकम्मल हो चुका है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दो हफ्तों के अंदर यह पुल लोगों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन योग्य पुल का निर्माण कार्य भी आरंभ कर दिया गया है जिसे वाहनों की आवाजाही के लिए कुछ ही महीना में बहाल कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### मंडी के विक्टोरिया ब्रिज के मॉडल में बनाया था पुल

**स्थानीय** निवासी सेवानिवृत्त तहसीलदार गुलाब सिंह ठाकुर बताते हैं कि सन 1945 में बनवाए गए इस पैदल पुल को मंडी के विक्टोरिया ब्रिज के मॉडल के अनुसार बनवाया गया था, लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे यह ध्वस्त होता चला गया। जिसके चलते इस पर लोगों की आवाजाही बंद हो गई। उन्होंने बताया कि बाद में इस पैदल पुल की समानांतर दूरी पर एक वाहन योग्य पुल बन जाने के बाद से तो कई दशकों तक लगातार यह उपेक्षा का दंश झेलने को मजबूर हो गया था। व्यापार मंडल कोटली के प्रधान थलिया राम ने बताया कि वर्ष 2023 की बरसात में आई आई भयंकर बाढ़ में इसके समानांतर बना वाहन योग्य पुल बह जाने के बाद जब लोगों के लिए आर पार जाना असंभव हो गया था तो लगभग 1 वर्ष तक तो लोग अपनी जान जोखिम में डालकर एक अस्थाई झूले का प्रयोग करते रहे लेकिन नए वाहन योग्य पुल के निर्माण के चलते वह भी वहां से हटा दिया गया।

# एमसी चौहान 11वीं बार बने प्रधान, केसी नेगी महासचिव

**पधर, कविता।** सामुदायिक भवन पधर में हिम आंचल पेंशनर संघ द्रंग खंड के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया का संचालन पर्यवेक्षक जय राम नायक की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी हेम सिंह ठाकुर और माया राम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। चुनाव में सर्वसम्मति से एमसी चौहान को एक बार फिर खंड का प्रधान चुना गया। यह उनका लगातार ग्यारहवां कार्यकाल है। इसके अलावा केसी नेगी को महासचिव, बेसर राम को वरिष्ठ उपप्रधान, खेम सिंह ठाकुर को कोषाध्यक्ष, भूप सिंह को मुख्य सलाहकार, मनोज को कानूनी सलाहकार तथा टेक चंद को सह सचिव नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी के शेष पदाधिकारियों का चयन आगामी बैठक में प्रधान की देखरेख में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# श्री हाटेश्वरी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर 4 मई को

**आदर्श, नेरचौक।** सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री हटेश्वरी माता मंदिर परिसर हटगढ़ में 4 मई के दिन एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती शाखा मेडिकल कॉलेज नेर चौक के अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के दूरदराज रहने वाले लोगों को घर द्वार पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र की आम जनता से शिविर में बढ़ चढ़ कर भाग लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजिस्ट निःशुल्क जांच करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# टकोली में बाबा बालकनाथ की विशाल चौकी व भंडारा लगाया

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** टकोली में बाबा बालकनाथ की असीम कृपा से आठवीं भव्य विशाल चौकी व भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व टकोली निवासी श्याम सुंदर और ऋषि कुमार जी ने किया, जो लगातार आठ वर्षों से अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में इस धार्मिक आयोजन को करवाते आ रहे हैं। विशाल चौकी कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक पिरती सिलों और रूहानी चाहत ने बाबा जी की महिमा का गुणगान कर समां बांधा। पिरती सिलों नें अपने भजनो में से दिल बाबे नाल लाले, मोर सवारी आंदा बाबा, नच्च लेन दे और रूहानी चाहत ने गिदढा जोगी दा, साहा तो प्यारा, सोहनी सिंगी एवं अन्य भजन गाकर पंडाल में बैठे समस्त भक्तो कों खूब नचाया। रूहानी चाहत पहली बार टकोली आईं और उन्होंने भक्तों की आस्था और प्रेम की खुले दिल से सराहना की। सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए रोट प्रसाद की व्यवस्था रही और बाद में विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आईआईटी मंडी ने 5 वर्षीय एकीकृत एमबीए कार्यक्रम में प्रवेश को मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आईआईटी मंडी ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अपने 5 वर्षीय एकीकृत एमबीए (बीबीए एनालिटिक्स ऑनर्स) और एमबीए डीएस एंड एआई) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रबंधन विद्यालय द्वारा प्रस्तुत यह विशेष कार्यक्रम छात्रों को भविष्य के प्रबंधक और व्यावसायिक लीडर्स बनने के लिए एक परिवर्तनकारी शैक्षिक यात्रा प्रदान करता है। इस कोर्स का पाठ्यक्रम व्यापार प्रबंधन विषयों को उन्नत एनालिटिकल और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेन्स आधारित पाठ्यक्रमों के साथ सहजता से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्र विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यापारिक पहलुओं में गहन अध्ययन करते हैं। यह कार्यक्रम छात्रों को किसी संगठन में काम करते हुए एक पूरे सेमेस्टर-लंबी इंटर्नशिप के माध्यम से औद्योगिक अनुभव प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, कार्यक्रम उद्यमिता को बढ़ावा देता है, जिसमें छात्रों को आईआईटी मंडी के इनक्यूबेशन सेंटर तक पहुंच और गंभीर उद्यमी प्रयासों के लिए एक वर्ष का अवकाश विकल्प प्रदान किया जाता है।

# पूर्व सीपीएस ने किया शुकदेव वाटिका में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

**सुंदरनगर** के शुकदेव वाटिका के पार्क के कायाकल्प को लेकर पूर्व सीपीएस सोहनलाल ठाकुर ने सोमवार को शुकदेव वाटिका में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर परिषद के सहायक अभियंता ई. घनश्याम, अधिकारी और कांट्रेक्टर भी मौजूद रहे। पूर्व सीपीएस सोहनलाल का उद्देश्य इस वाटिका को और भी सुंदर और आकर्षक बनाना है, जिससे आम जनता को सुविधा हो सके।

इस परियोजना के तहत शुकदेव वाटिका के सौंदर्यीकरण पर एक करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। पूर्व सीपीएस एवं पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने कहा कि शुकदेव वाटिका के पार्क का भव्य मुख्य गेट बनाया जाएगा। पार्क में अपनी का फव्वारा बन रहा है। पानी की निकासी के लिए बने ड्रेन को भी नए रूप से बनाया जा रहा है। पौध रोपण किया जा रहा है। आम जनता की सुविधा के लिए यह कदम उठाया गया है। उनके निर्देशों के बाद, नगर परिषद द्वारा इस परियोजना पर काम शुरू कर दिया है।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हितेश शर्मा ने वाटिका में किया जा रहे हैं सौंदर्य करण के कार्यों को लेकर विभिन्न जानकारी दी।



शुकदेव वाटिका में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए पूर्व सीपीएस।

# मिट्टी खुदाई से बीबीएमबी की पुरानी स्कूल बिल्डिंग और सरकारी क्वार्टरों का मैदान हो सकता है धड़ाम

भीम बसेड़ू, महादेव

**बीएसएल** (बीबीएमबी) सुंदरनगर के जमा दो स्कूल के मैदान के यहां मिट्टी खुदाई का काम चल रहा है, लेकिन साथ के सरकारी क्वार्टरों का मार्ग एवं मैदान और स्कूल की पुरानी बिल्डिंग को खतरा पैदा हो गया है। हल्के ऊंचे भाग की लगातार की जा रही खुदाई से मार्ग और बिल्डिंग इसलिए भी बरसात में भूमि कटाव की स्थिति में ढह सकती है।

शीघ्र ही सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के लिए डंगा न लगाया गया तो नुकसान अधिक हो सकता है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पहले मैदान की सुरक्षा दीवार का एक बड़ा भाग ढहा पड़ा है और मैदान का एक बड़ा किनारे का भाग भी भूमि कटाव के कारण गड्ढों में तब्दील हो चुका है, जिसको अपने हाल पर छोड़ दिया गया है तथा थोड़ी सी चूक होने पर कोई खिलाड़ी आदि गिरकर किसी बड़ी अनहोनी का शिकार हो सकता है।

इसके अलावा यहां मुकम्मल दीवार एवं डंगे आदि का सुधार न किया तो काफी नुकसान हो सकता है। लोगों ने स्कूल प्रशासन तथा मुख्य अभियंता बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही मैदान को सुधारने एवं खुदाई वाले स्थान के यहां मजबूत डंगे लगाने को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)



मिट्टी खुदाई से स्कूल बिल्डिंग व सरकारी क्वार्टरों को पैदा हुआ खतरा।

**अनदेखी** जगह-जगह गड्ढे, अब तक नहीं उठाए गए बीती बरसात में गिरे ल्हासे

# बदहाली के आंसू बहा रही सनौर-फिहड़ सड़क

रितेश चौहान, सरकाघाट

**धर्मपुर** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सनौर-फिहड़ सड़क अपने बदहाली के आंसू बहा रही है। इस सड़क की कोई भी सुध नहीं ले रहा है। वाहन मालिकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहे हैं।

पिछली बरसात में गिरे लहासों की मिट्टी अब भी सड़क किनारे पड़ी है, जिससे वाहन चालकों को गाड़ी पास करने में भारी परेशानी हो रही है। गाड़ी पास करती बार आधा किलोमीटर गाड़ी आगे पीछे करनी पड़ती है। सड़क किनारे मलबा होने के कारण नालियां जगह-जगह बंद पड़ी हैं। यह सड़क मार्ग संधोल जाने वाले लोगों के लिए नजदीक पड़ता है। गौरतलब है कि 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रुपए खर्च करके प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया गया है। हैरानी इस बात की है कि कई वर्ष इस सड़क को बने हुए हो गए हैं, लेकिन अभी तक इसमें पक्की नालियों का निर्माण कार्य नहीं किया गया है। लोगों में रोशन लाल, ओम प्रकाश, भागमल गुलेरिया, विपिन कुमार, अशोक कुमार, राजेश कुमार, प्रताप सिंह, हरि सिंह, रामलाल, पंकज कुमार, सुरेश, अश्वनी, हीरा सिंह, जयचंद, जोगिंद्र पाल, भाग सिंह, प्रभु दयाल, सीता देवी, सपना देवी, मीना देवी, रामपाल, कश्मीर सिंह, अजीत सिंह, रामनाथ, नत्थूराम, रामशरण, आसाराम, वीर सिंह, प्रेम सिंह, दूनी चंद, सुरेश कुमार, ममता देवी, कृष्ण चंद्र, कपिल देव, परम देव, अरुण कुमार, केशव राम आदि ने इस सड़क को जल्द ठीक करने की विभाग व सरकार से गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)



**जल्द** ही सड़क में पैच वर्क का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लोगों व वाहन चालकों को हो रही परेशानी से जल्दी निजात दिलाई जाएगी और जहां पर डंगे गिरे हैं, उन्हें बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

**-अनिल कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल, धर्मपुर।**

# विकासात्मक कार्यों को तय समयसीमा के भीतर करें पूरा: गौरव

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल करसोग में होने वाले विभिन्न विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के माध्यम से करसोग उपमंडल में किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम ने सभी विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर विकास कार्यों में गति लाने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र इनका लाभ मिल सके।

# राज्यपाल ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में टेका माथा

## भरवाईं शिव मंदिर से चिंतपूर्णी तक लगाए जाएं वाटर कूलर

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



राज्यपाल को डीसी माता की पिंडी का फोटो भेंट करते हुए।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को मां चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेका और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों और मंदिर प्रशासन ने राज्यपाल का मंदिर पहुंचने पर स्वागत किया। मंदिर के पुजारी नभ कालिया ने मंत्रोच्चारण के साथ राज्यपाल से विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। राज्यपाल ने मंदिर में माथा टेका और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इससे पहले राज्यपाल ने शिव मंदिर भरवाईं में भी पूजा-अर्चना की। राज्यपाल ने मंदिर प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की और कहा कि मंदिर प्रशासन को और भी बेहतर बनाने के लिए काम करना चाहिए। इस मौके पर डीसी ऊना जतिन लाल, एसपी ऊना राकेश सिंह, मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल भी मौजूद रहे। डीसी ऊना ने राज्यपाल को माता चिंतपूर्णी की फोटो भी भेंट की।

राज्यपाल ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए अधिकारियों को भरवाईं शिव मंदिर से लेकर चिंतपूर्णी तक जगह-जगह वाटर कूलर लगाने के आदेश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। राज्यपाल के इस आदेश की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की और कहा कि वह जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति हैं, जो छोटी-छोटी बातों को भी नोट करते हैं।

# धूं-धूं कर जल रहे रामगढ़ धार के जंगल

## पांच दिन से आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे वन विभाग के अधिकारी व कर्मी

**अनंत ज्ञान, जोल**

तलमेहड़ा ब्लॉक के रामगढ़ रेंज का ध्यूंसर जंगल भी अब आग की चपेट में आ गया है।

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रामगढ़ रेंज के जंगल में आग लगना शुरू हुई है, जोकि अब धीरे-धीरे गांव बडोआ और तलमेहड़ा के साथ लगते ध्यूंसर वीट के जंगलों में फैल गई है। वन विभाग के अधिकारियों एवं तलमेहड़ा ब्लॉक के फॉरेस्ट गार्ड बृजेश राणा, फायर वाचर दिनेश कुमार व राकेश कुमार ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन इलाके में लगी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। रामगढ़ रेंज के कुछ इलाकों में पिछले पांच दिनों से जंगल में आग लग हुई है। हालांकि, जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस बार गर्मी अधिक होने के कारण हर रोज जंगलों में आग की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जंगलों के आसपास रहने वाले लोग अधिक घास के लालच में गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगा देते हैं, जिससे अच्छी घास उगती है। इस आग से वन संपदा के साथ-साथ वन्यजीवों को भी नुकसान हो रहा है, लेकिन आग से जंगलों को बचाने के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस संबंध में वन विभाग खुरवाईं के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार का कहना है कि आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारे वन कर्मी व लोग आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। स्थानीय निवासी गांव बड़ोआ के मक्खन सिंह, हाकम चंद, दिनेश कुमार, जगदीश चंद, तिलकराज, अशोक कुमार ने बताया कि ध्यूंसर के आसपास की पहाड़ी पर भीषण आग लगी हुई है। पूरी पहाड़ी आग की लपटों में धूं-धूं कर जल रही है।

## मोबाइल की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान



दुकान में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन विभाग के कर्मी।

**अनंत ज्ञान, अंब**

सोमवार दोपहर अंब बाजार के बीचों-बीच मोबाइल व मोबाइल एसेसरीज बेचने वाली एक दुकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया। स्थानीय बाजार वालों ने बड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि इस अग्निकांड में न केवल दुकानदार बाल-बाल बचा, बल्कि पूरी मार्केट भी इस आग की चपेट में आने से बच गई। दुकान के मालिक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपनी दुकान से कुछ सामान लेने के लिए बाहर निकला था, जब वह वापस गया, तो तब तक उसकी दुकान में आग लग गई थी। उसने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, मगर देखते ही देखते आग प्रचंड रूप लेती चली गई। इसके बाद वह दुकान से बाहर निकल आया और उसने शोर मचाया। उसके शोर के बाद स्थानीय दुकानदारों ने इकट्ठे होकर आग को बुझाने का प्रयास किया, मगर दुकान पहली मंजिल पर होने व आग के भयानक रूप के चलते बाजार वालों के सारे प्रयास न काफी साबित हुए। इसके चलते देखते ही देखते दुकान के अंदर पड़े मोबाइल व लाखों रुपए की एसेसरी जलकर खाक हो गई।

# डांस के सुपरस्टार कार्यक्रम में 60 ने नृत्य प्रतिभा का किया प्रदर्शन



ऑडिशन में हिस्सा लेने वाले स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल के प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विद्यार्थी समाज सेवा सभा के तत्वावधान में डांस के सुपरस्टार कार्यक्रम का 13वां ऑडिशन सोमवार को स्कॉलर यूनिफाइड स्कूल, अप्पर अरनियाला में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवभूमि फाउंडेशन के चेयरमैन प्रिंस ठाकुर तथा स्कूल के प्रधानाचार्य धीरज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रिंस ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी समाज सेवा सभा द्वारा आयोजित यह मंच युवाओं को उनकी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करता है तथा उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, डॉक्टर, इंजीनियर या डांसर बनना आसान है, लेकिन एक सच्चा इंसान बनना सबसे कठिन कार्य है। बच्चों की नींव मजबूत होगी, तभी देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। ऑडिशन में शानदार प्रदर्शन करने वाले निम्नलिखित प्रतिभागियों का क्वार्टर फाइनल के लिए चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों में अंशिका (344), रुहानी (346), सुदीक्षा (348), सोनाक्षी (355), अविका (357), आरुषि (358), साक्षी (361), उमांशी (362), नेहा (367), वृंदा (372), गीतांजलि (372), शिवि (387), राघवी (387) शामिल हैं। इसके अलावा वेटिंग लिस्ट में शामिल प्रतिभागियों में मायरा (343), यशिका (351), साराह (363), सुहानी (370), सिमर (392), रिद्धि (392), सारिका (392), अनाया (392) शामिल हैं।

# ट्रॉला चालक ने खोले कई राज, सोनू, सुरेश और विजू करते थे फोन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बंगाणा उपमंडल के खुरवाईं फॉरेस्ट रेंज में खैर के अवैध कटान का एक बड़ा मामला सामने आया है।

ट्रॉला चालक यशपाल की गिरफ्तारी के बाद वन विभाग और पुलिस के समक्ष कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी ने अपने बयान में बताया है कि सोनू, सुरेश और विजू नामक तीन व्यक्ति नियमित रूप से उसे फोन कर खैर के पेड़ों की अवैध कटाई से निकाले गए मोच्छे लाने और ले जाने के लिए बुलाते थे। आरोपी चालक यशपाल के अनुसार ये लोग सरकारी भूमि पर डटकर खैर का अवैध कटान करते थे और फिर फोन कर उसे ट्रॉले सहित वहां बुलाते थे। वह कई बार इन खैर की लकड़ियों को विभिन्न स्थानों पर पहुंचा चुका है। कभी लकड़ियां किसी गांव के पास उतारी जाती थीं, तो कभी सुनसान क्षेत्रों में। पूछताछ में उसने बताया कि तीनों व्यक्ति कहां के रहने वाले हैं, इसकी उसे जानकारी नहीं है क्योंकि वे अक्सर स्थान बदलते रहते थे और छुपकर काम करते थे। खुरवाईं फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर संदीप ने बताया कि आरोपी ट्राला चालक यशपाल के बयान विभाग के पास भी रिकॉर्ड में हैं। यह बहुत ही सुनियोजित और संगठित तरीके से किया जा रहा अवैध कारोबार है। इसमें संभवतः और भी लोग शामिल हो सकते हैं। हमारी टीम पुलिस के साथ समन्वय कर रही है। हम चाहते हैं कि पुलिस इस मामले में तेजी से जांच करे, ताकि असली दोषियों तक पहुंचा जा सके।

## वन काटुओं पर हम विशेष निगरानी रख रहे : डीएफओ

**डीएफओ** ऊना सुशील राणा ने कहा कि विभाग अवैध कटान रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल्की के समय में जंगलों में हो रही आगजनी की घटनाओं की भी जांच के घेरे में है। उन्होंने कहा कि हमें शक है कि ये आगजनी की घटनाएं जानबूझकर उन लोगों द्वारा की जा रही है, जो अवैध कटान में शामिल हैं। इन घटनाओं का उद्देश्य अवैध गतिविधियों के सबूत मिटाना है। ऐसे वन काटुओं पर हम विशेष निगरानी रख रहे हैं। डीएफओ ने कहा कि विभाग ने विशेष टीमें गठित कर दी हैं, जो जंगलों में नियमित गश्त करेंगी और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगी। साथ ही, स्थानीय ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना मिलती है, तो वे तुरंत वन विभाग को सूचित करें। ट्राला चालक यशपाल की गिरफ्तारी ने अवैध कटान के नेटवर्क के कई हिस्सों पर रोशनी डाली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यशपाल पहले भी कई बार खैर की लकड़ियों को लेकर अलग-अलग स्थानों पर जाता रहा है। हालांकि, वह खुद को सिर्फ एक 'ड्राइवर' बताता है, लेकिन पुलिस को शक है कि वह इस नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। पुलिस अब कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और जीपीएस लोकेशन के माध्यम से यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यशपाल किन स्थानों पर गया और उसने किन लोगों से संपर्क किया। इसके अलावा, जिन नंबरों से उसे फोन आते थे, उन पर भी निगरानी रखी जा रही है।

## तेजी से बिगड़ रहा जंगल का स्वरूप

**ग्रामीण** ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि खैर के पेड़ लगातार कटते जा रहे हैं और इस कारण जंगल का स्वरूप तेजी से बिगड़ रहा है। हमने कई बार अधिकारियों को बताया, लेकिन अब जाकर मामला सामने आया है। हम चाहते हैं कि दोषियों को सख्त सजा दी जाए, ताकि जंगलों को बचाया जा सके। ग्रामीण ने कहा कि वन विभाग और पुलिस दोनों ने प्रदेश सरकार से भी सहयोग की मांग की है। डीएफओ ने बताया कि विभाग ने जंगल क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है और कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

## कंटेनर दो पुलों के बीच अटका

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री आनंदपुर साहिब-रूपनगर मुख्य मार्ग पर उस समय एक बड़ा हादसा होते-होते टला, जब एक कंटेनर सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए दो पुलों में अटक गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। माना जा रहा है कि कंटेनर के चालक को नींद आ गई, जिससे यह हादसा हुआ, अगर यह कंटेनर नहर में गिर जाता, तो नुकसान अधिक हो सकता था। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पंहुची और सड़क पर लगे जाम को खुलवाया। जानकारी के अनुसार यह कंटेनर पुणे से मंडी जा रहा था और इसमें छह नई कारें थीं।

# चिंतपूर्णी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**



शक्तिपीठ में रविवार की छुट्टी होने के कारण मां के दर्शनों को श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ा था, जो सोमवार तक देखा गया। रविवार को सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु लाइन में लगना शुरू हो गए थे।

श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के चलते डबल लाइन कतार सुबह 9 बजे तक संतोष होटल, शेरे पंजाब ढाबा, माधो टीला को पार कर चुकी थी। रविवार को लगभग 20,000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालु डबल लाइन में लगकर दर्शनों को अपनी बारी का इंतजार करते रहे। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं आदि धूप में खड़े होकर डबल लाइन व्यवस्था को बनाते हुए आगे बढ़ते रहे। मंदिर न्यास द्वारा धूप से बचने के लिए कुछ जगहों पर टेंट आदि लगाए गए थे, लेकिन यह व्यवस्था भी समय और स्थिति के हिसाब से कम दिखाई दी। मंदिर मार्ग मुख्य बाजार पुराना बस स्टैंड से लेकर माधो टीला तक और अन्य जगहों के पास टेंट न होने के कारण श्रद्धालुओं को धूप में खड़े रहने पर मजबूर होना पड़ा। डबल लाइन व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए, मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मचारी और होमगार्ड के जवानों को काफी पसीना बहाना पड़ा। मंदिर प्रशासन द्वारा पुराने बस स्टैंड में श्रद्धालुओं को लाइन व्यवस्था के तहत सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर लाइन व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके। बाबा श्री में दास सदन में भी सुगम दर्शन प्रणाली के तहत पास बनाने के लिए श्रद्धालुओं को काफी पसीना बहाना पड़ा। सुगम दर्शन पास काउंटर में भी सुबह से ही लाइन लगना शुरू हो गई थी। इसके चलते वहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाइन व्यवस्था को अपनाते हुए पास बनाते रहे। कुछ समय के लिए सुगम दर्शन प्रणाली को बंद करना पड़ा, ताकि लाइन में लगे हुए श्रद्धालुओं को मां के दर्शन प्राप्त हो सकें। मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि सभी को अपनी सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण भी मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं को सुविधा व्यवस्था देने के लिए प्रयासरत रहता है। किसी कारणवश कोई कमी रही होगी तो समय रहते उसे सुधारा जाएगा। श्रद्धालुओं को सुविधाजनक माँ के दर्शन प्राप्त हों, इसके लिए मंदिर प्रशासन हमेशा तत्पर रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रविंद्र सूद को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** माता जखनी मंदिर परिसर पालमपुर में एलआईसी शाखा के सीनियर बिजनेस एसोसिएट 1019 टीम का वार्षिक समारोह संपन्न हुआ समारोह में एलआईसी पालमपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक प्रवीण कुमार चौहान, प्रबंधक प्रशासन वीरेंद्र जरेट, जिला स्वास्थ्य अधिकारी कांगड़ा डॉ. राजेश सूद व एसबीए मनोज कंवर ने हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद को समाजसेवा के क्षेत्र में की जा रही अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। डॉ. रविंद्र सूद को पिछले चार दशक से अधिक समय से ऊना जिले में हिमोत्कर्ष परिषद के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए किए गए कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. रविंद्र सूद आयुष विभाग में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए है तथा सामाजिक संस्था हिमोत्कर्ष परिषद में विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वह हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेश महासचिव हैं।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन रहे मेले व महोत्सव: सत्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने पहलगाम आतंकी हमले के बावजूद जिले के हरोली उपमंडल में आयोजित किए जा रहे महोत्सव पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इस आतंकी हमले को लेकर जहां पूरे देश में मातम का माहौल है। वहीं, जिला के हरोली उपमंडल में अलग ही प्रकार की खुशियां मनाई जा रही। सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि मेले और महोत्सव संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाते हैं, लेकिन जब सरकार सीधे तौर पर इस तरह के आयोजनों की मुखिया बन जाए, तो यह आयोजन भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह जाते हैं और यही हालत इन दिनों जिले में चल रही है। कई विभाग ऐसे हैं जहां पर इन आयोजनों के नाम पर लोगों की जेब से पैसे निकाले जा रहे हैं।

# लड़कियों को मर्चेंट नेवी में करियर के अवसरों से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सोमवार को गगरेट स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में आयोजित मर्चेंट नेवी गाइडेंस सेमिनार ने प्रदेश की युवतियों को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के क्षेत्र में संभावनाएं तलाशने का नया मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की लड़कियों को मर्चेंट नेवी जैसे विशिष्ट और प्रतिष्ठित क्षेत्र में करियर के अवसरों से अवगत कराना और उन्हें दिशा देना था।

इस अवसर पर कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि हिमाचली लड़कियों के लिए मर्चेंट नेवी में रोजगार सृजन की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मर्चेंट नेवी में करियर के लिए प्रदेश में आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधनों की अभी भी कुछ कमी है, लेकिन यह मुहिम निकट भविष्य में प्रदेश की युवतियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। पराशर ने कहा कि हिमाचल की बेटियां समुद्री क्षेत्र में भी अपने हुनर का लोहा मनवा रही हैं और यह बदलाव सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आज शिपिंग की बड़ी कंपनी टीएस रहमान हमारी लड़कियों को मर्चेंट नेवी में करियर के लिए चयनित करने को हमारे घरद्वार आई है। प्रदेश के लोग ईमानदार हैं और मर्चेंट नेवी में न एजेंटगिरी को सहन करते हैं और न ही होने देते हैं। यही कारण है कि आज बड़ी कंपनियां हिमाचल के लोगों को मर्चेंट नेवी में जॉब्स देना चाहती हैं। वहीं, नेशनल यूनियन ऑफ सीफेरर्स ऑफ इंडिया (नूसी) के कार्यक्रम आयोजक प्रकाश ठाकुर ने कहा कि पूरे प्रदेश में कैप्टन संजय पराशर युवाओं को उनके घर-द्वार पर ही विश्व स्तरीय नौकरियां लाने का सफल प्रयास कर रहे हैं और हजारों युवाओं के सपनों को पंख लगाकर पराशर ने यह प्रमाणित किया है कि निस्वार्थ भाव से यदि लक्ष्य तय किया जाए, तो उसके परिणाम सदैव सकारात्मक रहते हैं।

## नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा के लिए दौड़ा हरोली, उपमुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

# जूनियर वर्ग में कृष्ण व दिव्या दौड़े सबसे तेज

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इलेक्ट्रिक स्कूटी चलाकर हरित परिवहन का संदेश देते हुए।

हरोली उत्सव में सामाजिक जन जागरूकता को लेकर किए जा रहे विविध आयोजनों के क्रम में सोमवार को सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन कराई गई।

प्रदेश के परिवहन और खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस मैराथन को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश के सबसे लंबे पुल हरोली-रामपुर पुल पर आयोजित इस दौड़ में लड़के-लड़कियों के जूनियर और सीनियर वर्गों में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में बच्चों और युवाओं में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हम नशा मुक्त ऊना-नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का थीम ही नशा निवारण रखी गई है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मैराथन में हर श्रेणी में पहले 6 स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार से नवाजा। उन्होंने 24 विजेताओं को करीब 25 हजार रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए। लड़कों के जूनियर वर्ग में पहले स्थान पर कृष्ण, दूसरे पर रितिक, तीसरे स्थान पर पुनीत कुमार, चौथे पर लक्ष्य, पांचवें पर अभिषेक कुमार और जाहिद हुसैन छठे स्थान पर रहे। वहीं, लड़कियों के जूनियर वर्ग में दिव्या प्रथम, रितिका वर्मा द्वितीय, पलक तृतीय, वंशिका चौथे, बबीता पांचवें और आशिता छठे स्थान पर रहीं।

इसके अलावा लड़कों के सीनियर वर्ग में पहला स्थान सरबजीत, दूसरा सौरभ, तीसरा अरुण, चौथा रिहान, पांचवां सावन और छठा स्थान अनमोल ने हासिल किया। लड़कियों के सीनियर वर्ग में पहले स्थान पर ज्योति बाला, दूसरे पर रवीना, तीसरे पर निधि, चौथे पर नव्या, पांचवें पर वैशाली और छठे पर नव्या रहीं। इस अवसर पर डॉ. आस्था अग्निहोत्री, एसडीएम विशाल शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार कलसी, जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम आदि मौजूद रहे।

# जाड़ला स्कूल में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाड़ला में नशा निवारण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन शिक्षाविद सतीश शर्मा ने बच्चों को नशे के संबंध में भिन्न-भिन्न प्रकार की जानकारी दी। नशा क्या होता है इसके दुष्प्रभाव क्या हैं यदि कोई नशे की चपेट में आ जाता है, तो उसे इससे बाहर कैसे निकाले, इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति सिर्फ तीन या चार साल तक ही जीवित रहता है। बेड पर आ जाने के बाद उसकी मृत्यु तड़प-तड़प कर ही होती है। नशा ही सभी अपराधों की जननी है यदि नशे को जड़ से उखाड़ दिया जा, तो 70 फीसदी अपराध अपने आप ही बंद हो जाएंगे। नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। नशे से कैसे बाहर निकला जा सकता है उसके संबंध में भी बताया कि बुरी संगत छोड़ दो नशा अपने आप छूट जाएगा दूसरा दृढ़संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति भी नशे की आदत को बहुत कम कर देती है तथा व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। बच्चों की पढ़ाई के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए उन्होंने कहा कि घर पर जाकर बच्चे पढ़ने के लिए योजना बनाएं।



जाड़ला स्कूल में नशा निवारण विषय पर जागरूकता शिविर में शामिल स्टूडेंट्स।

**आयोजन** राज्यपाल ने किया हरोली उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ

# हरोली उत्सव में बिखरे अंतरराष्ट्रीय रंग



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने दीप प्रज्वलित कर हरोली उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने उत्सव समारोह के मंच से हरोली विधानसभा क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक झलक को दर्शाती एक बहुरंगी स्मारिका का विमोचन किया।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली उत्सव ने सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गौरव और जन-जागरूकता का संदेश देते हुए क्षेत्र में एक नए उत्साह का संचार किया है। आगामी दो दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद गतिविधियां और सामाजिक विषयों पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का हरोली उत्सव में मुख्यातिथि के रूप में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, इस बार अंतरराष्ट्रीय रंगों से सराबोर नजर आया। विभिन्न देशों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों ने शोभायात्रा में भाग लेकर अपनी अनूठी कला और संस्कृति का भव्य प्रदर्शन किया। जापान, ब्रिटेन, ब्राजील, मेक्सिको, चीन, इंडोनेशिया और रूस से आईं महिला कलाकारों ने अपने-अपने देशों की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर जीवंत किया। उत्सव में रोबोट मैन, लाइट मैन और यूक्रेनियन ड्रम बैंड ने भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## हरोली उत्सव हमारी संस्कृति, जड़ों को जोड़ने का एक माध्यम: अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की अनुगूंज में संपूर्ण हरोली क्षेत्र देश भक्ति और सामाजिक जागरूकता के भावों से ओत-प्रोत है।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अथक प्रयासों और दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप सात वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हरोली उत्सव एक नए और भव्य स्वरूप में पुनः आयोजित किया जा रहा है। पहले जहां यह जिला स्तरीय उत्सव के रूप में मनाया जाता था। वहीं, इस वर्ष इसे राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के रूप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है। इस विशेष पहल का श्रेय पूरी तरह से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को जाता है, जिनके निरंतर प्रयासों ने इस सांस्कृतिक पर्व को भव्यता प्रदान की। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का शुभारंभ हरोली के कांगड़ मैदान में हुआ। उत्सव का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और खेल गतिविधियों के साथ किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हरोली क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए समाज में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष के हरोली उत्सव की थीम नशा निवारण रखी गई है। इसके अंतर्गत नशा मुक्त ऊना-नशा मुक्त हिमाचल का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि, हरोली उत्सव हमारी संस्कृति, हमारी जड़ों और सामाजिक जिम्मेदारियों को जोड़ने का एक माध्यम है।

# रावमा विद्यालय चौकीमन्यार को शगुन डोगरा ने लिया गोद



शगुन डोगरा स्कूल रावमा विद्यालय चौकीमन्यार के छात्रों को संबोधित करती हुई।

**अनंत ज्ञान, जोल**

हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को गोद लेने की प्रक्रिया में सोमवार को राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्राचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य मनोहर लाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का मुख्य उद्देश्य दोनों शैक्षणिक संस्थाओं के बीच उत्कृष्ट ज्ञान आधारभूत संरचना व अपने-अपने शैक्षणिक अनुभवों को एक-दूसरे के साथ समय-समय पर साझा करना है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चौकीमन्यार को राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार की सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी डॉक्टर शगुन डोगरा ने गोद लिया। डॉ. शगुन डोगरा ने इस अवसर पर कहा कि आने वाले आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 से दोनों शिक्षण संस्थान मिलकर कई प्रकार की शैक्षिक गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन करेंगे, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो पाए। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के प्राचार्य डॉक्टर बलविंदर सिंह राणा, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकीमन्यार के प्रधानाचार्य मनोहर लाल एवं समस्त अध्यापक वर्ग मौजूद रहा।

# गौहरी देवता की शोभायात्रा के साथ पीपल जातर मेले का आगाज

## देवता के अस्थायी शिविर में दिनभर जुटी रही श्रद्धालुओं की भीड़, विभिन्न राज्यों के व्यापारियों ने प्रदर्शनी मैदान में सजाई दुकानें

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में पीपल जातर मेला (बंसतोत्सव) का सोमवार को देवता गौहरी की भव्य शोभायात्रा के साथ ही विधिवत रूप से आगाज हुआ। गौहरी देवता अपने हारियानों के साथ अपने लाव लश्कर से ढालपुर मैदान में पहुंचे, जहां पर उनके स्थान पर देवता के हारियानों ने उनकी पूजा-अर्चना की और देव रीति से मेले का आगाज किया। इस मौके पर नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा सहित अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत (काका) उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी सहित सभी 11 वार्डों के पार्षदों के अलावा मनोनीत पार्षद मौजूद रहे।

सभी ने देवता से आशीर्वाद लिया और मेले के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होने की कामना की। मेले के पहले दिन देवता के दर्शन के लिए अस्थायी शिविर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। देवता के कारदार राजकुमार महंत ने बताया कि अब आगामी दो दिन तक देवता गौहरी के कारकून ढालपुर स्थित देवता के अस्थायी शिविर में देव तपस्या में लीन रहेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से पीपल जातर मेला जिसे राय री जाच भी कहते हैं, का आगाज गौहरी देवता ही करते हैं। उन्होंने बताया कि इतने वर्षों से कारकून देवता की परंपरा को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया बुधवार को तीन दिवसीय मेले के समापन अवसर पर ढालपुर में देव खेल के बाद देवता अपने देवालय रवाना होंगे।

**सभी ने देवता से आशीर्वाद लेकर मेले के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होने की कामना की**

इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा, अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत व उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी ने सभी प्रदेशवासियों व जिलावासियों को पीपल मेले की बधाई दी। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने कहा कि मेले व उत्सव हमारी पुरातन संस्कृति की धरोहर हैं और मेलों से आपसी मेल-जोल की भावना भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि कुल्लू देवभूमि है और आज भी यहां के लोग प्राचीन संस्कृति और पहनावे, पहाड़ी व्यंजनों और लोकगीतों का संवर्धन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा यहां पर कोई भी कार्य देवता की अनुमति के बिना पूर्ण नहीं होता। उन्होंने मेले में आए सभी व्यापारियों से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की। उधर, मेले में बाहरी राज्यों से आए दुकानदारों ने दुकानें सजा दी हैं और कलाकेंद्र कुल्लू में कार्यक्रमों का दौर चल पड़ा है। (अनंत ज्ञान)





तीन दिवसीय पीपल जातर मेले के शुभारंभ मौके पर ढोल-नगाड़े व करनाल की थाप पर गौहरी देवता अपने मंदिर से अस्थायी शिविर की ओर आते हुए। (दाएं) गौहरी देवता के साथ नगर परिषद की टीम।

### दशहरा उत्सव से भी पहले से मनाया जा रहा पीपल जातर मेला

**पीपल** जातर मेले का आयोजन 15वीं शताब्दी से लगातार हो रहा है। इसे स्थानीय भाषा में राई-री-जाच भी कहा जाता है। इसका आयोजन दशहरा से भी पहले से हो रहा है। कुल्लू में दशहरे का शुभारंभ 16वीं शताब्दी से हुआ है तो पीपल मेले का शुभारंभ 15वीं शताब्दी से चल रहा है। जानकारों के मुताबिक प्राचीन समय में ढालपुर मैदान में एक पीपल के पेड़ के नीचे राजा अपना राज दरबार सजाता था और यहां पर इस राज दरबार में जनता की कई समस्याओं का समाधान भी किया जाता था। समय के साथ-साथ राज दरबार ने मेले में तबदील हो गया और यहां पर मेले का आयोजन किया जाने लगा, जिसका नाम बाद में पीपल जातर मेला पड़ गया। यहां पर पुराने समय में कुल्लू के पुरातन नृत्य लालड़ी का भी आयोजन किया जाता था। अब कुछ वर्षों से यह मेला व्यापारिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हो गया है।

इस मेले में जिलेभर के देवी-देवता शिरकत करते थे लेकिन अब इस मेले में सिर्फ गौहरी देवता ही आते हैं और उनके आगमन से ही इस मेले का आगाज होता है। देवता वीर नाथ के कारदार और गुर के अनुसार जातर मेले में पहले भगवान रघुनाथ जी भी आते थे, लेकिन अब कई सालों से रघुनाथ जी नहीं आते हैं। हर साल 28 से 30 अप्रैल तक मनाए जाने वाले इस मेले का स्वरूप अब बदल गया है। मेले में अब मात्र एक ही देवता गौहरी देव आते हैं। एक दौर था, जब लोग गाय, बछड़ों सहित खेतों में हल चलाने के लिए बैलों की जोड़ियां इस मेले से खरीदते थे। अब गाय आदि की खरीददारी के लिए गिने चुने लोग आते हैं तो बैलों का काम ट्रैक्टरों और पावर ट्रिलरों ने खत्म कर दिया है।

### गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग रखें व्यापारी : नप

नप कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने कहा कि देवता के आगमन के साथ ही मेले का आगाज हुआ है। उन्होंने बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखें, ताकि नप के कर्मचारियों को भी दिक्कत न हो। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई होगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा।

### खूब होगी खरीददारी

जिले में पीपल मेला साल का पहला बड़ा पर्व होता है, इसलिए यह जहां सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वहीं व्यापारिक दृष्टि से भी खास रहता है, साथ ही वसंत उत्सव के बाद यह पहला उत्सव होता है तो इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है। दशहरा उत्सव के बाद इसी मेले में जिला कुल्लू, लाहौल-स्पीति, पांगी सहित मंडी जिले के लोग जमकर खरीददारी करते हैं। इसी कड़ी में इस बारवभी मेले में खूब रौनक देखने को मिलेगी। 30 अप्रैल को मेला जहां खत्म होगा वहीं, 15 मई तक बाहरी राज्यों से आए कारोबारियों को नप कुल्लू ने 15 मई तक अपनी अस्थायी दुकानें सजाने के निर्देश दिए हैं।

## 2 मई से आनी में शमशरी महादेव का बाहु मेला

**अनंत ज्ञान, आनी।** आउटर सराज क्षेत्र आनी में प्रसिद्ध शमशरी महादेव का वार्षिक दो दिवसीय बाहु मेला 2 मई से शुरू होगा। यह मेला 3 मई तक चलेगा। मेला कमेटी ने इसके लिए प्रबंधन समिति का गठन कर दिया है। मेले की शुरुआत में देवता शमशरी महादेव अपने मंदिर भवन शमशर से सोने के रथ पर विराजमान होंगे। उनके साथ सैकड़ों देवलु भी मेले में शामिल होंगे। मेले का उद्घाटन विजय आनंद करेंगे।

कार्यक्रम में स्टार कलाकार रमना भारती और टीटू रायजादा के साथ स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुतियां देंगे। बाहु खेल मैदान में विशाल नाटी का आयोजन किया जाएगा। मेला कमेटी के प्रधान श्याम लाल ने बताया कि इस बार मेले में देवता शमशरी महादेव और देवता चजाई नाग की शोभायात्रा निकाली जाएगी। आनी खंड की 37 पंचायतों की महिला मंडलों को लोकनृत्य के लिए आमंत्रित किया गया है, साथ ही सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

# स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मामले को लेकर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे सरकार : भोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

**बोले-मन की पीड़ा और भावना का मजाक न बनाया जाए**

एचएएस अधिकारी संजीव भोट ने कहा कि स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रार्थना पत्र पर अनावश्यक व गैर जरूरी चर्चा हो रही है। यह चर्चा उनकी मूल मंशा और उद्देश्य से विपरीत एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दो साल के भीतर चार तबादले से व्यथित होकर अपने मन की पीड़ा भावना व्यक्त की है, जिसे तिल का ताड़ बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी परिवारिक समस्याएं हैं, जिस कारण सेवा निवृत्त होना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि राजनीतिक व्यवस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्था पर कोई सवाल नहीं उठाया है लेकिन इस मामले को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका यह मानना है कि किसी भी कर्मचारी और अधिकारी की तैनाती में स्थायित्व दो साल हो, ताकि उसे आवश्यक दिक्कतें न हों।

उन्होंने कहा कि मैंने अपने मन की पीड़ा व्यक्त की है, जिसकी आजादी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जनजातीय क्षेत्र के नेताओं और लोगों से भली-भांति परिचित हैं। संजीव भोट ने कहा कि उन्होंने किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया है। अत: उनकी पीड़ा अभिव्यक्ति को अन्यथा नहीं लिया जाए। सरकार प्रार्थना पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे।

### 90 के दशक में लगाया कमर्शियल राफ्टिंग का पौधा आज दे रहा छांव : सुंदर ठाकुर

# रामशिला से पिरडी तक अब सैलानी कर सकेंगे राफ्टिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में ब्यास की धाराओं में राफ्टिंग करने का शौक रखने वाले सैलानियों व स्थानीय लोगों के लिए खुशखबरी है। पहले जहां कुल्लू में राफ्टिंग की तीन साइट थीं, वहीं अब रामशिला से पिरडी तक एक और नई राफ्टिंग साइट शुरू हो गई है। सोमवार को कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने इस साइट का विधिवत शुभारंभ किया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शायद मालूम नहीं होगा कि 90 के दशक में कुल्लू में राफ्टिंग शुरू करने के उनके जो प्रयास हैं, वह आज रंग ला रहे हैं। उस समय यह धारणा थी कि अंग्रेज ही राफ्टिंग करते हैं, लेकिन आज यह राफ्टिंग ज्वॉय राइड के रूप में सैलानियों को परोसी जा रही है। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में जो कमर्शियल राफ्टिंग का पौधा लगाया था, वह आज वह पौधा कितना बड़ा होकर छांव दे रहा है और मैं चाहता हूं कि इस पौधे की छांव का फायदा पूरी कुल्लू घाटी के लोगों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामशिला से लेकर पिरडी तक की इस नई साइट में काफी रैपिड (पानी में उछाल) हैं, जो राफ्टिंग का लुत्फ उठाने वालों को काफी रोमांचित करेंगे।



विधायक सुंदर ठाकुर रामशिला-पिरडी नई राफ्टिंग साइट का शुभारंभ करते हुए।

साहसिक गतिविधियों का लुफ्त उठाने आने वाले पर्यटक रायसन, झिड़ी, बबेली, पिरड़ी, शाढ़ाबाई के बाद अब रामशिला से भी रिवर राफ्टिंग कर पाएंगे। पर्यटन सीजन में नई साइट मिलने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं, वहीं इस नई साइट के खुलने से अब पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे। इस दौरान रिवर राफ्टिंग कारोबार से जुड़े युवाओं के द्वारा विधायक सुंदर ठाकुर का स्वागत किया गया और इस साइट को शुरू करने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया। गौर रहे कि नई रिवर राफ्टिंग साइट के शुरू होने से खराहल घाटी के सैकड़ों युवाओं को स्वरोजगार के अवसर खुले हैं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पर्यटक कुल्लू-मनाली साहसिक गतिविधियों का आनंद लेने पहुंचते हैं। पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग की नई साइटें मिलने से उनकी संख्या में इजाफा होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने रामशिला से पिरड़ी साइट को मंजूरी प्रदान की है और अब पर्यटक इस नई साइट में ब्यास की धारा के बीच अठखेलियां कर सकेंगे। इससे खराहल की नौ पंचायतों के युवाओं को स्वरोजगार भी मिलेगा। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रधान उतम शर्मा, समिति सदस्य विशाल महंत, पूर्व उपप्रधान अरविंद ठाकुर ,समिति सदस्य लाल चंद ठाकुर, पूर्व प्रधान निर्मला ठाकुर, मुनीष भंडारी मौजूद रहे। इस दौरान जिला पर्यटन अधिकारी सुनयना शर्मा के अलावा अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बंजार दौरे को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, बंजार**

**बंजार विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलेगी करोड़ों की सौगात**

बंजार में सोमवार को विधानसभा कांग्रेस पार्टी 24 बंजार के तमाम कांग्रेसी जनों का जनरल हाउस हुआ। इसकी अध्यक्षता एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चैयरमेन राम सिंह मियां ने की। इस जनरल हाउस में बंजार विधानसभा कांग्रेस पार्टी 24 के सभी कांग्रेसजनों ने भाग लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू के प्रस्तावित बंजार प्रवास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साझी रणनीति तैयार की।

इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार की 12 कमेटियों का गठन किया गया। वहीं, इसके पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एपीएमसी राम सिंह मियां ने बंजार विधानसभा चुनाव क्षेत्र की आम जनता से अपील की है कि 6 मई को मुख्यमंत्री के बंजार प्रवास को सफल बनाने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बंजार विधानसभा चुनाव क्षेत्र के 18 से अधिक विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करके करोड़ों की सौगात देंगे तथा बंजार के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू बंजार में लगभग 75 करोड़ रुपए के लोनिवि और जल शक्ति विभाग और अन्य कार्यों की आधारशिला और उद्घाटन करेंगे । बंजार के लिए बड़ी घोषणा भी करेंगे,जिसमें बंजार का बाईपास सड़क और पुल का उद्घाटन भी किया जाएगा।

# किसान सभा ने मनाली में निकाली रोष रैली

## जमीन से बेदखली मुद्दों बारे एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादन संघ के बैनर तले भूमिहीन किसानों ने सोमवार को अटल चौक आइबेक्स व आइबेक्स से एसडीएम कार्यालय तक रोष रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम मनाली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान प्रदर्शन में दर्जनों किसानों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और रोष प्रकट किया।



हिमाचल किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजते हुए।

पत्रकारों से बातचीत में हिमाचल किसान सभा कुल्लू जिले के अध्यक्ष गोविंद भंडारी ने कहा कि प्रदेश में जमीन का सवाल आज एक ज्वलंत मुद्दा बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज मनाली इकाई के किसानों ने एसडीएम मनाली के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में किसानों ने मांग की भेजा है कि किसानों की बेदखली के निर्णय को बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया है, उन्हें पांच बीघे तक का मालिकाना हक दिया जाए। भूमिहोनों को शहरी क्षेत्रों में 2 बिस्वा और ग्रामीण क्षेत्रों में 3 बिस्वा भूमि घर बनाने के लिए दी जाए। इस दौरान हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादन संघ के प्रतिनिधियों ने भी एसडीएम कार्यालय के बाहर आयोजित रोष रैली में अपने अपने विचार रखे। सभी ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि भूमिहोनों व गरीब किसानों की इस समस्या को सरकार गंभीरता से ले।

# 9 मई को जरड़ में आयोजित कुश्ती दंगल में भिड़ेंगे देश-विदेश के पहलवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**

भुंतर स्थित जरड़ में 9 मई को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुश्ती कमेटी व आम जनता के सहयोग से कुश्ती दंगल का आयोजन धूमधाम से होने जा रहा है। कुश्ती की तैयारी को लेकर कमेटी ने अभी से कमर कस दी है और आयोजन को सफल बनाने के लिए कुश्ती प्रेमियों को आमंत्रित करना शुरू कर दिया है। स्थानीय जनता व कुश्ती के चाहवान इस आयोजन में अपना भरपूर सहयोग देते हैं।

बता दें वैशाख की 26-27 प्रवीष्टे को देवता कपिल मुनि के सम्मान में जरड़ मेला मनाया जाता है। जरड़ मेला व कुश्ती का आयोजन गणपति के दरवार के सामने वाले ग्राउंड में बड़ी धूमधाम से होता है। मेले के समय हर वर्ष कुश्ती कमेटी जरड़ की ओर से एकदिवसीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है। कुश्ती दंगल से मेले की शोभा भी बढ़ती है। इस बार भी देश-विदेश के पहलवानों को कुश्ती दंगल के लिए आमंत्रित किया गया है। कुश्ती कमेटी जरड़ के सचिव सुभाष चौहान ने बताया कि कुश्ती दंगल का आयोजन बगीचा, रूआड़ू, भाटग्रां, सुईभ्रा व जरड़ गांव की जनता व तमाम कुश्ती प्रेमियों के सहयोग से हो रहा है।

कमेटी के तमाम पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी कुश्ती के शोकीनों से अनुरोध किया है कि जरड़ के इस दंगल में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। वहीं, पहलवानों से भी कुश्ती ग्राउंड में समय पर पहुंचने का आह्वान किया है ताकि समय पर कुश्ती को प्रारंभ किया जा सके और सबको अपनी ताकत दिखाने का मौका मिले। अच्छा प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को इनाम की रकम भी अच्छी मिलेगी। करतब दिखाने व खूब पसीना बहाने वालों का कुश्ती कमेटी पूरा ख्याल रखेगी।

# सरकार में बढ़ रहा कर्मचारियों का उत्पीड़न : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने कर्मचारियों के उत्पीड़न और दमन को अपनी नीति बना लिया है। हाल ही में प्रदेश के लगभग 900 प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर उन्हें निलंबित करना सरकार के कर्मचारी विरोधी और असंवेदनशील रवैये को उजागर करता है।



गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि इन शिक्षकों ने अपने अधिकारों और मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी थी, परंतु सरकार ने उनके आवेदन को अस्वीकार कर दिया और बाद में उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कर दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार है, जिसे दबाने का प्रयास लोकतंत्र का सीधा अपमान है। पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के समय कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों के समाधान हेतु संवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती थी, समय-समय पर कर्मचारियों से सार्थक वार्ताएं कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाता था। इसके विपरीत, वर्तमान सुक्खू सरकार कर्मचारियों की आवाज सुनने के बजाए उन्हें दंडित कर रही है, जो चिंताजनक है।

गोविंद ठाकुर ने सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि 2023 से प्रदेश के कर्मचारियों का 11 फीसद महंगाई भत्ता और उसका एरियर लंबित पड़ा है, जबकि पूर्व की भाजपा सरकार ने कभी भी डीए और एरियर के भुगतान में देरी नहीं की। कांग्रेस ने चुनाव से पहले प्रदेश के लाखों कर्मचारियों से ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली का वादा कर सत्ता हासिल की थ, लेकिन आज, ढाई साल बीतने के बाद भी ओपीएस को पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। इसकी आड़ में आज कर्मचारियों को महज अधूरी अधिसूचनाओं और खोखले आश्वासनों के सहारे डराया धमकाया जा रहा है।

प्रदेश में आए दिन कर्मचारियों के तबादलों और उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बार-बार स्थानांतरित किया जा रहा है। इससे न केवल कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है, बल्कि प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार को शिक्षकों के निलंबन जैसे तानाशाहीपूर्ण निर्णयों को अविलंब वापस लेना चाहिए। यदि सरकार ने शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्यवाही को निरस्त नहीं किया, तो भारतीय जनता पार्टी मजबूती से इन शिक्षकों के साथ खड़ी होगी।

# किसानों की भूमि से बेदखली न्यायसंगत नहीं : गुरजीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ कुल्लू द्वारा किसानों की जमीन से बेदखली के खिलाफ कुल्लू में धरना-प्रदर्शन किया जिसमें सैकड़ों किसानों न भाग लिया। कुल्लू में उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन में शामिल किसानों को संबोधित करते हुए किसान सभा कुल्लू के ब्लॉक अध्यक्ष गुरजीत सिंह गिल तथा सीटू जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के अंदर किसानों की जमीनों से बेदखली व मकानों की तालाबंदी की जा रही है, जो कि न्यायसंगत नहीं है।

किसान सभा मांग करती है कि इन बेदखली पर सरकार तुरंत रोक लगाए और किसानों की 5 बीघा तक की भूमि को नियमित करने की प्रक्रिया को तुरंत शुरू करे, जिनके पास मकान बनाने के लिए भूमि नहीं है, उन्हें 2 बिस्वा शहर में तथा गांव में 3 बिस्वा जमीन दी जाए। जिले के अंदर हजारों लोगों ने 2 बिस्वा जमीन के लिए आवेदन किए हैं परंतु अभी तक उन्हें जमीन नहीं दी गई है और इन लोगों की घरों की तालाबंदी न की जाए। इस दौरान उपायुक्त कुल्लू के माध्यम से प्रदेश सरकार को इस संदर्भ में मांग पत्र भी दिया गया।

**नेक कार्य** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रक्तदान शिविर आयोजित, 60वीं जन्मतिथि पर 62 लोगों ने किया रक्तदान

# विधायक सुंदर ठाकुर ने जन्मदिन पर रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने हर साल की तरह इस साल भी सोमवार को अपनी 60वीं जन्मतिथि क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान करके मनाई। विधायक ने जहां स्वयं रक्तदान कर पुण्य कमाया, वहीं उनकी 60वीं जन्मतिथि पर 62 लोगों ने भी रक्तदान करके अपना योगदान दिया। वहीं, शोभला साथी ट्रस्ट की ओर से अस्पताल में मरीजों व उनके तीमारदारों को दोपहर का खाना व सुबह अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को दूध व फल भी वितरित किए।

गौर रहे कि विधायक सुंदर सिंह ठाकुर पिछले काफी वर्षों से अपना जन्मदिन क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रक्तदान करके मनाते हैं, साथ ही इस अवसर पर मरीजों व उनके तीमारदारों के लिए निशुल्क भोजन व दूध और फल की भी व्यवस्था की जाती है। इसी कड़ी में इस बार भी विधायक ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया और उसके बाद अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर विधायक ने अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान के माध्यम से जहां रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलती है। वहीं, युवाओं का शरीर भी इसे स्वस्थ रहता है। ऐसे में हर साल अपने जन्म दिवस के अवसर पर वह अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। इसमें दर्जनों युवाओं के द्वारा रक्तदान किया जाता है। सनद रहे कि सुंदर सिंह ठाकुर राजनीति के साथ साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य कर रहे हैं।



विधायक सुंदर सिंह ठाकुर और जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू पंकज परमार रक्तदान करते हुए।

**अस्पताल में मरीजों व तीमारदार को बांटा दिन का खाना, दूध व फल भी किए वितरित**

समय समय पर वह गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए अपने परिवार की ओर से चलाए जा रहे शोभला ट्रस्ट साथी की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों से अपनी जन्मतिथि व अन्य समारोह के स्थान पर गरीबों की मदद करने की अपील की है, साथ ही युवा पीढ़ी से रक्तदान करने में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों का हाल-चाल भी जाना और अस्पताल प्रबंधन से मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली।

### जल्द शुरू होगी ब्लड सेपरेटर यूनिट

विधायक ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जल्द ही ब्लड सेपरेटर यूनिट शुरू होगी। इसके अलावा ब्लड ले जाने वाले वाहन की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा 5 करोड़ की लागत से नई मशीनें भी यहां पर स्थापित की जाएंगी, ताकि यहां पर लोगों को इलाज करने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इस बारे स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है और जल्द ही नई मशीनरी अस्पताल में स्थापित की जाएगी।

# जनजातीय लोगों के साथ भेदभाव सहन नहीं होगा : डाकपा तेंजिन



मांग संबंधी ज्ञापन सौंपने के बाद भाजपा युवा मोर्चा स्पीति का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष डाकपा तेंजिन की अध्यक्षता में सोमवार को काजा से एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को जनजातीय जिला के अधिकारियों का नौकरशाही के शिकार होने के विषय ज्ञापन भेजा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व विमल नेगी की संदिग्ध मौत और अब फिर रंगरिक स्पीति निवासी संजीव बौद्ध का मात्र ढाई वर्षों में चार बार तबादले से तंग आकर वीआरएस लेने पर मजबूर होने का विषय बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही के साथ-साथ सरकार की भी इसमें गलती दिखती है।

उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इस की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जनजातीय जिला के लोगों के साथ ऐसा व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के प्रदेश सदस्य शेर सिंह एंव भाजयुमो जिलाध्यक्ष तेंजिन मिन्गयुर समेत भाजयुमो स्पीति मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान को आग लगाने के मामले में धरा मास्टरमाइंड

**अनंत ज्ञान, नाहन/पांवटा।** पांवटा ब्लॉक के माजरा क्षेत्र में 17/18 अप्रैल की रात को परिवारिक रंजिश के चलते माजरा बाजार मै आसिफ अली और सुहेब की दुकान को आग लगा कर जलाने के मामले पुलिस स्टेशन माजरा की टीम एएसआई आशीष कुमार, मुख्य आरक्षी बलजीत कुमार की टीम ने इस मामले के मास्टरमाइंड चौथे आरोपी सलमान को भी माजरा से धर दबोचा है। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि 17-18 अप्रैल रात को मौका देख कर देखकर घटना को अंजाम दिया गया और मुख्य आरोपी उसी रात चंडीगढ़ भाग गया था। फिल्मी अंदाज में टोल प्लाजा की पर्ची, होटल की बुकिंग पुलिस को दिखाकर बचने का पूरा प्रयास कर रहा था।

### सोलन में आग का तांडव, 20 जंगल धधके

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते जंगलों के इन दिनों आग की चपेट में आने से लाखों की वन संपदा और वन्य जीव-जंतु आग की भेंट चढ़ रहे हैं। जिले में आए दिन आग का तांडव देखने को मिल रहा है। सोलन जिले के 20 से अधिक जंगल आग से धधक रहे हैं। सोलन के साथ लगते धरोट और करोल के जंगल में बीते दिन से आग लगी है। वन विभाग के वन रक्षक सहित वन मित्र दिन-रात एक कर स्थानीय लोगों के साथ आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया गया है। इसके अलावा देलगी, सायरी परवाणु के जंगल भी आग से धधक रहे है। होमगार्ड के कमांडेंट संतोष शर्मा ने लोगों से भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशन विभाग को कॉल करने की अपील की है।

### डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 29 अप्रैल को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल प्रातः 11 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोलन में पुरुष वर्ग की जिला स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि होंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत चम्बाघाट स्थित दुर्गा माता मंदिर के समीप सामुदायिक भवन की आधारशिला रखेंगे।

### आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के कैथलीघाट क्षेत्र के गांव नाल निवासी 40 वर्षीय हरदेव की जहरीला पदार्थ खाने के बाद आईजीएमसी शिमला में उपचार के बाद मौत हो गई। कंडाघाट पुलिस को विगत दिन शिमला से सूचना मिली कि जहर खाने पर हरदेव को इलाज के लिए शिमला आईजीएमसी लाया गया है। पुलिस की टीम जांच के लिए शिमला पहुंची। जहां डॉक्टरों ने इसे बयान देने के काबिल नहीं बताया। इसके बाद रविवार को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक जेसीबी चालक था। कारोबार अच्छा न चलने और अधिक पारिवारिक जिम्मेदारी के कारण उसने यह कदम उठाया है।

### मुस्लिम वेलफेयर कमेटी ने की आतंकी हमले की निंदा

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** प्रदेश मुस्लिम वेलफेयर कमेटी बीबीएन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव क्षेत्र में हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की। उन्होंने कहा जिसमें निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया और कई मासूम जिंदगियों को असमय समाप्त किया। इसकी भर्त्सना जितनी की जाए, उतनी कम है। मुस्लिम वेलफेयर कमेटी बीबीएन की एक बैठक रामशहर रोड़ नालागढ़ स्थित मरकज में आयोजित की बैठक की अध्यक्षता मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के प्रधान मस्त मोहम्मद ने की। बैठक में पहलगांव में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की शांति के लिए प्रार्थना की गई और 2 मिनट का मोन भी रखा गया।

### मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन के विनीत बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू का जिला सम्मेलन आज ददाहू में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन की राज्य महासचिव हिम्मी देवी और सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार, वीना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू जिला महासचिव आशीष कुमार ने किया। सम्मेलन मे मिड-डे मील के मुद्दों पर चर्चा करने के बाद 10 ब्लॉक से आई कार्यकर्ताओं ने 30 सदस्यों की कमेटी का चयन किया। इसमे विनीत को अध्यक्ष, संदीप को महासचिव, निर्मला को कोषाध्यक्ष, वीरेंदर श्याम दूत, नसीम मोहम्मद, सुदेश को उपाध्यक्ष और प्रोमिला, किरण, फतेह सिंह को सह-सचिव चुना गया। इसके अलावा कमेटी सदस्य भी चुने गए। सम्मेलन मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 मई को राष्ट्र यापी हड़ताल में जिला से के सभी ब्लॉक हड़ताल पर रहेंगे और हजारों की संख्या में हड़ताल में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

# सोलन-सुबाथू रोड पर अब नहीं लगेंगे हिचकोले

## वाहन चालकों को गड्ढों से मिलेगी मुक्ति; लोनिवि ने शुरू किया पैचवर्क, 10 लाख होंगे खर्च

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन-सुबाथू सड़क में होता पैच वर्क, जिस कारण वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

जिला मुख्यालय सोलन को जोड़ने वाली सुबाथू सड़क में वाहन चालकों को गड्ढों से मुक्ति मिलने वाली है। लंबे समय से सड़क की रिपेयर नहीं होने से वाहन चालकों को खासी दिक्कतें पेश आ रही थीं, पर अब लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग पर पैचवर्क का कार्य आरंभ कर दिया है। विभाग के सोलन मंडल के अधीन आने वाले इस मार्ग पर करीब 9 किमी तक 10 लाख रुपए की लागत से यह कार्य किया जाएगा। इसमें गड्ढों को गटके से भरकर उसके बाद पैच लगाए जा रहे हैं।

लोनिवि के अधिशाषी अभियंता ने ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिए हैं। गौर रहे कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुई भारी बरसात ने खूब तांडव मचाया था। प्रदेश सहित सोलन जिले में कई जगहों पर ल्हासे आने और डंगे टूट जाने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गए थे। सोलन शहर भी इस बरसात के डंक से अछूता नहीं रहा था। शहर के सपरून में दोहरी दीवार पर फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा लगाया गया डंगा ढह गया था, जिससे सुबाथू मार्ग की ओर जाने वाला मार्ग न केवल क्षतिग्रस्त हो गया था, बल्कि कई दिनों तक यह अवरुद्ध भी रहा था। इस दौरान ट्रैफिक को भी वैकल्पिक मार्ग के द्वारा चलाया गया था।

हालांकि कुछ सप्ताह बाद इस मार्ग को वाहनों के खोला गया था, लेकिन तब से लेकर आज तक इस मार्ग को फिर से पक्का नहीं किया गया था। कुछ ऐसा ही हाल सोलन से तोप की बेड़ तक के मार्ग का भी था। लोक निर्माण विभाग सोलन मंडल के अधीन आने वाले इस करीब 9 किमी मार्ग पर जगह-जगह सड़क टूटी हुई थी और कई जगह तो सड़क का नामोंनिशान ही नहीं था। जिला के करीब आधे हिस्से को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले इस मार्ग की सुध न लेने से लोगों में भी प्रशासन व विभाग के प्रति आक्रोश था।

आलम यह है कि मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती थी। वहीं, मार्ग पर जगह-जगह लगाए गए स्पीड ब्रेकर स्थिति को और अधिक पेचीदा बना रहे थे।लोक निर्माण विभाग सोलन के अधिशाषी अभियंता ई. रवि कपूर ने इस समस्या पर संज्ञान लिया और तुरंत ही इस मार्ग पर फिलहाल पैचवर्क किए जाने को लेकर फंड का इंतजाम किया। नतीजतन इस मार्ग पर पैचवर्क के लिए मशीनें व वर्कर पहुंच गए हैं और कार्य आरंभ भी हो गया है। इस कार्य के आरंभ होने से वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। (अनंत ज्ञान)

> सोलन-सुबाथू मार्ग को लेकर आ रही दिक्कतें संज्ञान में आई थी। फिलहाल मार्ग पर करीब 10 लाख रुपए की लागत से पैचवर्क का कार्य आरंभ कर दिया गया है। ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।
>
> **ई. रवि कपूर, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि सोलन।**

# बीएम नांटा को तीसरी बार सौंपी चूड़ेश्वर सेवा समिति की कमान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

चूड़ेश्वर सेवा समिति चूड़धार की केंद्रीय सलाहकार परिषद की बैठक सोलन में समिति के मुख्य संरक्षक प्रो. अमर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें आम राय से बीएम नांटा को लगातार तीसरी बार चूड़ेश्वर सेवा समिति केंद्रीय कार्यकारिणी का अध्यक्ष, प्रदीप मंमगाई को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुनील कमल को महासचिव बनाया गया।

इसके अलावा जातीराम चौहान, प्रताप नेगी, भानू चौहान, सुनील शर्मा व संतराम चौहान को उपाध्यक्ष, सुरेश चौहान, बलवीर शर्मा, प्रेरणा भारद्वाज, जोगिंद्र पुंडीर व प्रेम दीवान को संयुक्त सचिव, चेतराम शर्मा को कोषाध्यक्ष, रमेश चौहान को संगठन सचिव, शिवेंद्र चंदेल को मुख्य संयोजक, रतिराम शर्मा, राजेंद्र त्यागी, भीम सिंह ठाकुर व यशपाल कपूर को प्रेस सचिव, महेंद्र शर्मा को स्थायी लेखा सचिव, जोगिंद्र सिंह चौहान को तकनीकी सलाहकार का दायित्व सौंपा। 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के अलावा 23 अन्य को कार्यकारिणी स्थान दिया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर केंद्रीय कार्यकारिणी के पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह चौहान, हरिनंद मेहता के अलावा नारायण सिंह चौहान, रमेश शर्मा, सतीश ठाकुर, रामभज चौहान, बृजमोहन चौहान, सूरत चौहान, अमर सिंह दीवान, कृष्ण शर्मा, बस्तीराम शास्त्री, बाबू राम शास्त्री, संदीप शर्मा, महेंद्र शर्मा, लोकेंद्र सिंह नेगी, बाबूराम शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



चूड़ेश्वर सेवा समिति की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

# संघ ने कर्मचारियों की मांगों पर की चर्चा




**अनंत ज्ञान, बद्दी।** हिमाचल परिवहन मजदूर संघ की दो दिवसीय बैठक नालागढ़ में हिमाचल परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्यार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा, महासंघ के संगठन मंत्री कैलाश मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, जिला मंत्री राजूराम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में कर्मचारियों के गंभीर मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और नालागढ़ क्षेत्र के चुनाव करवाए गए जिसमें अध्यक्ष सदानंद पाल, कार्यकारी अध्यक्ष दर्शन पाल, कुलभूषण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजिंदर सिंह, उपाध्यक्ष लेखराज, प्रभात सिंह, सचिव जयप्रकाश, सह-सचिव धर्म सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, संगठन मंत्री देवेंद्र कुमार, सह संगठन मंत्री रमनदीप सिंह, मीडिया प्रभारी योगेश कुमार व अन्यों को चुना गया। संगठन के पदाधिकारी व भिन्न भिन्न यूनिटों से आए हुए कर्मचारी नेताओं ने अपने वक्तव्य में कर्मचारियों की वित्तीय देनदारी का प्रति रोष प्रकट किया जिसमें सबसे प्रमुख 50 हजार रुपए छठे वेतनमान की एरियर किस्त जारी करने, चालकों व परिचालकों का नाइट ओवर टाइम हर माह की 22 तारीख को देना सुनिश्चित हो। चालकों व परिचालकों के नाइट ओवर टाइम में की गई अवैध कटौती को तुरंत प्रभाव से बहाल किया जाए, सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को यह निर्देश जारी किए जाए कि जिस व्यक्ति की 15 साल से कम का सेवा काल है उसको तुरंत प्रभाव से अड्डा इंचार्ज जैसे पदों से हटाया जाए।

# किन्नौर के किल्बा समीप सतलुज नदी में हो रहा अवैध खनन : हकीम

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिले मे आए दिन बड़ी बड़ी मशीनें सतलुज नदी का सीना छलनी करते हुए देखी जा सकती हैं, लेकिन प्रशासन व पुलिस की गैर मौजूदगी इन खनन माफियाओ को खनन करने की छूट दे रहा है। इसके चलते सतलुज नदी पूरी तरह खोखली हो चुकी है। यह बात भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष हकीम नेगी ने कही है।

उन्होंने कहा कि जिला के किल्बा समीप सतलुज नदी पर दिनदहाड़े खनन माफिया सक्रिय हुआ हैऔर बड़ी बड़ी चैन वाली मशीन को सतलुज नदी में उतारकर सतलुज नदी मे मौजूद रेता, पत्थर को उठाकर बड़े बड़े डंपरों मे भरकर ले जा रहे हैं, जबकि यह कानूनन गलत है। इसको रोकने के लिए न तो मौके पर पुलिस प्रशासन है, न ही खनन विभाग, जबकि किल्बा समीप नदी पर हो रहे खनन को राष्ट्रीय उच्च मार्ग-5 व आसपास के सभी क्षेत्रों से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जबसे सत्ता मे कांग्रेस की सरकार आई है, तबसे किन्नौर जिले मे खनन माफिया बहुत तेज गति से सक्रिय हुआ है जिसे किसी कानून का खौफ नहीं है। उन्होंने कहा कि सतलुज नदी पर खनन करने से नदी का अस्तित्व लगभग समाप्ति के कगार पर है और नदी से रेता व अन्य संसाधन निकालने के बाद नदी खोखली व नदी के आसपास वाले क्षेत्र मे भूमि कटाव देखा जा सकता है, जो जिला किन्नौर के लिए खतरे का संकेत है। उन्होंने प्रशासन को समय रहते खनन माफियाओं पर नकेल कसने का आग्रह भी किया है।

इस विषय में डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस मामले को लेकर संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए है, जिसके बाद ही इस विषय मे कार्रवाई की जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### शताब्दी जन्मोत्सव पर एक मई को नाहन पहुंचेगी श्री सत्य साई दिव्य रथयात्रा



**अनंत ज्ञान, नाहन।** भगवान बाबा की पावन शताब्दी जन्मोत्सव के उपलक्ष में देश की चारों दिशाओं और मध्य में श्री सत्य साईं प्रेम वाहिनी दिव्य रथ यात्राएं निकाली जा रही हैं। उत्तर भारत में रथयात्रा के शेड्यूल को लेकर नाहन में सत्य साईं सेवा समिति के सदस्य मीडिया से रू-ब-रू हुए। श्री सत्य साइन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रो. अमर सिंह चौहान ने बताया कि रथयात्रा के भारत भ्रमण की श्रृंखला में उत्तरी भारत क्षेत्र में सर्वप्रथम आगमन स्थल सिरमौर जिले में 1 मई को माता बाला सुंदरी मंदिर, त्रिलोकपुर निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर साइन समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र वर्मा अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और जहां पूजा-अर्चना और भजन के बाद रथ नाहन की ओर प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि चौहान का बाग से साईं भजन हाल तक रथयात्रा की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली जाएगी और प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। करीब एक सप्ताह तक सिरमौर जिले के अलग-अलग स्थानों में चलने वाली इस रथयात्रा के माध्यम से श्री सत्य साईं बाबा की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि लोगों में प्रेम भाव पैदा हो सके।

### विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने एचआरटीसी की बस में किया सफर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष एवं श्री रेणुकाजी के विधायक विनय कुमार ने सोमवार को करीब 20 साल बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में सफर कर आम जनता के बीच सादगी का संदेश दिया। विनय कुमार ने अपने गांव बाग के स्टॉपेज पर बस का इंतजार किया और यात्रियों की भीड़ के बीच सवार हुए। प्रेम भवन खेगवा तक के सफर में उन्होंने स्कूली और कॉलेज छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं, जिन्होंने विस उपाध्यक्ष के इस व्यवहार की सराहना की। सफर के दौरान विनय ने चालक से भी संवाद किया और निगम को मरम्मत व कलपुर्जों की कमी जैसी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की।

### सस्ती शिक्षा, महंगी शराब, बीमार लाचार अर्थव्यवस्था का उपचार : विवेक शर्मा



**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रवक्ता विवेक शर्मा ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी के नवरत्नों में एक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली के चर्चे अफसानों से कम नहीं। शैक्षणिक संस्थाओं की रैशनलाइजेशन (युक्तिकरण) करके उन्हें बंद करना सरकार की मजबूरी और सरकार द्वारा नीलाम न हुए शराब के ठेकों को स्वयं सरकार द्वारा खोलने, चलाने का निर्णय सरकार के लिए बहुत जरूरी है। ये प्रदेश सरकार की उपलब्धियों में गिना जाएगा। जिन शैक्षणिक संस्थानों में कम बच्चों की संख्या है, उन्हें बंद करना सरकार की मजबूरी है तो क्या पंचायतों, नगर निगम, नगर परिषद के वार्डो में शराब के ठेके खोलना विकास में गिना जाएगा क्या उपरोक्त स्थान पर सुक्खू सरकार ने शराबियों की जनगणना करवा ली है, मुख्यमंत्री को बताना चाहिए। कहीं शराब के ठेके घाटे की स्थिति में चले गए तो ये क्या मल्टीटासक वर्कर्स और होमगार्ड के जवान घर-घर जाकर शराबी तलाशेंगे।

### एचआरटीसी के चालक-परिचालक ने महिला यात्री का खोया पर्स लौटाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र से एक बार फिर ईमानदारी की मिसाल सामने आई है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के बड़वास गांव के ड्राइवर सीता राम शर्मा और कंडक्टर देवेंद्र उर्फ पिकू चौहान ने एक महिला यात्री का खोया हुआ पर्स वापस लौटाकर सभी का दिल जीत लिया। बताया जा रहा है कि यह पर्स पांवटा साहिब से शिलाई के कोटीबोंच जा रही बस में छूटा था। पर्स में लगभग 8 हजार रुपऐ नकद, एक सोने की चेन और तीन चांदी के सिक्के थे। कंडक्टर देवेंद्र ने न सिर्फ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, बल्कि अगली सुबह शिलाई में महिला यात्री को पर्स सुरक्षित लौटा भी दिया। महिला ने खुशी जाहिर करते हुए इनाम देने का आग्रह किया, जिसे सीता राम शर्मा और देवेंद्र ने नम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। देवेंद्र की इस नैतिकता और कर्तव्यपरायणता की इलाके में खूब सराहना हो रही है।

### मॉडर्न स्कूल बना नई दिल्ली तैराकी चैंपियनशिप का ओवरऑल विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दी लॉरेंस स्कूल, सनावर में आयोजित चार दिवसीय 38वीं अखिल भारतीय आईपीएससी बालक तैराकी चैंपियनशिप (एक्वेटिक्स) का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में कसौली के विधायक एवं ओल्ड सनारियन विनोद सुल्तानपुरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित 24 स्कूलों की टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा में मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली ने 208 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, दी एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर ने 157 अंकों के साथ ओवरऑल रनरअप का स्थान प्राप्त किया। मॉडर्न स्कूल नई दिल्ली ने अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग में क्रमशः 72 और 111 अंकों के साथ ओवरऑल विजेता का स्थान प्राप्त किया। डीपीएस आरकेपुरम, दिल्ली ने अंडर-19 आयु वर्ग में 118 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता। तैराकी के अंतिम मुकाबलों में मेजबान दी लॉरेंस स्कूल सनावर के अधिराज सिंह ने बटरफ्लाई श्रेणी में गोल्ड मेडल जीतने में सफल रहा। मुख्य अतिथि विनोद सुल्तानपुरी ने विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्कूल हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों और उनकी टीम को भी बधाई दी।

# पाइनग्रोव ने 'दून कप' में हासिल की डबल खिताबी जीत

**अनंत ज्ञान, सोलन**



23 दून के इकोल ग्लोबल इंटरनेशनल गर्ल्स स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता पाइनग्रोव स्कूल की टीम।

पाइनग्रोव स्कूल के खिलाड़ियों ने 23 दून के इकोल ग्लोबल इंटरनेशनल गर्ल्स स्कूल में आयोजित दून कप 2025 में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 और अंडर-19 दोनों प्रतियोगिताओं में खिताब अपने नाम किए। यह जीत खिलाड़ियों की टीम भावना, संघर्ष और संकल्प को उजागर करती है। अंडर-14 वर्ग में कुल सात टीमें थीं, लेकिन शुरुआत से ही पाइनग्रोव की टीम कुछ अलग ही अंदाज में नजर आई।

पाइनग्रोव ने पहले ही मुकाबले में मेजबान स्कूल को 3-1 से हराकर आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। इसके बाद वाइनबर्ग-एलेन के खिलाफ खेले गए बेहद कड़े मुकाबले में 1-0 से जीत हासिल की। होप टाउन के विरुद्ध खेलते हुए 12-1 की जबरदस्त जीत हासिल करके विरोधी टीम की कमर तोड़कर अपनी टीम सेमीफाइनल में पहुंची। सेमीफाइनल मुकाबले में यूनिसन वर्ल्ड के खिलाफ रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में पाइनग्रोव ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में टीम ने एक बार फिर इकोल ग्लोबल के खिलाफ शानदार 3-0 की जीत के साथ खिताब अपने नाम करके ट्रॉफी पर कब्जा किया। अंडर-19 वर्ग में नौ टीमें मैदान में उतरीं।

पाइनग्रोव को शुरुआत में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इस हार ने टीम को और मजबूती मिली। होपटाउन को 13-0 से करारी शिकस्त देने के बाद टीम ने हिम ज्योति को भी 3-0 से हराया। मॉडर्न स्कूल के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ रहा, लेकिन टीम अपने शानदार प्रदर्शन से सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही। सेमीफाइनल में वाइनबर्ग-एलेन को 3-0 से हराकर टीम ने फाइनल में कदम रखा। फाइनल मुकाबला हिम ज्योति से रहा तथा मैच कड़े मुकाबले के बाद पेनल्टी शूटआउट तक पहुंचा जिसमें पाइनग्रोव ने 4-2 से जीत हासिल कर एक और ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-14 वर्ग में वर्धा अग्रवाल और अंडर-19 में सुबेच्छा लिम्बू ने अपने शानदार प्रदर्शन से 'टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का खिताब अपने नाम किया। पाइनग्रोव की इस दोहरी जीत ने यह साबित कर दिया कि जब इरादे मजबूत हों और दिलों में एकता हो तो कोई भी मैदान जीतना नामुमकिन नहीं।

पाइनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह, प्रबंधन प्रमुख मिस समीक्षा सिंह, स्पेशल एजुकेटर मिस श्रिया नें अपने संदेश में टीम एवं विद्यालय परिवार को अपार बधाई ज्ञापित की।

# कृष्णा अकादमी ने जय मां बनिया देवी स्पोर्ट्स क्लब को हराकर जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

मां बनिया देवी स्पोर्ट्स क्लब दाड़लाघाट द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन चौधरी कांप्लेक्स दाड़लाघाट में हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि नया सवेरा जनकल्याण समिति अध्यक्ष अर्की भीम सिंह ठाकुर ने शिरकत की। इसके अलावा जिला भाजपा सचिव राकेश गौतम, समाजसेवी जय देव ठाकुर, पवन गौतम विशेष रूप से मौजूद रहे।

आयोजक मनोज वर्मा और संजू ने बताया प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कृष्णा अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 76 अंक हासिल किए, जबकि जय मां बनिया देवी स्पोर्ट्स क्लब केवल 56 अंक ही प्राप्त कर सका। विजेता टीम कृष्णा अकादमी को 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम जय मां बनिया देवी स्पोर्ट्स क्लब को 6,100 रुपए नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी गई। मुख्यातिथि भीम सिंह ठाकुर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में जिला भाजपा सचिव राकेश गौतम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए युवाओं को खेलों के माध्यम से स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पंचायत दाड़ला के पूर्व उपप्रधान राजेश गुप्ता, नरेंद्र सिंह चौधरी, जय सिंह ठाकुर, हेमराज गौतम, ओमप्रकाश शर्मा, संजीव शर्मा, तरसेम, मोनू शर्मा, हिमेश गौतम, अभिषेक ठाकुर, कर्मचंद, राहुल वर्मा, संजू शर्मा, राहुल चौधरी, संजू, मनोज वर्मा, सतीश, रमेश, राजू चौधरी, हीरा लाल ठाकुर, हेमराज शर्मा, अजय शर्मा, राहुल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# शूलिनी विश्वविद्यालय में इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भिड़ीं 12 टीमें

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के विधि विज्ञान संकाय ने विश्वविद्यालय परिसर में द्वितीय इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रारंभिक राउंड में 12 टीमों ने भाग लिया। इनमें से चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं और दो टीमों ने ग्रैंड फिनाले में भाग लिया। कई कठिन राउंड के बाद, 8वें सेमेस्टर की अनन्या और उनकी टीम वाली टीम आईएमसीसी 8001 विजेता बनकर उभरी। एलएलबी और बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष के अमित और उनके साथियों वाली टीम आईएमसीसी 4002 उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने प्रभावशाली वकालत कौशल, कानूनी तर्क और कोर्ट रूम शिष्टाचार का प्रदर्शन किया।

ग्रैंड फिनाले के निर्णायक वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस गौतम, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रेणु पाल सूद, प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस एडवोकेट राजीव चौहान थे और उनके विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि ने अंतिम दौर को सभी के लिए एक समृद्ध सीखने का अनुभव बना दिया। इस कार्यक्रम का संयोजन विधि विज्ञान संकाय के सहायक प्रोफेसर विनीत कुमार ने किया तथा विधि विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका ठाकुर ने सह-संयोजक की। विनीत कुमार ने प्रतिभागियों को कानून को 'जैसा है' तथा 'जैसा होना चाहिए' के रूप में समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को व्याख्यात्मक कानून और सेंसरशिप न्यायशास्त्र के बीच अंतर को समझाया।

विधि विज्ञान संकाय के एसोसिएट डीन डॉ. नंदन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रतियोगिता का समापन विधि विज्ञान संकाय की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका ठाकुर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता ने छात्रों को ड्राफ्टिंग, विश्लेषणात्मक सोच, टीमवर्क और सार्वजनिक बोलने जैसे आवश्यक कानूनी कौशल को बेहतर बनाने में मदद की, जिससे उन्हें अदालती कार्यवाही का अनुभव प्राप्त हुआ।

**आयोजन**

## डॉ. यशवंत सिंह परमार विश्वविद्यालय नौणी में हुए कड़े मुकाबले

# खेलकूद प्रतियोगिता में वानिकी कॉलेज बना ओवरऑल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल विजेता रही टीम के खिलाड़ी प्रसन्नचित मुद्राम में।


वानिकी महाविद्यालय ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में आयोजित 9वीं वार्षिक अंतर-महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चार घटक महाविद्यालयों- नौणी (मुख्य परिसर) में औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, तथा नेरी और थुनाग में औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालयों की टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिला।

इस वर्ष, 360 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं और टीम स्पर्धाओं में भाग लिया, तथा असाधारण प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों की खेल भावना, फिटनेस और टीम वर्क की सराहना की। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्रो. चंदेल ने कहा कि खेल से जुड़ाव से टीम भावना का विकास होता है और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्र कल्याण डीन डॉ. एचपी सांख्यान ने खेल प्रतियोगिता को रोमांचक और यादगार बनाने के लिए छात्रों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

**ये रहे परिणाम :** कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री ने कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर को हराकर ओवरऑल खिताब अपने नाम किया। पुरुष वॉलीबाल में कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर और फॉरेस्ट्री नेरी ने फॉरेस्ट्री कॉलेज को हराया। महिला वॉलीबाल में कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर ने फॉरेस्ट्री कॉलेज को हराया। पुरुष और महिला बास्केटबॉल में फॉरेस्ट्री कॉलेज ने दोनों श्रेणियों में हॉर्टिकल्चर कॉलेज को हराया। कबड्डी प्रतियोगिता में, थुनाग की टीम ने पुरुष वर्ग में फॉरेस्ट्री कॉलेज को हराया, जबकि हॉर्टिकल्चर कॉलेज की महिला टीम ने फॉरेस्ट्री कॉलेज को हराया।

फुटबाल में फॉरेस्ट्री कॉलेज ने हॉर्टिकल्चर के खिलाफ पुरुषों का फाइनल जीता, जबकि थुनाग ने महिला वर्ग में नेरी को हराया। बैडमिंटन में फॉरेस्ट्री कॉलेज ने पुरुष वर्ग में हॉर्टिकल्चर को हराया, जबकि हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने महिला वर्ग में खिताब जीता। टेबल टेनिस में हॉर्टिकल्चर कॉलेज ने नेरी के खिलाफ पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में जीत हासिल की। पुरुषों की शतरंज प्रतियोगिता में बागवानी ने नेरी को हराया, जबकि महिलाओं की शतरंज प्रतियोगिता में वानिकी महाविद्यालय ने थुनाग को हराया।

पूरन आनंद अधलखा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार वानिकी महाविद्यालय के अनुज कपिल और बागवानी महाविद्यालय की आस्था को मिला, जबकि वानिकी महाविद्यालय के राम बाबू चौधरी और अंजलि ठाकुर ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार जीता।




# नए युग का सूत्रपात करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अहम : बंडारू दत्तात्रेय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में परिवर्तन लाने व नए युग का सूत्रपात करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का अहम योगदान होगा। यह शिक्षा नीति देश में एक नई चेतना और क्रान्ति पैदा करेगी जिससे वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सकेगा।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन, हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन विकसित भारत 2047 की दिशा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल ने एनसीटीई के चैयरमेन प्रो. पंकज अरोड़ा, एचएसएचईसी के चैयरमेन प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनसीटीई की सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा ने दीप प्रज्वलित किया व एनसीटीई के ध्येय गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




श्री बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की आत्मा होती है। यदि हम 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक नेतृत्व वाला भारत बनाना चाहते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी।

आज गीता स्थली कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरती से शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात कर रहे हैं, जो विकसित भारत 2047 के सपने की ओर एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं होता, वह चरित्र निर्माण का शिल्पकार भी होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में तैयार की गई नई शिक्षा नीति–2020 इसी दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इस नीति का उद्देश्य शिक्षा को समावेशी, बहु–विषयी, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षकों से अपील है कि शिक्षक एक 'डिजिटल ज्ञान बैंक' बनकर विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचारों से जोड़े और विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को पूर्ण करने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देश और समाज के भविष्य का निर्माण करने के लिए एक अच्छे शिक्षक की जरूरत है। एक अच्छे शिक्षक को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन अहम् भूमिका अदा करेगा।

## 'वॉक फॉर ड्रग फ्री चंडीगढ़' अभियान पर बनाई योजना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आज अमित कुमार, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़ की अध्यक्षता में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन, एफओ एसडब्ल्यूएसी, क्राफेड, डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 3 मई, 2025 को होने वाले आगामी राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'वॉक फॉर ड्रग फ्री चंडीगढ़' पर चर्चा और योजना बनाई गई।

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के नेतृत्व में चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाना और विशेष रूप से युवाओं के बीच सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना, स्वैच्छिकता को मजबूत करना और समाज में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई को बढ़ावा देना है। बैठक के दौरान, कमिश्नर अमित कुमार ने सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम के लिए आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए से अपने स्तर पर अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करें अधिकारी : धामी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों की बैठक लेते हुए अध्यस्त पाकिस्तानी नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनको तत्काल प्रभाव से वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में चल रहे सत्यापन अभियान में भी तेजी लाने के साथ ही किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों के चिन्हीकरण में भी तेजी लाते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को देखते हुए अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पुख्ता बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसे तुरंत हिरासत में लिया जाए। साथ ही, इस संबंध में आम जनता को भी जागरूक किया जाए।

संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाए जिससे आम लोग सम्बन्धित नंबर पर जानकारी साझा कर सकें।

बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, श्री आर मीनाक्षी सुंदरम, डीजीपी दीपम सेठ, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिदेशक एपी अंशुमन, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में स्वच्छता चालान अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर की स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाते हुए, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने आज चंडीगढ़ में व्यापक स्वच्छता चालान अभियान की शुरुआत की। उनके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में, नगर निगम चंडीगढ़ की समर्पित टीमें स्वच्छता मानदंडों के उल्लंघन की पहचान करने और दंडित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और आवासीय क्षेत्रों की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल का उद्देश्य निवासियों और व्यवसाय मालिकों के बीच नागरिक जिम्मेदारी की एक मजबूत भावना पैदा करना है, उनसे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय रूप से योगदान करने का आग्रह किया। आज के अभियान के हिस्से के रूप में, 43 चालान जारी किए गए, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्रों में कचरा फेंकते हुए पकड़े गए 14 व्यक्तियों पर मौके पर ही जुर्माना लगाया गया।

### सेंट कबीर स्कूल से गोल्फ कोर्स लाइट प्वाइंट तक सड़क बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम जनता को सूचित किया जाता है कि टीटी (टर्शियरी ट्रीटेड) वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क काटी जा रही है। सेंट कबीर पब्लिक स्कूल, सेक्टर 26, चंडीगढ़ से गोल्फ कोर्स लाइट प्वाइंट की ओर जाने वाली एकतरफा सड़क 30 अप्रैल, 2025 (सुबह 10:00 बजे) से 7 मई, 2025 (रात 10:00 बजे) तक बंद रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम, चंडीगढ़ के साथ धैर्य रखें।

### 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर किया संवाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर 33 स्थित एक कार्यक्रम में आज 'वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर महिलाओं के नेतृत्व में संवाद का आयोजन किया गया। इस विचारोत्तेजक सत्र में विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों से आई महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य एक साथ चुनावों के संभावित प्रभाव और उसके राष्ट्रीय महत्व पर चर्चा करना था। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया चेतन मित्तल और हरियाणा के पूर्व डीजीपी गुरजोत सिंह मल्ही मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। चेतन मित्तल ने वन नेशन वन इलेक्शन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके लाभ और आज के दौर में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यह कोई आकस्मिक एजेंडा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय एजेंडा है।

# 800 से अधिक डॉक्टरों ने मोटापा डायबिटीज और तनाव पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




भारत भर से 800 से अधिक डॉक्टरों ने चंडीगढ़ में सवीट डायबिटीज फाउंडेशन (एक नॉन–प्रॉफिट फाउंडेशन) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन ईपीआईसी 2025 में भाग लिया, जिसका मुख्य विषय 'मोटापा, डायबिटीज और तनाव' था।

सेवानिवृत्त जनरल वीपी मलिक, पूर्व सेना प्रमुख, जो सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे, ने सैन्य और नागरिक दोनों डॉक्टरों की उनकी निष्ठा, साहस और दबाव में सेवा के लिए सराहना की। 'डॉक्टर हर युद्ध के गुमनाम नायक होते हैं, उनका साहस उन लोगों के बराबर होता है जो मोर्चे पर लड़ते हैं। आयोजन सचिव डॉ. सचिन मित्तल ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और डायबिटीज और मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. निखिल ने युवाओं में डायबिटीज के बेहतर प्रबंधन पर चर्चा की।

## हाउस मीटिंग में वित्तीय स्थिति पर हो चर्चा : बंटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की आगामी जनरल हाउस मीटिंग इस बार एक अलग अंदाज में होने वाली है। नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने निगम कमिश्नर को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर मांग की है कि इस बार की बैठक में नए एजेंडे पारित करने की बजाय निगम की गंभीर होती वित्तीय स्थिति पर प्राथमिकता से चर्चा की जाए। जसबीर बंटी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि विगत कई हाउस मीटिंग्स में करोड़ों रुपए के प्रस्तावों को पारित किया गया था, लेकिन निगम की मौजूदा वित्तीय हालत के चलते उन प्रस्तावों पर आज तक टेंडर तक नहीं लगाए जा सके हैं। इस बार भी बैठक में करोड़ों के एजेंडे पारित कर दिए जाते हैं, तो वे भी व्यर्थ सिद्ध होंगे क्योंकि नगर निगम के पास उन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं है।



# ऑर्थो कैंप में 200 मरीजों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, करनाल**




सोमवार को पार्क अस्पताल, करनाल द्वारा आयोजित निशुल्क ऑर्थो कैंप में 200 से अधिक मरीजों की जांच की गई। पार्क अस्पताल में आर्थोपेडिक व रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. भानु प्रताप सिंह सलूजा, कंसल्टेंट ऑर्थोपेडिक्स डॉ. अनिल कपूर वशिष्ठ और डॉ. अमन गर्ग की एक टीम ने मरीजों को मुफ्त ऑर्थो और फिजियोथेरेपी परामर्श दिया। एक्स–रे और अन्य ऑर्थो से संबंधित जांच पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी गई।

इस अवसर पर डॉ. भानु प्रताप ने बताया कि पार्क मई के अंत तक मरीजों को मुफ्त रोबोटिक तकनीक उपलब्ध करा रहा है। इस पहल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को उन्नत स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि अब हम 3डी ऑगमेंटेड रियलिटी एआर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित रोबोटिक घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी कर रहे हैं, जिसमें केवल 12–15 मिनट लगते हैं। इसमें रक्त चढ़ाने, और टांके लगाने की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने बताया कि सर्जरी 3.5–4 इंच के छोटे–छोटे कट से की जाती है और सर्जरी के बाद मरीज 4 घंटे तक चल सकता है।

### बुलंदशहर में मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**बुलंदशहर (उप्र)।** बुलंदशहर जिले में खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर हुई। सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उतरे डिब्बों को पटरी पर लाने के लिए प्रयास शुरू किए गए। मालगाड़ी पिछले दो दिन से टूंडला में खड़ी थी। रविवार को टूंडला से रवाना होकर खुर्जा जंक्शन पहुंची। पटरी से उतरने के कारणों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री वय वंदना योजना शुरू

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की शुरुआत करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सोमवार को राजधानी के वरिष्ठ नागरिकों को कार्ड वितरित किए। इस योजना के तहत सबसे पहला कार्ड राम सिंह नेगी, दूसरा वेद सिंह और तीसरा राजेंद्र कुमार समेत कई लोगों को दिया गया। कार्ड वितरण का प्रमुख समारोह दिल्ली के त्याग राज स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, दिल्ली के सभी भाजपा सांसद, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह और उपमहापौर जय भगवान यादव मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### ईरान विस्फोट: मरने वालों की संख्या 40 पहुंची

**तेहरान।** ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या 40 पहुंच गई है, जबकि 1200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शहीद राजाई पोर्ट के सिन कंटेनर यार्ड में हुआ था। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फैसिलिटी भी है। जांच में पता चला था कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से जरूरी इक्विपमेंट नहीं मिल पाते हैं, इस वजह से यहां पर अक्सर इंडस्ट्रियल दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह बंदरगाह ईरान की राजधानी तेहरान से 1000 किलोमीटर दूर है। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु में 30 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

**चेन्नई।** दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के मंगाडू और कुन्दराथुर इलाकों में अवैध रूप से रहने के आरोप में 30 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन लोगों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी कर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी को फिलहाल कोलप्पक्कम के एक सामुदायिक कल्याण केंद्र में रखा गया है। पुलिस जांच कर रही है कि ये बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में कैसे दाखिल हुए और इतने लंबे समय तक तमिलनाडु में कैसे रह रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है आतंकवाद : उमर

**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**–कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करेगी, क्योंकि आतंक को केवल जनता के सहयोग से ही हराया जा सकता है।



अब्दुल्ला ने आगाह किया कि सरकार को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए, जिससे जनता अलग–थलग पड़ जाए। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में प्रस्ताव पर हुई चर्चा को समाप्त करते हुए कहा कि आतंकवाद या उग्रवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकवाद के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए, अगर हम उचित कदम उठाते हैं तो यह आतंक के खात्मे की शुरुआत है। इस मौके पर जेएंडके के लिए राज्य का दर्जा नहीं मांगूंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके पर राज्य का दर्जा मांगा तो लानत होगी। पहलगाम अटैक के पीड़ितों से माफी मांगने के लिए शब्द नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह मौका आतंकवाद के खात्मे की शुरुआत है। पूरा मुल्क इस हमले की चपेट में आया है। उन्होंने कहा कि बंदूक से आतंक खत्म नहीं हो सकते हैं, कुछ समय के लिए रोक लगा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**बोले- पीड़ित परिवारों से माफी मांगने के लिए शब्द नहीं**

## गाजा में इसराइली हमला 27 फिलिस्तीनी मारे गए

**दीर अल–बला।** गाजा पट्टी पर सोमवार रात को किए गए इसराइली हमलों में कम से कम 27 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम समाप्त करने के बाद से इसराइल ने गाजा पर हर दिन हमले किए हैं। मार्च की शुरुआत से ही इस क्षेत्र के 20 लाख फिलिस्तीनियों को भोजन और दवा सहित सभी आयातित सामग्री से वंचित कर दिया है। इसराइल का कहना है कि यह बंधकों को रिहा करने के लिए उग्रवादी समूह पर दबाव बनाने का प्रयास है। हर दिन हो रही बमबारी और व्यापक भूखमरी गाजा के लोगों पर भारी असर डाल रही है और इससे प्रभावित होने वालों में गर्भवती महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# यमन में अमेरिकी हवाई हमले में 68 की मौत, 47 घायल

**एजेंसी, दुबई**



यमन के हूती विद्रोहियों ने प्रवासी अफ्रीकी कैदियों वाली जेल पर कथित अमेरिकी हवाई हमले में 68 लोगों की मौत होने का दावा किया है। इससे पहले उन्होंने इन हमलों में कम से कम 30 लोगों की मौत होने का दावा किया था, लेकिन मृतक संख्या को बाद में बढ़ा दिया गया।

विद्रोहियों के नागरिक सुरक्षा संगठन ने बताया कि हमले में 47 अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस जगह पर करीब 115 कैदी बंद थे। अमेरिकी सेना ने हूती विद्रोहियों के इस आरोप के बारे में पूछे गए सवालों का तत्काल जवाब नहीं दिया कि सादा प्रांत में हमला उन्होंने ही किया था। हूती विद्रोहियों के 'अल–मसीरा' उपग्रह समाचार चैनल की ओर से प्रसारित ग्राफिक फुटेज में कथित रूप से मृतकों के शवों और घायलों को पड़े दिखाया गया। (अनंत ज्ञान)

# इंफाल में दो उग्रवादी गिरफ्तार

## तलाशी अभियान के दौरान छह आईईडी बरामद

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के इंफाल पूर्वी जिले से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोयान) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शगोलशेम लेम्बा मेइती और शगोलशेम रोमेन मेइती अपनी पार्टी के लिए धन जुटाने में लगे थे। मणिपुर में 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सुरक्षा बल तलाशी अभियान चला रहे हैं। मई 2023 से राज्य में मेइती और कुकी–जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**मणिपुर** में सुरक्षाबलों की ओर से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि तेंग्नौपाल जिले के मोरेह पुलिस थाना क्षेत्र के तहत मोरेह सब-डिवीजन के टी मिनो इलाके से छह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए। बम निरोधक दस्ते ने सभी आईईडी को सुरक्षित रूप से डिफ्यूज कर दिया।

# सोमनाथ मंदिर के पास विध्वंस मामला : सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा–दीवार 5–6 फुट ऊंची हो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को गुजरात सरकार से कहा कि गिर स्थित सोमनाथ मंदिर के पास एक विध्वंस स्थल पर अतिक्रमण रोकने के लिए बनाई जा रही दीवार पांच से छह फुट ऊंची होनी चाहिए। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ये टिप्पणियां कीं। राज्य सरकार ने पीठ को सूचित किया था कि वह अतिक्रमण रोकने के लिए एक दीवार बनवा रही है। परिसर की दीवार की ऊंचाई पर याचिकाकर्ता के दावे का विरोध करते हुए गुजरात का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधिकारी हमेशा परिसर की दीवार बनाकर सरकारी भूमि की रक्षा कर सकते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि 12 फुट की दीवार मत बनवाइए, अगर आप अतिक्रमण रोकना चाहते हैं तो पांच से छह फुट काफी है। मेहता ने कहा कि 12 फुट की दीवार बनाने का दावा याचिकाकर्ता के वकील का मौखिक कथन मात्र है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप बोले–पुतिन व जेलेंस्की 2 सप्ताह में करें शांति समझौता

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की दो सप्ताह के भीतर शांति समझौता करें।

उन्होंने बाद में कहा कि समझौते के लिए थोड़ा और समय स्वीकार्य हो सकता है। ट्रंप ने इससे पहले 26 अप्रैल को वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के अवसर पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रंप ने वाशिंगटन लौटने से पहले न्यू जर्सी के मॉरिसटाउन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से बातचीत में यह इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की के साथ उनकी मुलाकात अच्छी रही। अब देखना यह है कि अगले कुछ दिनों में क्या होता है। उन्होंने कहा कि वह इस बात से बेहद निराश हैं कि रूस ने यूक्रेन में मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हैं। यह तब है, जब उन्होंने पुतिन से बातचीत जारी रहने के दौरान हमलों को रोकने का अनुरोध किया था।

ट्रंप से पूछा कि जेलेंस्की ने किस बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की ने और हथियारों की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुतिन को गोलीबारी बंद कर समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## यूपी में मिट्टी का टीला ढहने से पांच की मौत

**कौशांबी (उप्र)।** यूपी के कोखराज थाना क्षेत्र में सोमवार को एक मकान की लिपाई–पुताई के लिए मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी का टीला ढह गया जिसमें दबकर दो किशोरियों सहित पांच महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोखराज थानाध्यक्ष चंद्रभूषण मौर्य ने बताया कि सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के टीकरडीह गांव की कुछ महिलाएं घर की लिपाई–पुताई के लिए मिट्टी खोदने गांव के बाहर एक टीले पर गई थी। उन्होंने बताया कि मिट्टी खोदते समय अचानक टीले का बड़ा हिस्सा ढह गया और वहां मौजूद सभी लोग उसमें दब गए। मौर्य ने बताया कि घायलों को इलाज चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

# केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया, 2 मई से खुलेंगे कपाट



**एजेंसी, देहरादून**

**चारधाम** यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल को हो जाएगी। 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

इसकी तैयारी शुरू हो गई है। केदारनाथ धाम को फूलों से सजाया जा रहा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'एक्स' पर सजावट का वीडियो शेयर किया है। केदारनाथ मंदिर के कपाट 2 मई को खुलेंगे, लेकिन भगवान की पंचमुखी डोली यात्रा सोमवार से शुरू हो गई। डोली यात्रा की शुरुआत उखीमठ में ओंकारेश्वर मंदिर से हुई। 1 मई को यात्रा गौरीकुंड से जंगलछत्ती, भीमबाली, रामबाड़ा और रुद्र प्वॉइंट से होकर केदारनाथ धाम पहुंचेगी। 2 मई की सुबह 7 बजे केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 30 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1,005 अंक चढ़कर 80,218 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में सोमवार को तेजी रही। सेंसेक्स 1,005 अंक (1.27 फीसदी) की तेजी के साथ 80,218 के स्तर पर बंद हुआ। यह इसका 4 महीने का हाई लेवल है। निफ्टी में भी 289 अंक (1.20 फीसदी) की तेजी रही, ये 24,328 पर बंद हुआ। आज बैंकिंग, मेटल और फार्मा शेयर्स में तेजी रही।



वहीं, एफएमसीजी और आईटी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 शेयर बढ़कर और 11 शेयर गिरकर बंद हुए। जापान का निक्केई 134.25 अंक (0.38 फीसदी) ऊपर 35,839 पर और कोरिया का कोस्पी 2.56 अंक (0.10 फीसदी) की तेजी के साथ 2,548 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट 6.65 अंक (0.20 फीसदी) गिरकर 3,288 पर और हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 8.78 अंक (0.040 फीसदी) गिरकर 21,971 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड



ऑरेंज कैप
**विराट कोहली**
443



पर्पल कैप
**जोश हेजलवुड**
18



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 14 |
| 2. | गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 3. | मुंबई | 10 | 06 | 04 | 12 |
| 4. | दिल्ली | 09 | 06 | 03 | 12 |
| 5. | पंजाब | 09 | 05 | 03 | 11 |
| 6. | लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 09 | 03 | 05 | 07 |
| 8. | हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 06 |
| 9. | राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 09 | 02 | 07 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### अदिति शेवरॉन चैंपियनशिप में संयुक्त 62वें स्थान पर रही



**एजेंसी, द वुडलैंड्स (टेक्सास)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां शेवरॉन चैंपियनशिप के चौथे दौर में पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 62वें स्थान पर रहीं। अदिति ने इस दौरान 72-74-77-72 के कार्ड के साथ कुल सात ओवर 295 का स्कोर बनाया। उन्होंने आखिरी दौर में दो बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगायी। उन्होंने दूसरे और सातवें होल में बोगी किया लेकिन तीसरे और 12वें होल में बर्डी के बूते पार कार्ड खेला। जापान की माओ सैगो ने प्लेऑफ में कोरिया की ह्यो जू किम, चीन की रुओनिंग यिन और अमेरिका की लिंडी डंकन को पछाड़ कर खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### शर्मिला निकोलेट का खूबसूरत अंदाज

**शर्मिला** निकोलेट भारत की एक इंडो-फ्रेंच प्रोफेशनल गोल्फर हैं जो यूरोपीय टूर के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं।



### अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आगाज आज से चंडीगढ़ में

**एजेंसी, चंडीगढ़।** वायुसेना मार्शल अर्जन सिंह स्मारक हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन यहां 29 अप्रैल से छह मई तक होगा जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। 'एयर मार्शल' एस शिवकुमार ने सोमवार को बताया कि बांग्लादेश की वायु सेना हॉकी टीम टूर्नामेंट में भाग लेने वाली 12 टीमों में से एक होगी। इसमें भाग लेने वाली अन्य टीमों में भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ एकादश, पंजाब एवं सिंध बैंक, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सेना एकादश, भारतीय नौसेना, भारतीय रेलवे और रेल कोच फैक्ट्री शामिल हैं। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता टीम को 2 लाख रुपए मिलेंगे। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को 10,000 रुपए तथा टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 25,000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मैच यहां वायु सेना के 3 बेस रिपेयर डिपो स्थित रायबीर सिंह भोला हॉकी मैदान पर लीग और नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। महान दिवंगत वायु सेना मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में वायु सेना खेल नियंत्रण बोर्ड वर्ष 2018 से 3 बीआरडी, वायु सेना स्टेशन चंडीगढ़ में इस प्रतिष्ठित हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर, दिल्ली को क्षेत्ररक्षण में करना होगा सुधार

# दिल्ली और कोलकाता में मुकाबला आज



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डु प्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा।

लोकेश राहुल मौजूदा सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं लेकिन रविवार को स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे। वह सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर हैं जो मेजबान टीम को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा से प्रभावित मैच में जूझने के बाद नाइट राइडर्स का आत्मविश्वास थोड़ा कम होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिससे कि मध्य क्रम में सारा बोझ राहुल पर नहीं आए।

गेंदबाजी विभाग में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने पिछले मैच में दो विकेट चटकाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ विकेट चटकाने में नाकाम रहे स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपनी पूर्व टीम केकेआर की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे जबकि बीच के ओवरों में कुलदीप यादव ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पोरेल ने क्रुणाल पंड्या का महत्वपूर्ण विकेट गंवाया। केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है।

टीम अपने पिछले तीन मैच में जीत दर्ज करने में नाकाम रही है जिसमें दो में उन्हें हार मिली और एक मैच बेनतीजा रहा। केकेआर को प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए यह मुकाबला जीतना होगा क्योंकि दिल्ली के बाद हार से उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की राह काफी मुश्किल हो जाएगी। टीम को विभिन्न विभागों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पारी का आगाज करने का मौका नारायण के साथ क्विंटन डिकॉक और रहमानुल्लाह गुरबाज को मिला है। टीम रन बनाने के लिए रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी पर काफी अधिक निर्भर है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिज्वी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जाधव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पावेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोईन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

## शुभमन गिल ने खेली कसानी पारी, गुजरात बड़े स्कोर की ओर



**एजेंसी जयपुर**

आईपीएल का 47वां मैच सोमवार को राजस्थान रॉयल्स (आर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी, लेकिन राजस्थान के लिए यह फैसला फायदेमंद साबित नहीं हुआ। ओपनिंग के लिए आए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला।

गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के 6 ओवरों में कोई विकेट नहीं गंवाया। टीम ने इस दौरान 53 रन बना लिए। साई सुदर्शन को पारी के दूसरे ओवर में जीवनदान मिला, जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। साई ने 30 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें चार चौके और एक छक्का भी शामिल था। उन्हें महीश तीक्षणा ने आउट किया। वहीं दूसरे छोर कप्तान शुभमन गिल मजबूती से डटे रहे। साई के बाद जोस बटलर गिल का साथ निभाने आए।

कप्तान शुभमन गिल इस मैच काफी रंग में दिखे और उन्होंने राजस्थान के सभी गेंदबाजों की जमकर धुलाई की। समाचार लिखे जाने तक गुजरात ने 14 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 125 रन बना लिए थे। बटलर सात रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि कप्तान गिल 45 गेंदों में 77 रन बना चुके थे। वे अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे थे।

## भारत एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप डी की करेगा मेजबानी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को सोमवार को कुआलालंपुर में निकाले गए ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के ग्रुप डी में म्यांमार, इंडोनेशिया और तुर्कमेनिस्तान के साथ रखा गया। म्यांमार छह से 10 अगस्त के बीच एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप डी की मेजबानी करेगा।

कुल 33 टीम को आठ समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में पांच टीम हैं जबकि बाकी सात में चार-चार टीम को जगह मिली है। ग्रुप विजेता और तीन सर्वश्रेष्ठ उपविजेता के साथ अंतिम दौर का मेजबान थाईलैंड एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के 12वें टूर्नामेंट की 12 टीम की सूची को पूरा करेंगे। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप से शीर्ष चार टीम 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2024 तक आठ टीम का टूर्नामेंट था जिसे 2026 से 12 टीम की प्रतियोगिता कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## भविष्य के लिए खुद को साबित करना जरूरी : शेन बॉन्ड



**एजेंसी, जयपुर**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में राजस्थान रॉयल्स की हालत बेहद नाजुक हो गई है। नौ में से केवल दो मैच जीतकर टीम अंकतालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर है। हालांकि अब भी गणितीय तौर पर प्लेऑफ की उम्मीद बची है, लेकिन गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने माना कि इस सीजन में टीम के लिए आगे का रास्ता मुश्किल नजर आ रहा है। बावजूद इसके उन्होंने भरोसा दिलाया कि बचे हुए पांच लीग मैचों में टीम और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने हाल के कुछ मुकाबले बेहद करीबी अंतर से गंवाए हैं। शेन बॉन्ड ने कहा, 'सबसे कठिन बात यह है कि हम लगभग 35 ओवरों तक मैच पर नियंत्रण में रहे, लेकिन आखिरी पलों में विपक्षी टीमें हमसे बेहतर साबित हुईं। अगर आप अंकतालिका देखें तो हम सोचते हैं कि हम कहां हो सकते थे, लेकिन अब कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे कहा, 'शायद अब हम टूर्नामेंट से बाहर हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ दांव पर है। टीम के लिए सीजन को मजबूती से खत्म करना और व्यक्तिगत तौर पर भविष्य के लिए खुद को साबित करना जरूरी है।'

इस सीजन में राजस्थान को मुश्किलें कई मोर्चों पर रही हैं। कप्तान संजू सैमसन चोट के कारण ज्यादातर समय टीम से बाहर रहे, जिसकी वजह से 22 वर्षीय रियान पराग को कप्तानी संभालनी पड़ी और 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को ओपनिंग करनी पड़ी। हालांकि वैभव ने अपने हुनर की झलक दिखाई, लेकिन बाकी बल्लेबाजों की असंगत प्रदर्शन ने टीम को नुकसान पहुंचाया। राजस्थान अब तक पांच बार लक्ष्य का पीछा करते हुए हार चुका है। पावरप्ले में सबसे तेज रन बनाने के बावजूद, टीम मिडिल और डेथ ओवर्स में रन गति बनाने में असफल रही है। (अनंत ज्ञान)

## भारत को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण पदक



**एजेंसी, काठमांडू**

भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया।

भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्दी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्विका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। (अनंत ज्ञान)

## भारत के 21 मुक्केबाज स्वर्ण पदक के लिए करेंगे मुकाबला

**एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)।** भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिये हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया।



खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्षिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है। (अनंत ज्ञान)

## टी20 टीम में राहुल को विकेटकीपिंग के साथ चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करनी चाहिए : पीटरसन



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर (मार्गदर्शक) केविन पीटरसन का मानना है कि लोकेश राहुल अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में राहुल की बल्लेबाजी को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठते रहे हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। राहुल ने इस दौरान अपने खेल में थोड़ा बदलाव करते हुए बेहतर स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

राष्ट्रीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज के स्थान के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इसमें चयनकर्ताओं के पास राहुल के अलावा ऋषभ पंत, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और ईशान किशन जैसे मजबूत विकल्प हैं। राहुल 2022 विश्व कप के बाद से भारत की टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन पीटरसन का मानना है कि उन्होंने शानदार बल्लेबाजी से अपनी वापसी का मंच तैयार किया है। वह विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त हैं। पीटरसन ने कहा, ''मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए केएल (राहुल) को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करवाऊंगा। मुझे लगता है कि आपके पास बहुत सारे सलामी बल्लेबाज हैं।'' इंग्लैंड के इस पूर्व दिग्गज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को मिली शिकस्त के बाद कहा, ''राहुल जिस तरह से अब क्रिकेट खेल रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने और भारत के लिए विकेटकीपिंग करने के लिए मेरी पहली पसंद होंगे।'' राहुल ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के अलावा, वनडे क्रिकेट में भारत के लिए अपने हालिया प्रदर्शन से पीटरसन को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, ''राहुल ने पिछले साल के मध्य से लेकर आखिर तक बहुत सकारात्मक तरीके से खेला है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने बल्लेबाजी के बारे में उसके साथ बहुत सारी शानदार बातचीत की है, बहुत गंभीर और सार्थक बातचीत की है क्योंकि जब आप एक युवा खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हैं, तो आपको डिफेंस, कोहनी ऊपर उठाना, वी में खेलना सिखाया जाता है।'' (अनंत ज्ञान)

## वनडे सीरीज श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत का आगाज, भारत की कोशिश जीत की लय बनाए रखने पर

# भारतीय महिला टीम की अफ्रीका के साथ टक्कर आज



**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाए रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागों में अपना दबदबा कायम किया।

स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की अगुवाई में गेंदबाजों ने श्रीलंका को कम स्कोर पर रोक दिया, जबकि प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना और हरलीन देओल की तिकड़ी ने बल्ले से शानदार पारी खेली। टीम के क्षेत्ररक्षकों ने भी इस दौरान शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इस लय को जारी रखना चाहेगी। भारतीय महिला टीम इस प्रारूप में मार्च 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका से नहीं हारी है। भारत ने दोनों देशों की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया था। इस मैच में भी स्पिनरों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। भारतीय टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में अपने युवाओं के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखना जारी रखेगी, क्योंकि टीम इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले एक कोर ग्रुप की पहचान करना चाहती है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम नये कोच मंडला माशिम्बी की देखरेख में टूर्नामेंट में अपना आगाज यादगार तरीके से करना चाहेगी। प्रथम श्रेणी के पूर्व खिलाड़ी 44 साल के माशिम्बी को पिछले साल टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उन्हें हालांकि महिला टीम की कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अनुभवी हरफनमौला मारिजाने कैप के बिना खेलेगी। उन्हें इस श्रृंखला के लिए आराम दिया गया है। टीम को ऐसे में शानदार लय में चल रही सुने लुस, लॉरा वोलवार्ड्ट, नादिन डी क्लार्क और क्लो ट्रायोन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मसाबाता क्लास, हरफनमौला एनेरी डर्कसेन और नादिन डी क्लार्क तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। (अनंत ज्ञान)


**मैच : सुबह 10 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत:** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**दक्षिण अफ्रीका:** लॉरा वोलवार्ड्ट (कप्तान), तजमिन ब्रिट्स, सुने लुस, एनेरी डर्कसेन, लारा गुडॉल, नादिन डी क्लर्क, क्लो ट्रायोन, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), नॉनकुलुलेको म्लाबा, मसाबाता क्लास, अयाबोंगा खाका, काराबो मेसो, मियां स्मिट, नोंदुमिसो शांगासे, सेशनी नायडू।

## धर्मशाला में छाई आईपीएल मैचों की खुमारी



**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

धर्मशाला में 4, 8 और 11 मई को होने वाले आईपीएल के तीन मैचों को लेकर युवाओं का उत्साह देखने काबिल है। इन मैचों के बहाने शहर के कारोबार में वृद्धि होने की उम्मीद भी है। ऐसे में पर्यटन कारोबारियों ने हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) से वर्ल्ड कप मैचों की तरह उन्हें आईपीएल मैचों की टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है।

पर्यटन उद्यमियों का कहना है कि यदि एचपीसीए इस तरह की व्यवस्था करती है तो उन्हें पर्यटकों को धर्मशाला भ्रमण के साथ आईपीएल का रोमांच दिखाने का मौक मिलेगा और पर्यटकों व क्रिकेट प्रेमियों को होटल कमरों व आईपीएल मैच टिकटों के लिए यहां-वहां भटकने से निजात मिलेगी। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि वर्ल्ड कप के मैचों के दौरान एचपीसीए के सहयोग से मैचों की

### होटलियर्स बोले-हमें भी मिले टिकटें बेचने का मौका

टिकट बिक्री करते हुए होटलियर्स ने क्रिकेट प्रेमियों को अच्छे पैकेज दिए थे। इस आईपीएल मैचों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में बहुत ज्यादा क्रेज है। ऐसे में यदि एचपीसीए होटलियर्स को बिक्री के लिए टिकट उपलब्ध करवाती है तो होटलियर्स को भी इसका लाभ होगा। मैच का समय नजदीक आने के साथ ही होटलों में आक्यूपेंसी बढ़ने लगी है, जिसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है। मैच के दौरान अधिकतर क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला में ही ठहरते हैं। यदि उन्हें एचपीसीए का साथ मिलता है तो पर्यटन उद्यमी क्रिकेट प्रेमियों को मैक्लोडगंज के प्रति आकर्षित कर सकेंगे।